

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 91 | गुरुवार, 14 मई 2026 | ज्येष्ठ कृष्णा द्वादशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर




### सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (CBSE) के करीब 18 लाख इंटरमीडिएट छात्रों का इंतजार खत्म हुआ। बोर्ड ने बुधवार को 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। छात्र-छात्राएं बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं। परिणाम घोषित होने के साथ ही सबकी निगाहें टॉपर्स हैं।CBSE बोर्ड की परीक्षा 17 फरवरी से 18 अप्रैल के बीच हुई थीं। परीक्षा के एक महीने के बाद से विद्यार्थी रिजल्ट की प्रतीक्षा में थे। छात्रों के बीच रिजल्ट को लेकर दिलचस्पी का आलम इस बार इसलिए भी कुछ खास था, क्योंकि बोर्ड में पहली बार डिजिटल प्रक्रिया के तहत कॉपियां चेक हुई हैं।


परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालयों में जश्न की बहार नजर आने लगी है और छात्रों के साथ मिलकर स्कूल सफलता की खुशियां मना रहे हैं।

### विधायक विजय मिश्रा को आजीवन कारावास

**प्रयागराज।** प्रयागराज की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 46 साल पुराने एक हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश के भदोही के ज्ञानपुर से पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा समेत चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार-तृतीय ने सभी आरोपियों को आईपीसी की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा दी है। इसके अतिरिक्त, धारा 307 के तहत सभी को 10 साल की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया गया है। मंगलवार को दोषी करार दिए जाने के बाद बुधवार को अदालत ने सजा का औपचारिक एलान किया। यह पूरा मामला 11 फरवरी 1980 का है। उस दिन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र प्रकाश नारायण पांडेय अपने खिलाफ दर्ज एक मुकदमे में जमानत के सिलसिले में जिला कचहरी पहुंचे थे।

## राहुल-प्रियंका को धमकी, वायनाड को बना देंगे अमेठी

**नई दिल्ली।** केरलम में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हफ्ताभर से ज्यादा हो गया है लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा? इसकी तस्वीर अब तक साफ नहीं हो पाई है। केरलम में मुख्यमंत्री पद को लेकर तीन दावेदार हैं और तीनों के साथ कांग्रेस हाईकमान बैठक कर रहा है लेकिन एक नाम को लेकर अब तक एक राय नहीं बन सकी है। इस बीच वायनाड में कुछ पोस्टर लगे हैं, जिसमें सीधे तौर पर राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी को धमकी दी गई है। इसमें धमकी देते हुए लिखा है कि अगर केसी वेणुगोपाल को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो वायनाड को अगला




अमेठी बना देंगे।

हैरान करने वाली बात ये है कि ये पोस्टर कहीं और नहीं, बल्कि जिला कांग्रेस के दफ्तर में लगाए गए हैं। इनमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को सीधी-सीधी धमकी दी गई है।

इनमें से एक पोस्टर में लिखा है- 'वायनाड अगला अमेठी होगा'। कुछ पोस्टरों में 'राहुल और प्रियंका वायनाड को भूल गए हैं. आप यहां से दोबारा नहीं जीतेंगे' और 'राहुल जी, केसी शायद आपका बैग उठाते होंगे लेकिन केरल के लोग आपको कभी माफ नहीं करेंगे' लिखा है। एक पोस्टर में तो सीधे-सीधे ये लिखा है- 'RG और PG, ये चेतावनी नहीं है। केरल आपको इस भयानक भूल के लिए कभी माफ नहीं करेगा। केरलम में 4 मई को चुनाव नतीजे आए थे। इसमें कांग्रेस की अगुवाई वाले यूडीएफ ने 140 में से 102 सीटें जीती थीं। लेकिन अब तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर फैसला नहीं हो पाया है। सत्ता के लिए केरलम कांग्रेस के तीन नेताओं के बीच खींचतान चल रही है। इनमें केसी वेणुगोपाल, वीडी सतीशन और रमेश चेन्नीथला हैं।

## 'मोदी जैसा नेता दुनिया में नहीं': पीएम के मुरीद हुए नॉर्वे के पूर्व मंत्री

**ओस्लो (नॉर्वे)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी नॉर्वे दौरे से पहले नॉर्वे के पूर्व पर्यावरण मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के पूर्व प्रमुख एरिक सोलहेम ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। सोलहेम ने पीएम मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता बताते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के नेताओं को उनकी 'ग्रीन ग्रोथ' नीति से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।

नॉर्वे के प्रतिष्ठित अखबार डेगेंस नेरिंग्सलिव में प्रकाशित अपने लेख में एरिक सोलहेम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का



### एरिक ने पीएम मोदी की जमकर की तारीफ

सोलहेम ने लिखा कि किसी भी बड़े देश में ऐसा कोई नेता नहीं है जिसे अपने देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जितना समर्थन और प्यार मिलता हो। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की लोकप्रियता 70 प्रतिशत के करीब है, जो उन्हें दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल करती है। उन्होंने पीएम मोदी के साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने के सफर को भी असाधारण बताया। सोलहेम ने लिखा कि मोदी ने अपने जीवन और राजनीतिक करियर को अपनी मेहनत और नेतृत्व क्षमता के दम पर बनाया।

पर्यावरण और विकास को साथ लेकर चलने वाला मॉडल पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों से अपील की कि वे पीएम मोदी के विचारों को गंभीरता से सुनें। एरिक सोलहेम ने भारत की तेज आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जो चीन सहित कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर है। उन्होंने कहा कि अगर इसी गति से विकास जारी रहा तो वर्ष 2050 तक भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। सोलहेम ने मोदी सरकार के दौरान देश में हुए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को भी उल्लेखनीय बताया। पूर्व UNEP प्रमुख ने पीएम मोदी को ग्रीन ग्रोथ का गारंटर बताते हुए भारत की सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं की तारीफ की।

# मिडिल ईस्ट तनाव के बीच ईरान ने यूएस-इजरायल को दी खुली धमकी

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने अमेरिका और इजरायल को कड़ी चेतावनी दी है। तेहरान ने साफ किया है कि अगर उस पर दोबारा हमला हुआ तो वह यूरेनियम को 90% तक यानी हथियार-ग्रेड स्तर तक समृद्ध करने का फैसला ले सकता है।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि किसी नए हमले की स्थिति में 90% तक यूरेनियम संवर्धन ईरान के विकल्पों में शामिल है। उन्होंने बताया कि इस पर संसद में विचार किया जा सकता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच बातचीत फिलहाल ठप पड़ी है। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर कड़ा रुख अपनाया हुआ है। उन्होंने कहा




है कि अमेरिका किसी भी स्थिति में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। ट्रंप ने ईरान के समृद्ध यूरेनियम को 'न्यूक्लियर डस्ट' बताते हुए कहा कि अमेरिका लगातार इसकी निगरानी कर रहा है और किसी भी खतरे का जवाब दिया जाएगा. साथ ही, उन्होंने मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच सीजफायर को भी 'नाजुक स्थिति' में बताया है।

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी IAEA के अनुसार, ईरान के पास 440.9 किलोग्राम यूरेनियम 60% तक समृद्ध है। यह स्तर 90% हथियार-ग्रेड के बेहद करीब माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले वर्षों में ईरान ने कुल मिलाकर करीब 11,000 किलोग्राम (22,000 पाउंड) जमा किया है.

परमाणु विशेषज्ञों के मुताबिक 0% से 20% तक पहुंचना सबसे कठिन होता है. 20% के बाद संवर्धन तेजी से बढ़ाया जा सकता है. 60% से 90% तक पहुंचना तकनीकी रूप से छोटा लेकिन अहम कदम है। यही वजह है कि 60% यूरेनियम को हथियार निर्माण के बेहद करीब माना जाता है।

पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी पहले ही कह चुके हैं कि जरूरत पड़ने पर ईरान 90% तक संवर्धन कर सकता है, हालांकि उन्होंने 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने की इच्छा भी जताई थी।

IAEA के अनुसार ईरान का ज्यादातर समृद्ध यूरेनियम इस्फहान न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स में हो सकता है। इस साइट पर पिछले साल और हालिया हमलों में नुकसान हुआ। IAEA प्रमुख राफेल ग्रोसी ने कहा कि एजेंसी अभी इस स्टॉकपाइल की स्वतंत्र पुष्टि नहीं कर पाई है, लेकिन उपलब्ध सैटेलाइट डेटा के आधार पर यही उसका 'बेस्ट अनुमान' है। गौरतलब है कि ईरान की 90% यूरेनियम संवर्धन की चेतावनी ने मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ा दिया है। अगर हालात नहीं सुधरे, तो यह परमाणु संकट एक बड़े वैश्विक टकराव में बदल सकता है।

## होर्मुज बंद होने से खाड़ी देशों से 100 करोड़ बैरल सप्लाई ब्लॉक, आसमान छुएंगे पेट्रोल-डीजल के दाम?

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में पिछले 74 दिनों से जारी युद्ध और गतिरोध का असर अंतर्राष्ट्रीय तेल बाजार पर गहराता जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के इंडस्ट्री और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी मंत्री Dr. Sultan Al Jaber के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच टकराव की वजह से पिछले 74 दिनों के दौरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिये कार्गो जहाजों की आवाजाही बाधित होने की वजह से 100 करोड़ बैरल कच्चे तेल की सप्लाई ब्लॉक हुई है.

सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर जारी एक बयान में UAE के इंडस्ट्री मंत्री Dr. Sultan Al Jaber ने मंगलवार को यह चौंकाने वाले आंकड़े जारी करते हुए कहा, "होर्मुज़ के बंद होने के कारण दुनिया में पहले से ही 1 बिलियन बैरल की कमी है। 1 अरब बैरल। यही है जबरन वसूली का गणित. हर दिन जलडमरूमध्य को बंधक बना लिया जाता है, लागत बढ़ जाती है। परिवारों, खेतों, दुनिया भर में कारखाने और अर्थव्यवस्थाएँ. नेविगेशन की स्वतंत्रता लौटाएँ। कोई शर्त नहीं। देरी नहीं।

इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात सरकार ने कहा था की



मध्य पूर्व एशिया में युद्ध के पहले 50 दिनों के दौरान लगभग 60 करोड़ बैरल कच्चे तेल की सप्लाई ब्लॉक हुई थी। UAE सरकार ने मांग की है कि अमेरिका और ईरान तत्काल प्रभाव से स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ को पूरी तरह से खोल दें। उसके मुताबिक स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ खतरे के माहौल में काम नहीं कर सकता। इसके ज़रिये जहाजों को सेफ पैसेज देने के लिए पेमेंट माँगना "protection racket" के समान है। स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ पूरी दुनिया का है। इसे दुनिया को वापस लौटाया जाना चाहिए। ठीक उसी रूप में जैसा वह पहले था।

दरअसल, मध्यपूर्व एशिया में जारी संकट के दौरान ना सिर्फ कच्चे तेल की सप्लाई बाधित हुई है, बल्कि उसकी कीमतें बढ़ी है और उसका प्रोडक्शन भी घट गया है. इसकी वजह से गल्फ देशों की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है।ग्लोबल एनर्जी मार्केट्स के लिए सामरिक तौर पर महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ बाधित होने से अंतर्राष्ट्रीय तेल और गैस मार्किट में अनिश्चितता फिर बढ़ने लगी है. मंगलवार को ब्रेंट ऑयल futures की कीमत ट्रेडिंग के दौरान करीब 108 डॉलर प्रति बैरल के कुछ ऊपर पहुंच गयी। पिछले 24 घंटे में कच्चे तेल की कीमत करीब 3.50% तक बढ़ गई है। इस रूट से दुनिभर के तेल बाज़ारों में 20% कच्चा तेल पहुँचता है, लेकिन ईरान और अमेरिका के बीच स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ को लेकर जारी टकराव की वजह से तेल और गैस की सप्लाई बुरी तरह से बाधित हो रही है. इसका सबसे ज्यादा असर भारत जैसे देशों पर पड़ रहा है जो अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा कच्चे तेल के आयात पर निर्भर हैं।

## कल होगा केरल के नए सीएम का एलान

### कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दी जानकारी; कई दौर की बैठक के बाद मंथन पूरा

नई दिल्ली। केरल में नए मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी सभी चर्चाएं और आंतरिक बैठकें पूरी कर ली हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने जानकारी दी कि इस मुद्दे पर अब अंतिम निर्णय कल घोषित किया जाएगा। जयराम रमेश ने कहा कि केरल कांग्रेस विधायक दल (CLP) के सदस्यों की मंजूरी के बाद पार्टी हाईकमान ने सभी जरूरी विचार-विमर्श पूरे कर लिए हैं।

कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा कल सार्वजनिक रूप से की जाएगी। इसके साथ ही केरल की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू



होने की संभावना है।

कांग्रेस नेतृत्व के अनुसार, केरल में मुख्यमंत्री के चयन को लेकर पार्टी के भीतर व्यापक चर्चा हुई है। अब यह निर्णय पूरी तरह अंतिम चरण में पहुंच चुका है। पार्टी का कहना है कि सभी संबंधित नेताओं से विचार-विमर्श के बाद एक नाम पर अंतिम सहमति बनाई गई है, जिसकी आधिकारिक घोषणा कल की जाएगी।

### तीन दिग्गजों में है मुख्य मुकाबला

सीएम की रेस में तीन बड़े नाम सबसे आगे चल रहे हैं। इनमें रमेश चेन्निथला, वीडी सतीशन और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल हैं। राहुल गांधी ने इन नामों पर राय जानने के लिए वीएम सुधीरण, एमएम हसन और के सुधाकरण जैसे आठ पूर्व अध्यक्षों से वन-टू-वन बात की है। मुल्लापल्ली रामचंद्रन से फोन पर चर्चा की गई।

## विजय सरकार ने हासिल किया विधानसभा में विश्वास मत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सरकार को कांग्रेस, विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) और एस.पी. वेलुमणि एवं सी.वी. षणमुगम के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक के बागी गुट का समर्थन मिला।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री विजय ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिस पर सभी दलों के विधायकों ने चर्चा में भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर ने मतों के विभाजन के बाद परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा पेश



किए गए विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 144 विधायकों ने मतदान किया, जबकि 22 विधायकों ने इसका विरोध किया। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित पांच विधायक तटस्थ रहे। मुख्य विपक्षी दल द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने मतदान से पहले ही सदन से बहिर्गमन किया। अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) से निष्कासित विधायक एस. कामराज ने भी सरकार के पक्ष में मतदान किया।

## प्रतीक यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लखनऊ।** मुलायम सिंह यादव के बेटे और अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर नए दावे सामने आए हैं। जिम पार्टनर स्वप्नेश पांडेय ने कहा है कि प्रतीक यादव देर रात अपने बेडरूम में गिर गए थे, जिससे उनके सिर में चोट लग गई थी।

स्वप्नेश पांडेय के मुताबिक, प्रतीक की तबीयत पहले से खराब थी और उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने बताया कि रात करीब 11-12 बजे प्रतीक सिविल अस्पताल भी गए थे, लेकिन बाद में घर लौट आए। घर पहुंचने के बाद उनकी हालत और बिगड़ गई, और कथित तौर पर बेडरूम में गिरने से सिर में चोट लगी।

उन्होंने कहा कि सुबह करीब



4-5 बजे उनके निधन की जानकारी मिली। वहीं, अपर्णा यादव के भाई मुकेश सिंह ने कहा कि उन्हें भी यह दुखद खबर सोशल मीडिया के जरिए मिली, क्योंकि उस समय अपर्णा यादव शहर में मौजूद नहीं थीं। उन्होंने बताया कि प्रतीक की तबीयत खराब थी और घरवाले उन्हें अस्पताल लेकर गए थे। मुकेश सिंह ने यह भी कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो पाएगी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा : कार्डिएक अरेस्ट से हुई प्रतीक की मौत

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि उनकी मौत कार्डियोरेस्पिरेटरी कोलैप्स और पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म के कारण हुई। डॉक्टरों के मुताबिक फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में खून के थक्के जमने से सांस लेने में गंभीर दिक्कत हुई और हृदय की गति रुक गई। रिपोर्ट में बताया गया कि कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। विसरा रिपोर्ट के बाद और चीजें स्पष्ट होंगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में एक और सामने आई है। जो कई सवाल खड़े कर रही है। प्रतीक की बॉडी पर छह चोट के निशान मिले हैं, इनमें तीन चोट पांच से सात पुरानी है और तीन चोट एक दिन पुरानी है।

## एयर इंडिया कीउड़ानों पर ब्रेक यात्रियों को होगी बड़ी परेशानी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने विमान ईंधन की कीमतों में तेजी और पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्रों पर जारी प्रतिबंधों के बीच अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह जून से अगस्त के दौरान चुनिंदा अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों को युक्तिसंगत बनायेगी।

उसने इसके लिए "कई कारकों के संयुक्त प्रभाव" को जिम्मेदार ठहराया है जिनमें पश्चिम एशिया संकट के कारण कुछ इलाकों में हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों का जारी रहना और विमान ईंधन के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर प्रमुख हैं। उसने कहा है कि जून से अगस्त के बीच वह हर महीने 1,200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन करेगी। इन




बदलावों का उद्देश्य नेटवर्क की स्थिरता बनाये रखना और अंतिम क्षणों में यात्रियों को होने वाली असुविधाओं से बचाना है।

एयर इंडिया का कहना है कि वह जून से अगस्त तक हर सप्ताह उत्तर अमेरिका के लिए में 33, यूरोप के लिए 47, ब्रिटेन के लिए 57, ऑस्ट्रेलिया के लिए आठ और सुदूर पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया तथा सार्क क्षेत्र के लिए 158 और मॉरिशस के लिए सात उड़ानों का परिचालन करेगी। कंपनी का कहना है कि पहले से जिन यात्रियों ने टिकट बुक करा रखे हैं उन्हें दूसरी विमानों में सीट देने में एयरलाइंस मदद करेगी।

**कार्रवाई** देश भर में तलाशी अभियान जारी, एनटीए कार्यालय भी पहुंची टीम

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किए पांच आरोपी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा कथित पेपर लीक की खबरों के बाद तीन मई को आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने के बाद फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) ने बुधवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की प्रणालीगत विफलता को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है।

नीट 2026 के कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और देश भर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। यह मामला परीक्षा की शुचिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सीबीआई ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त लिखित




शिकायत के आधार पर 12 मई 2026 को नीट परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक से संबंधित एक मामला दर्ज किया था। इस प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, विश्वासघात और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोप शामिल किए गए हैं।

एजेंसी ने अब तक इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन जयपुर से, एक गुरुग्राम से और एक नासिक से पकड़ा गया है। सीबीआई फिलहाल इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि मामले की तह तक पहुंचा जा सके और इसमें शामिल अन्य संदिग्धों का पता लगाया जा सके। देश भर में चल रहे तलाशी अभियान का उद्देश्य इस रैकेट से जुड़े और सबूत इकट्ठा करना है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि सीबीआई की एक टीम नीट पेपर लीक और अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के कार्यालय पहुंची थी।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

1. नासिक (महाराष्ट्र) से शुभम खैरनार
2. जयपुर (राजस्थान) से मांगीलाल बिवाल
3. जयपुर (राजस्थान) से विकास बिवाल
4. जयपुर (राजस्थान) से दिनेश बिवाल
5. यश यादव, गुरूग्राम (हरियाणा)

## अमूल ने देशभर में दूध की कीमतें दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाईं, नई दरें 14 मई से लागू

**नयी दिल्ली।** अमूल ने बुधवार को बढ़ती लागत के कारण पूरे भारत में दूध की कीमतें दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाने की घोषणा की। नई दरें कल यानी 14 मई से लागू होंगी। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) अमूल ब्रांड के तहत अपने उत्पाद बेचती है। पिछली बार कीमतों में बढ़ोतरी एक मई, 2025 को की गई थी।

जीसीएमएमएफ ने बयान में कहा कि उसने ''पूरे भारत में दूध की कीमतें 14 मई से दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी हैं।'' उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी लगभग 2.5-3.5 प्रतिशत प्रति लीटर की है, जो औसत खाद्य महंगाई दर से कम है। जीसीएमएमएफ ने कहा, ''कीमतों में यह बढ़ोतरी दूध के परिचालन और उत्पादन की कुल




लागत में वृद्धि के कारण की जा रही है। इस साल पशु आहार, दूध की पैकेजिंग सामग्री और ईंधन की लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है।'' इस सहकारी संस्था ने बताया कि उसके सदस्य संघों ने भी किसानों से दूध खरीदने की कीमत में 30 रुपये प्रति किलोग्राम वसा (फैट) की बढ़ोतरी की है, जो मई, 2025 की तुलना में 3.7 प्रतिशत अधिक है। जीसीएमएमएफ भारत में दूध के प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।

## एक नजर

### चौपला पुल बंद होते ही सुभाषनगर पुलिया पर बढ़ा ट्रैफिक का दबाव

**बरेली।** चौपला पुल पर वाहनों की आवाजाही बंद होते ही शहर का ट्रैफिक सिस्टम लड़खड़ाने लगा है। चौपला पुल बंद होने के कारण सुभाषनगर पुलिया पर अचानक वाहनों का दबाव बढ़ गया, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। सबसे ज्यादा परेशानी बदायूं रोड से शहर आने-जाने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है। अगले 45 दिनों तक लोगों को वैकल्पिक रास्तों से गुजरना होगा और लंबा ट्रैफिक झेलना पड़ेगा। एनएचएआई की ओर से चौपला पुल की मरम्मत का काम शुरू कराया गया है। इसके चलते ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल रूट डायवर्जन लागू कर दिया। सुभाषनगर आने-जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग लगा दी गई है। यहां केवल एंबुलेंस, स्कूल वाहन और स्थानीय लोगों के वाहनों को ही आने-जाने की अनुमति दी जा रही है। बाकी वाहनों को वैकल्पिक रास्तों की ओर मोड़ा जा रहा है।चौपला पुल बंद होने के बाद बदायूं की तरफ से शहर आने वाले वाहनों को रामगंगा तिराहे और बुखारा मोड़ से होकर निकाला जा रहा है। इससे इन मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ गया।

# बरेली की मानवी बनी सीबीएसई इंटर की टॉपर

## 99.60 प्रतिशत अंक पाकर बढ़ाया जिले का मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम बुधवार को घोषित होते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। इस बार बरेली की छात्रा मानवी पटेल ने 99.60 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर में टॉप किया। मानवी की इस शानदार सफलता से परिवार, स्कूल और पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा, जबकि स्कूल में शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

चिक्कर इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा मानवी पटेल ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बना ली थी। वह रोज करीब नौ घंटे पढ़ाई करती थीं और टाइम मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देती थीं। मानवी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अभ्यास को दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और निरंतर मेहनत ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। मानवी ने बताया कि भविष्य में वह फैशन डिजाइनर बनना चाहती हैं। बचपन से ही उनकी रुचि डिजाइनिंग और रचनात्मक कार्यों में रही है। उनका सपना देश के फैशन इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाने का है। स्कूल प्रबंधन ने मानवी की उपलब्धि को संस्थान के लिए गौरवपूर्ण बताया और कहा कि उनकी सफलता दूसरे छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।

**दूसरे स्कूलों के छात्रों ने भी दिखाया दम**

शहर के पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल 08वीं वाहिनी पीएसी की वाणिज्य वर्ग की छात्रा पलक अग्निहोत्री ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। वहीं, बीडीएम पब्लिक स्कूल के छात्र बादल तिवारी ने 85 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया।



छात्रा को मिठाई खिलाते शिक्षक।

### गॉडविन पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**बहेड़ी।** बहेड़ी गॉडविन पब्लिक स्कूल ने कक्षा 12 वीं का सीबीएसई का परिणाम घोषित किया। जिसमे बहेड़ी नगर के गॉडविन पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें वाणिज्य विभाग में भूमि गुप्ता ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रभुजोत तेहलान ने 81 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान विभाग में उमरा खान ने 90 प्रतिशत के साथ प्रथम एवं सूबेबा 88 प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरे स्थान पर रहीं तथा अनमता खान ने 86 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।बहेड़ी नगर मे गॉडविन पब्लिक स्कूल का नाम रौशन किया। इस खुशी के मौके पर स्कूल के प्रबन्धक रंजीत सिंह व प्रधानाचार्य संजय भण्डारी व ईशान ठकराल ने अपने स्कूल स्टाफ व बच्चो को मिठाईयाँ बाटकर सभी के बेहतर भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हरजीत कौर, आलम खान, दीपक आर्या माजूद थे।


उमरा खान।


सूबेबा।


भूमि गुप्ता।


प्रभाजोत तहलन।

**रिजल्ट आते ही स्कूलों में जश्न**

सीबीएसई का परिणाम जारी होते ही छात्र-छात्राएं मोबाइल, लैपटॉप और डिजिलॉकर के जरिए अपना रिजल्ट देखने में जुट गए। कई स्कूलों में सुबह से ही हलचल रही। मेधावी छात्र खुशी-खुशी स्कूल पहुंचे और शिक्षकों का आशीर्वाद लिया। शिक्षकों ने भी बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया। शहर की सीबीएसई समन्वयक ममता सक्सेना ने बताया कि जिले के विभिन्न स्कूलों से परीक्षा परिणाम का विवरण जुटाया जा रहा है। इस बार छात्रों का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है और कई विद्यार्थियों ने शानदार अंक हासिल किए हैं।

## शिखर इंस्टीट्यूट में धूमधाम से मनाया गया नर्सिंग डे

**बदायूं।** शिखर इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। हमारी नर्से, हमारा भविष्य विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य रक्षकों के सेवा भाव और अटूट अनुशासन को सराहा गया। संस्थान के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले योद्धाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राधा गौर और छात्रा भूमि ने किया। छात्रा हिरा बी, स्वाति, सुगंध, सुदेश, रिदा, इंशा, काजल और गायत्री ने कविता व विचारों के माध्यम से नर्सों के महत्व को रेखांकित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रोल प्ले और कोविड-19 पर आधारित नृत्य ने सभी को भावुक कर दिया। शिक्षिका प्रज्ञा सक्सेना ने आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर प्रकाश डाला।

## तेज आंधी से गिरे पेड़ और दीवार, छात्रा और बुजुर्ग महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिले में लगातार दूसरे दिन तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे आई तेज आंधी के दौरान अलग-अलग हादसों में एक छात्रा और एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि दो मवेशियों की भी जान चली गई। कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित रही तथा यातायात प्रभावित हुआ।

भमोरा क्षेत्र के हररामपुर गांव में आम का पेड़ गिरने से कक्षा सात की छात्रा देवकी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। नितोई गांव में तेज आंधी के दौरान उड़कर आई लकड़ी की बल्ली दीवार से टकरा गई, जिससे ईंटें गिर पड़ीं। इसकी चपेट में आने से गोमती नामक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अपनी बेटी के घर जा रही थीं। वहीं सरदारनगर और नौगवां ठकुरान क्षेत्रों में पेड़ गिरने से दो मवेशियों की भी मौत हो गई।भमोरा कस्बे में तेज आंधी के दौरान पेड़ गिरने से दो स्कूलों की चार बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। जिले के कई हिस्सों में बिजली के खंभे टूटने से विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे लंबे समय तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिशारतगंज इलाके में रम्पुरा-अलीगंज मार्ग पर एक टेंपो पर पेड़ गिर गया, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। वहीं आंवला रोड पर एक बड़ा साइन बोर्ड भी गिर पड़ा। हालांकि, इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

# सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में तीन छात्र एवं एक छात्रा जिला टॉपर

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 98.2 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉपर ज्योतिका, आदित्य, शुभ एवं समृद्ध
- 98.2 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉपर ज्योतिका, आदित्य, शुभ एवं समृद्ध
- डीपीएस स्कूल के जिला टॉपर में तीन होनहार एवं ब्लूमिंगडेल का एक
- 98.2 प्रतिशत समान अंक प्राप्त कर चार मेधावी जिले में प्रथम स्थान पर

**बदायूं।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। इस बार 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चार मेधावी जिला टॉपर रहे हैं। इनमें जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तीन टॉपर डीपीएस स्कूल के हैं, वहीं एक टॉपर ब्लूमिंगडेल स्कूल ने दिया है। जिला टॉपरों की कामयाबी पर स्कूल प्रबंधन से लेकर घर में खुशी का माहौल बना हुआ है।

सीबीएसई ने बुधवार के लिये दोपहर बाद 12 वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद अधिकांश छात्र-छात्रायें अपने-अपने स्कूल में पहुंच गये। स्कूल स्टॉफ ने बोर्ड की साइट पर परीक्षा परिणाम देखकर टॉपरों की पुष्टि की। सीबीएसई 12 वी की परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर डीपीएस स्कूल की छात्रा ज्योतिका सक्सेना, छात्र आदित्य भल्ला, शुभ सपरा एवं ब्लूमिंगडेल स्कूल के छात्र समृद्ध गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्लूमिंगडेल स्कूल के छात्र सायशा धींगड़ा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। डीपीएस की आरूबा सिद्दीकि ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस बार 12 वीं के परिणाम में चार टॉपर डीपीएस स्कूल ने दिये हैं, जबकि दो टॉपर ब्लूमिंगडेल स्कूल ने देकर गौरव हासिल किया है।परीक्षा परीणाम जारी होने के बाद टॉपर अपने-अपने स्कूल में खुशी से उछल पड़े। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चारों टॉपरों के स्कूल से लेकर घर तक जश्न का माहौल है। अपने होनहार बेटा, बेटी के टॉपर होने की जानकारी जब उनके पिता एवं परिवार को हुयी तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और वह दौड़े-दौड़े स्कूल पहुंचे। ब्लूमिंगडेल एवं डीपीएस स्कूल के निदेशक ने टॉपरों एवं उनके माता, पिता को शुभकामनायें दी।

**टॉपरों को मिठाई खिलाकर बधाई दी**

परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद टॉपर निकलने पर डीपीएस एवं ब्लूमिंगडेल स्कूल के प्रबंधन तंत्र में खुशी का ठिकाना नहीं रहा, क्योंकि किसी भी विद्यालय के छात्र-छात्रा को सफलता मिलती तो सबसे ज्यादा खुशी स्कूल के प्रबंधन और उनके शिक्षकों के लिए होती है। इस बार भी ऐसा ही कुछ परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद देखने को मिला। परीक्षा परिणाम में टॉपर निकालने के बाद खुशी में स्कूल प्रबंधन तंत्र ने सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

**सोशल मीडिया पर छाये टॉपर**

सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में टॉप-थ्री की सूची में शामिल ज्योतिका सक्सेना, आदित्य भल्ला, शुभ सपरा, समृद्ध गुप्ता, सायशा धींगड़ा, आरूबा सिद्दीकि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर छाये हैं। इन टॉपरों के लिए उनके शुभचिंतक फेसबुक, वाट्सएप एवं इस्टाग्राम के जरिये बधाई दे रहे हैं। इसके अलावा स्कूल के निदेशक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिका भी टॉपरों के स्टेटस वाट्सएप पर लगाये हैं।


आरके पीएस पब्लिक स्कूल मुजरिया के छात्र लक्ष्य सक्सेना ने सीबीएसई इंटर बोर्ड परीक्षा में 90% अंक पाकर कॉलेज का नाम रोशन किया।

## ज्ञान इंटरनेशनल का शत-प्रतिशत रिजल्ट



बेहतर रिज़ल्ट की खुशियां मनाते स्टाफ व बच्चे।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया।

विद्यालय के छात्र सार्थक पाल ने 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि प्रियांशु वर्मा ने 93.60 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राएं कोमल कौर, शगुन गंगवार, शुभकर्मन कौर एवं नवनीत कौर ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। संगीत विषय में कई विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक हासिल किए, जबकि सार्थक पाल ने पेंटिंग में पूर्णांक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि 97 में से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा एवं विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बिजली कटौती पर बवाल, हारुन नगला उपकेंद्र का घेराव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** तेज आंधी और बारिश ने बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी। महज 30 मिनट की बारिश के बाद शहर के 25 बिजली उपकेंद्र ठप हो गए और करीब 12 लाख की आबादी घंटों अंधेरे में डूब गई। रात तक बिजली बहाल नहीं होने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। हारुन नगला उपकेंद्र पर भीड़ ने घेराव कर हंगामा किया, कर्मचारियों से तीखी नोकझोंक हुई और मारपीट तक की नौबत आ गई।

हालात बिगड़ते देख पुलिस को लाठी पटककर लोगों को खदेड़ना पड़ा। आंधी-बारिश के दौरान जंफर उड़ने, तार टूटने और पेड़ गिरने से शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। हारुन नगला उपकेंद्र से जुड़े पवन विहार, फाइव एन्क्लेव, तुलसी नगर, ग्रीन पार्क, जागेश्वर नगर और यूनिवर्सिटी समेत 16 मोहल्लों की बिजली मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे से ठप हो गई। दिनभर इंतजार के बाद भी जब रात तक बिजली नहीं आई तो पवन विहार और फाइव एन्क्लेव के लोग हारुन नगला उपकेंद्र पहुंच गए। लोगों ने कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। गाली-गलौज और धक्का-मुक्की के बीच एक कर्मचारी के साथ मारपीट की भी सूचना सामने आई। हालात बिगड़ते देख कर्मचारी उपकेंद्र छोड़कर चले गए।सूचना मिलते ही बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश की। पुलिस ने एक घंटे में बिजली बहाल कराने का आश्वासन दिया, लेकिन गुस्साए लोग शांत नहीं हुए। स्थिति नियंत्रण से बाहर जाती देख पुलिस को सख्ती दिखानी पड़ी। लाठी पटकने के बाद भीड़ वहां से हट सकी। इंस्पेक्टर बारादरी बृजेंदर सिंह ने बताया कि उपकेंद्र और रुहेलखंड विश्वविद्यालय के वीसी आवास पर हंगामे की सूचना पर फोर्स भेजी गई थी। लोगों को समझाकर शांत कराया गया है। उधर, रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भी बिजली संकट को लेकर छात्र-छात्राओं का गुस्सा भड़क गया। सुबह से बिजली न आने के कारण पढ़ाई और परीक्षा तैयारी प्रभावित होने पर छात्रों ने कुलपति आवास का घेराव कर दिया। देर रात तक छात्रों का प्रदर्शन जारी रहा। पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को समझाने में जुटा रहा।

**छात्रों ने भी वीसी आवास पर किया हंगामा**



### 25 उपकेंद्र ठप, 50 पोल टूटे, 24 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

आंधी-पानी से शहर के 27 में से 25 उपकेंद्र ब्रेकडाउन में चले गए। कहीं तारों पर पेड़ गिर गए तो कहीं जंफर उड़ गए। बिजली निगम के मुताबिक शहर में 50 और ग्रामीण इलाकों में 200 बिजली पोल टूटे हैं। इसके अलावा 24 ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। निगम को करीब 20 लाख रुपये से ज्यादा नुकसान का अनुमान है। हरुनगला, पवन विहार, कोहाड़ापीर, राजेंद्र नगर और महानगर उपकेंद्र रात 10 बजे के बाद तक भी चालू नहीं हो सके। कई इलाकों में लोग मोबाइल चार्ज तक नहीं कर पाए और इनवर्टर-बैटरी जवाब दे गए। सदर कैंट, कुतुबखाना, सन सिटी, जगतपुर, डेलापीर, डीडीपुरम, हरुनगला और राजेंद्र नगर समेत कई इलाकों में बिजली लाइनों पर पेड़ गिर गए। कई जगह जंफर उड़ने से सप्लाई ठप रही। विद्युत वितरण खंड प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि फॉल्ट ठीक कराने के लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं और प्रभावित इलाकों में तेजी से आपूर्ति बहाल की जा रही है।

## मुठभेड़ में घायल हुआ शातिर किडनैपर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर थाना इलाके में मंगलवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब अपहरण कांड में फरार चल रहे बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में जा लगी और वह सड़क पर गिर पड़ा। मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है। घटना के बाद इलाके में देर रात तक पुलिस का सर्च ऑपरेशन चलता रहा।[र कलापुर पुलिया पीलीभीत रोड पर पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो दोनों बाइक मोड़कर भागने लगे। शक गहराया तो पुलिस टीम पीछे लग गई। कुछ दूरी पर पहुंचते ही बदमाशों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक चली गोलियों से मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए।फायरिंग के दौरान सिपाही नीशू तिवारी गोली लगने से घायल हो गए। साथी पुलिसकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की एक गोली आरोपी विमल के दाहिने पैर में लगी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा और पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पकड़ा गया आरोपी विमल पहले से ही अपहरण के एक सनसनीखेज मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसने अपने साथियों उमाशंकर, आकाश और हरनेश के साथ मिलकर नौ मई को फन सिटी के आगे से एक युवक का अपहरण किया था। इस मामले में उमाशंकर पहले ही जेल भेजा जा चुका है, जबकि बाकी आरोपी अभी फरार हैं।

### तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद

पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से तमंचा, जिंदा कारतूस, 250 रुपये नकद और चोरी की बाइक बरामद की है। घायल आरोपी और सिपाही को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अब फरार बदमाश की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इलाके में देर रात तक जंगल और आसपास के रास्तों में कॉम्बिंग कराई गई। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और पूरे गैंग का बड़ा खुलासा किया जाएगा।

## बरेली में आईपीएल पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते दबोचा गया प्रॉपर्टी डीलर का बेटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आईपीएल के रोमांच के बीच फरीदपुर में ऑनलाइन सट्टेबाजी का बड़ा खेल चल रहा था। रोडवेज बस स्टैंड के पास रात के अंधेरे में हार-जीत की लाखों की बाजियां लगाई जा रही थीं। पुलिस ने छापा मारा तो मौके पर भगदड़ मच गई। तीन सटोरिए अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले, जबकि पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा। पकड़ा गया युवक कोई छोटा-मोटा खिलाड़ी नहीं, बल्कि प्रॉपर्टी डिलर और शराब के धंधे से जुड़ा परिवार का बेटा निकला।

एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बुधवार को खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि फरीदपुर बस स्टैंड के पास कुछ युवक आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टा खिलवा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने दबिश दी। पुलिस जैसे ही मौके पर पहुंची, वहां बैठे युवक भागने लगे। तीन आरोपी अंधेरे में फरार हो गए, लेकिन एक युवक मोबाइल और कागजात समेटने में उलझ गया और पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान फरीदपुर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी 32 वर्षीय ओमेन्द्र के रूप में हुई। उसकी तलाशी ली गई तो पुलिस भी दंग रह गई। आरोपी के पास से 10 हजार रुपये नकद, आईफोन, नेपाली मोबाइल सिम, छह एटीएम कार्ड, पांच बैंक पासबुक, तीन चेकबुक, दो आधार कार्ड और दो फर्जी पैन कार्ड बरामद हुए। पुलिस को शक है कि सट्टे के इस खेल में फर्जी बैंक खातों और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया जा रहा था।

## बुनकरों पर मेहरबान योगी सरकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

- अब कलात्मक सैम्पल दिलाएंगे इनाम और सम्मान
- बरेली मंडल के कारीगरों के लिए संत कबीर पुरस्कार योजना में शुरू हुई एंट्री

**बरेली।** हथकरघा उद्योग से जुड़े बुनकरों के लिए बड़ी खुशखबरी है। योगी सरकार ने पारंपरिक कला और हुनर को नई पहचान देने के लिए संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के तहत बरेली मंडल के बुनकरों को सम्मानित करने का ऐलान किया है।

उत्कृष्ट और कलात्मक हथकरघा उत्पाद तैयार करने वाले बुनकरों को नकद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया जाएगा। सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग बरेली परिक्षेत्र सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं के हथकरघा बुनकर इस योजना में हिस्सा ले सकेंगे। परिक्षेत्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार पाने वाले बुनकर को 20 हजार रुपये, द्वितीय को 15 हजार रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 10 हजार रुपये की नकद धनराशि दी जाएगी। इसके साथ शील्ड, अंग वस्त्र और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।पुरस्कार के लिए भेजे गए सैम्पलों की स्क्रीनिंग जिलाधिकारी बरेली की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी। चयनित सैम्पलों को आगे राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए भेजा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि योजना का मकसद हथकरघा उद्योग से जुड़े कारीगरों की कला को मंच देना और उन्हें आर्थिक व सामाजिक पहचान दिलाना है। हथकरघा विभाग ने सभी बुनकरों से अपील की है कि वे वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अपने उत्कृष्ट और कलात्मक सैम्पल पूरे विवरण के साथ 18 जून 2026 तक सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग कार्यालय, सिटी स्टेशन माल गोदाम के सामने, बरेली में जमा करा दें।

**तीन साल में पुरस्कृत बुनकर नहीं होंगे शामिल**

विभाग ने साफ किया है कि पिछले तीन वर्षों में इस योजना के तहत पुरस्कृत किए जा चुके बुनकरों को इस बार चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। इससे नए और प्रतिभाशाली बुनकरों को मौका देने की तैयारी की गई है।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर-9412252847
7906815587, 9758444242

**एक नजर**



कार्यक्रम में मौजूद सीएमएस, स्टॉफ नर्स।

## नर्सिंग एक पेशा नहीं, मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम

**रामपुर।** जिला चिकित्सालय में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे नर्स दिवस धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्टॉफ नर्स ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। बेहतर प्रदर्शन करने में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
इस दौरान सीएमएस ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। एक डॉक्टर मरीज का इलाज करता है, लेकिन अपनी ममता और चौबीस घंटे की देखभाल से उसे नया जीवन एक नर्स ही देती है। कठिन परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए सेवा करना ही हमारी असली पहचान है। हमें अपने इस सेवा भाव पर गर्व होना चाहिए।

# साइंस में अभिनव, कॉमर्स में गौरिका गुप्ता ने किया टॉप

## दोनों ने 97.8 प्रतिशत अंक लाकर किया व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल का नाम रोशन




व्हाइटहॉल पब्लिक स्कूल में सर्वोच्च अंक लाने पर खुशी जाहिर करतीं छात्राएं।



अभिनव शर्मा व्हाइट हाल। गौरिका गुप्ता व्हाइट हाल। श्रेया गुप्ता व्हाइट हाल। नयरा शर्मा व्हाइट हाल। पलक गौतमव्हाइट हाल। आरूषि सक्सेना व्हाइट हाल। समृद्धि पाल व्हाइट हाल। जोयल गुप्ता व्हाइट हाल। वंशिका गंगवार व्हाइट हाल। सुहेरा खान व्हाइट हाल। मोहम्मद इब्राहिम ग्रीनवुड। मोहम्मद मोहतिशम ग्रीनवुड।

**सीबीएसई**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में व्हाइटहॉल पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान वर्ग के छात्र अभिनव शर्मा, कॉमर्स वर्ग की छात्रा गौरिका गुप्ता दोनों ने ही 97.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया। जबकि दूसरे स्थान पर कला वर्ग की श्रेया ठाकुर ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। तृतीय स्थान पर पलक गौतम, नायरा हारिस, आरूषी सक्सेना 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

चौथे स्थान पर समृद्धि पाल 94.2, पांचवे स्थान पर जोयल गुप्ता 94 प्रतिशत, छठे स्थान पर वंशिका गंगवार 92.8, सातवें स्थान पर सुहीरा खान 91.6 प्रतिशत अंक के साथ रही। अभिनव शर्मा ने गणित में और गौरिका गुप्ता ने एकाउन्टेन्सी में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये। बच्चों के इस सराहनीय परिणाम से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी गणमान्य सदस्यों, प्रधानाचार्या एवं शिक्षकगणों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षक को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

### व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के यह है टापर्स

अभिनव शर्मा, गौरिका गुप्ता, श्रेया, पलक गौतम, नयरा हारिस, आरूषि सक्सेना, समृद्धि पाल, जोयल गुप्ता, वंशिका गंगवार और सुहेरा खान।

### ग्रीनवुड के मो. इब्राहिम को मिले 96 प्रतिशत अंक

ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। डायरेक्टर शाहिद खां ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 12 में कुल 197 बच्चों ने परीक्षा दी थी। मोहम्मद इब्राहिम ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जबकि मोहत्तशिम ने 95 प्रतिशत अंक दूसरे अंक, उनाबिया ने 94 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान किया। इस अवसर पर डायरेक्टर, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान, उप प्रधानाचार्य शकील अहमद समेत अन्य शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सेंट एंथोनी के छात्र छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

रामपुर। सीबीएसई कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। कॉमर्स विभाग में अरशान खान तथा साइंस विभाग में अरीब ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। साथ ही काशिश ने भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन से स्कूल को गौरवान्वित किया ।इन विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का यह शानदार परिणाम है ।सभी सफल विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए अपनी सफलता का श्रेय उन्हें दिया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल खुशी जाहिर करते छात्राएं, साथ में डायरेक्टर, उप प्रधानाचार्य ।



उनाइबा ग्रीनवुड। संगीता कश्यप ,सनवे स्कूल मुबस्सरा, सनवे स्कूल इल्मा ,सनवे स्कूल मोहम्मद जीशान, ईस्ट वेस्ट स्कूल अरीशा अनवर ,ईस्ट वेस्ट स्कूल अकमाम खान,ईस्ट वेस्ट स्कूल मनमोहन वाष्णेय, सेंट पॉल्स शुभम रस्तोगी , सेंट पॉल्स अंशिका सुमन , सेंट पॉल्स अब्दुल बासित, सेंट पॉल्स मदीहा, सेंट पॉल्स

# महक ने 97.2 से महकाया डीएमए



अंशिका पटेल, दयावती मोदी एकेडमी। महक , दयावती मोदी एकेडमी। तनुश्री अग्रवाल , दयावती मोदी एकेडमी।

- **कुल 28 बच्चों ने हासिल किये 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** दयावती मोदी एकेडमी में 28 बच्चों के 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक आए है। इनमें महक ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसके बाद सिद्धि अग्रवाल के 97, अंशिका पटेल और आराध्या सिंह के 95.6, वंशिका गुप्ता 95, कार्तिक कुमार 94.8, तान्या ग्रेवाल 94.6, तनुश्री अग्रवाल 94, आरव सिंह के 93, अन्विशा सिंह 92.6, प्रवीन कुमार 92.4, दानिया सूफियान के 92.2, कनिष्का गुप्ता के 92, प्रियांश सैनी 91.6, अजान मुर्तजा और मुदस्सिर कुरैशी के 91.4, मानव कपूर और उत्कर्ष सिंह रावत 91.2, धुरव गुप्ता और



आयुषी गौतम , दयावती मोदी एकेडमी।

अदील नाजिश के 91, मुनीजा खान और अर्थ गुप्ता के 90.8, फिजा बी, एंजिल अरोरा और सैयद फायेज हसन के 90.4, शुभ गुप्ता, आयुषि गौतम और शिवांश शंखधर के 90 प्रतिशत अंक आए है।

प्रधानाचार्या डा. सुमन तोमर ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सौ में सौ अंक की भरमार

दयावती मोदी अकादमी में सब्जेक्ट टॉपर ने धमाल मचा दिया। इनमें गणित में महक के सौ मे से सौ अंक है। पॉलीटिकल साइंस में सिद्धि अग्रवाल के सौ अंक, होम साइंस में अंशिका पटेल के सौ अंक, पेंटिंग में तनुश्री अग्रवाल, अंशिका पटेल, दानिया सुफियान, अन्विशा सिंह, सिद्धि अग्रवाल, अंजलि गुप्ता, अपूर्वा शर्मा के सौ अंक आए है। एकाउन्टेंसी में अदील नाजिश के 99, कम्प्यूटर साइंस में तनुश्री अग्रवाल के 99, हिन्दी में मौहम्मद अश्शान खान और वंशिका गुप्ता के 99, इतिहास में आराध्या सिंह और प्रवीन कुमार के 98, भूगोल में आराध्या सिंह के 98, मुनीजा खान के अग्रेजी में 98 अंक, सत्यम कुमार के फिजिकल एजूकेशन में 98, रसायन विज्ञान में महक और कार्तिक के 97, अर्थशास्त्र में एंजिल और श्रेया अग्रवाल के 97, बायोलॉजी के अंशिका पटेल और शुभ गुप्ता के 96 अंक, बिजनेस स्टडीज में अदील नाजिश, एंजिल अरोरा और ध्रुव गुप्ता के 95 अंक, फिजिक्स में महक के 95 अंक, एप्लाइड मैथ में धुरव गुप्ता के 91 अंक आए है।

### अभिनव शर्मा ने बढ़ाया मिलक का गौरव




अभिनव को मिठाई खिलाते शिक्षक।

**मिलक।** मिलक नगर निवासी अभिनव शर्मा ने सीबीएसई कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में 97 .80 प्रतिशत अंक हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। बुधवार को घोषित रिजल्ट में अभिनव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर माता-पिता का गौरव बढ़ाया है ।व्हाइटहाल पब्लिक स्कूल के छात्र अभिनव शर्मा ने कक्षा 3 से इसी स्कूल में पढ़ाई की है। इससे पहले 10वीं में भी अभिनव ने 99 .4 अंक हासिल कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। हाईस्कूल के अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को अभिनव ने इंटर में भी बरकरार रखा है ।अभिनव के पिता नवीन कुमार शर्मा परम न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सलावतपुर में इंचार्ज अध्यापक हैं। माता आभा शर्मा भी परम न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय ठिरिया विष्णू में इंचार्ज अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। अभिनव की बड़ी बहन निशिता शर्मा दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक कर रही हैं। इसके अलावा व्हाइट हाल गौरिका गुप्ता ने बताया कि वह कॉमर्स के क्षेत्र में ही आगे बढ़ना है।



उत्कर्ष सिंह रावत, दयावती मोदी एकेडमी। अर्थ गुप्ता , दयावती मोदी एकेडमी। सैयद फैजी हसन, दयावती मोदी एकेडमी। आरव सिंह, दयावती मोदी एकेडमी। एंजिल अरोरा, दयावती मोदी एकेडमी। वंशिका गुप्ता, दयावती मोदी एकेडमी। तान्या ग्रेवाल , दयावती मोदी एकेडमी। सिद्धि अग्रवाल, दयावती मोदी एकेडमी। शिवांश शंखधर, दयावती मोदी एकेडमी। प्रवीन कुमार, दयावती मोदी एकेडमी। प्रियांश सैनी, दयावती मोदी एकेडमी। कनिष्का गुप्ता , दयावती मोदी एकेडमी। अजान मुर्तजा, दयावती मोदी एकेडमी। अन्विशा सिंह, दयावती मोदी एकेडमी। आराध्या सिंह, दयावती मोदी एकेडमी। ध्रुव गुप्ता, दयावती मोदी एकेडमी। मानव कपूर, दयावती मोदी एकेडमी। दानिया सूफियान, दयावती मोदी एकेडमी। आदिल नाजिश, दयावती मोदी एकेडमी। मुनीजा खान, दयावती मोदी एकेडमी। कार्तिक कुमार , दयावती मोदी एकेडमी। मुदस्सिर कुरैशी, दयावती मोदी एकेडमी। शुभ गुप्ता, दयावती मोदी एकेडमी। फिजा बी, दयावती मोदी एकेडमी।

# हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी का सीबीएसई 12वीं में शानदार प्रदर्शन, परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

- **इशिता सक्सेना 97 प्रतिशत अंकों के साथ बनीं स्कूल टॉपर**

जागरण मोर्चा कार्यालय



रिजल्ट आने के बाद खुशी का इजहार करते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा



छात्र-छात्रा को मिठाई खिलाते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

**मिलक।** हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12 के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सोमवार को घोषित परिणाम में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय परिवार ने पास हुए सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की छात्रा इशिता सक्सेना ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। इसके अलावा भूमिका ने 94.2 प्रतिशत, अंशिका चौधरी ने 93.8 प्रतिशत, मीनाक्षी ने 93 प्रतिशत, रिद्धिम गंगवार ने 90.6 प्रतिशत, निष्ठा पांडे ने 89.8 प्रतिशत और तनु ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर श्रेणी में जगह बनाई ।इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक मनोज कुमार पांडे, प्रधानाचार्या डॉ रीना दुबे, कोऑर्डिनेटर एल आर कुशवाहा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रबंधक मनोज कुमार पांडे ने कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता मिली है। प्रधानाचार्या डॉ रीना दुबे ने कहा कि विद्यालय का शत-प्रतिशत रिजल्ट हमारे लिए गर्व की बात है। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने अभिभावकों का भी आभार जताया।

# किला मॉडल मांटेसरी स्कूल में लगा योगा शिविर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आयुष विभाग द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशन में योग 2026 कार्यक्रम के तहत जगह जगह कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 365 दिन योग थीम की तैयारी को लेकर किला मॉडल मोंटेसरी स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न योग क्रियाएं सीखी।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार एवं अर्चना गुप्ता ने बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम और योगासन कराए। टोल फ्री नंबर एवं आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आनलाइन योग क्लास से जुड़ने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बचपन से योग करने की आदत डाल लें तो भविष्य में होने वाली बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। नियमित योग करें, अच्छा स्वास्थ्य पाने के लिए प्रतिदिन योग अपनाए। उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम करें।भस्त्रिका कपाल भांति अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, कटि चक्रासन, शशक आसन, मंडूकासन, वक्रासन, सेतुबंधासन पवनमुक्तासन,उत्तानपादासन, हलासन आदि योगासन कराए।



शिविर में बच्चों को योगाभ्यास कराते योगाचार्य। -जागरण मोर्चा

# बिलासपुर पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ ,दो आरोपियों के पैर में लगी गोली

## पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल, तीन ने किया आत्मसमर्पण

- 2 मोटरसाइकिलें, 2 तमंचे,5 जिंदा कारतूस, 2 खोखे, 3 चाकू, 4 मोबाइल फोन और 15 हजार की नगदी बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय





मुठभेड़ के बाद घायल हुए बदमाशों को ले जाती पुलिस। –जागरण मोर्चा

**बिलासपुर**। बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। तीन बदमाशों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो मोटरसाइकिलें,दो तमंचे,पांच जिंदा कारतूस,दो खोखे, तीन चाकू,चार मोबाइल फोन और पंद्रह हजार की नगदी आदि बरामद की है।

वहीं पुलिस ने बताया कि पकड़े गए पांचों बदमाश फार्म स्वामी के कर्मचारी के साथ हुई दिन-दहाड़े लूट की घटना में शामिल थे। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया मंगलवार की देररात वह रूद्र-बिलास चौकी प्रभारी योगेश कुमार सहित पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान गांव मनिहारखेड़ा रोड पर दो बाइकों पर पांच युवक आते दिखें। इस दौरान पुलिस ने जब इनको रूकने का इशारा किया तो, उक्त बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जंगल में भागने लगे तभी पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए जसपाल उर्फ जस्सा निवासी ग्राम कोटा अलीनगर, मंदीप सिंह निवासी गोकुलनगरी पैर में गोली लगने से घायल हो गए जबकि हर्षदीप सिंह,अमृत सिंह गज्जु, निवासी कोटा अलीनगर,जगप्रीत सिंह उर्फ जग्गा निवासी गोकुलनगरी आदि ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया ।बाद में पुलिस ने घायल बदमाशों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी दीपक कुमार,उप निरीक्षक एसओजी टीकाराम चौहान,उप निरीक्षक केशु शर्मा,उप निरीक्षक आकिल हुसैन,आशीष राणा आदि मौजूद रहे।

### भोट में पुलिस की गोली लगने से दो गोकश हुए घायल

**भोट।** पुलिस की गोली लगने से दो गोकश घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भोट इंस्पेक्टर रात को गश्त कर रहे थे ।सूचना मिली कि बाइक पर सवार गोकश आ रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने सामने से आ रहे गोकशों को रोकने का प्रयास किया,तो आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने अपने आप को बचाते हुए फायरिंग कर दी। जिसमें बाबू बच्चा मोहल्ला बजरिया खानसामा और इरफान निवासी रसूलपुर थाना स्वार पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों के पुलिस ने अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। उनके पासे पुलिस को तमंचे,कारतूस और अन्य सामान मिला है ।पुलिस काफी समय से आरोपियों को तलाश रही थी।

# स्कूलों के आसपास तंबाकू बिक्री पर चला प्रशासन का डंडा, जुर्माना



दुकानों पर चेकिंग करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद में तंबाकू नियंत्रण अभियान लगातार तेज किया जा रहा है ।तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान एवं थाना एएचटीयू के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी की संयुक्त टीम द्वारा विद्यालयों के आसपास संचालित दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया।

अभियान के दौरान महर्षि विद्या मंदिर, व्हाइट हॉल प्ले स्कूल, सेंट पॉल प्ले स्कूल, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, रामलीला पब्लिक स्कूल, राजकीय रजा महाविद्यालय एवं सरस्वती विद्या मंदिर सहित कई शिक्षण संस्थानों के आसपास जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षकों एवं स्टाफ को कोटपा अधिनियम तथा तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने विद्यालयों के आसपास स्थित दुकानों की जांच करते हुए तंबाकू उत्पादों की बिक्री पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की। अभियान के दौरान विद्यालयों के समीप तंबाकू उत्पाद बेचने वाली 8 दुकानों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में विद्यालयों के आसपास किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद की बिक्री पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बच्चों और युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। अभियान में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं थाना एएचटीयू की संयुक्त टीम मौजूद रही।

## एक नजर

### मेकिंग मशीन के नि:शुल्क वितरण के लिए 30 मई तक करें आवेदन

**रामपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद को 8 दोना मेकिंग मशीनों के नि :शुल्क वितरण के लिए लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के निवासी एवं परम्परागत स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरों से दोना मेकिंग मशीन के नि :शुल्क वितरण पर 30 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया कि योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछड़े एवं बीपीएल परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। आवेदन करने वाले इच्छुक व्यक्तियों की आयु 18 वर्ष से अधिक एवं 55 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### 15 मई से फार्मर आईडी के आधार पर मिलेगा उर्वरक, बीज व कीटनाशी का लाभ

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग की लाभार्थीपरक योजनाओं में फार्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। मई 2026 से उर्वरक, बीज, कीटनाशी एवं अन्य कृषि योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री किसान पहचान पत्र के आधार पर ही दिया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी किसानों से शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी बनवाने की अपील की, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि 15 मई 2026 से किसानों को उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी का वितरण फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर किया जाएगा। बताया कि जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। मई 2026 में यूरिया का लक्ष्य 8939 मीट्रिक टन के सापेक्ष 19173 मीट्रिक टन उपलब्ध है।

# माय भारत राष्ट्रीय युवा कोर में जुड़ने का सुनहरा अवसर, 17 मई तक करें आवेदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला युवा अधिकारी मीनू बोहरा ने बताया कि जनपद के युवाओं के लिए माय भारत राष्ट्रीय युवा कोर में जुड़ने का सुनहरा अवसर उपलब्ध है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा माय भारत राष्ट्रीय युवा कोर के अंतर्गत युवाओं की तैनाती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित युवा समाज सेवा, जागरूकता अभियान तथा विभिन्न जनहित कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान देकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल (10वीं) उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु 1 अप्रैल 2025 को 18 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। नियमित छात्र आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे। चयनित युवाओं को रुपये 5000 प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 17 मई 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।जिला युवा अधिकारी ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए राष्ट्र निर्माण की इस महत्वपूर्ण पहल से जुड़ें तथा अधिक से अधिक युवाओं तक इसकी जानकारी पहुंचाएं ।उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई वेतनभोगी अथवा संविदात्मक रोजगार नहीं है तथा इससे स्वयंसेवकों को सरकार अथवा माय भारत के साथ रोजगार का कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

# पालिका प्रशासन कर रहा कर्मचारियों का उत्पीड़न

- तीसरे दिन भी पालिका में जारी रहा कर्मचरियों का धरना

जागरण मोर्चा, कार्यालय



पालिका के प्रांगण में आयोजित धरने को संबोधित संघ के पदाधिकारी।

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष बाबू लाल कौशल ने कहा कि पालिका प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं। जल्द ही इस मामले में संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलकर भ्रष्टाचार की नीति और कर्मचारियों शोषण के बारे में बताएगा।

नगर पालिका में तीसरे दिन भी उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ का धरना जारी रहा। नगराध्यक्ष प्रेम राज वाल्मीकि ने कहा कि चेयरमैन, ईओ कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं। मई की 13 बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों के खातों में मानदेय नहीं डाला गया है।

कहा कि प्रत्येक दो से तीन वार्डों में एक सफाई नायक की नियम विरूद्ध नियुक्ति कराई है जिससे सफाई व्यवस्था पर भारी असर हो रहा है। आईजीआरएस पोर्टल पर सफाई संबंधी शिकायतें मिल रही है जिसे जल्द ही उजागर किया जाएगा। धरना देने वालों में श्याम बाबू, विमला देवी, राजेश रत्न, रीना देवी, किशनलाल, राहुल, प्रहलाद बाबू,श्याम मोहन, संजय समर्पित और राकेश दुली मौजूद रहे।

# आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस अनुराग सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की ।बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आमजन को समयबद्ध एवं प्रभावी सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वाच्च प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली अथवा औपचारिकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस ने अधिशासी अभियंता विद्युत सहित संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। यदि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा शासनादेशों की अनदेखी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रत्येक शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसे निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया जाए ।वार्ता का विवरण अभिलेखों में दर्ज करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

संबंधित अधिकारी अपनी स्पष्ट आख्या एवं संस्तुति सहित शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड करें ।समीक्षा के दौरान विद्युत, पूर्ति, खंड विकास कार्यालय एवं राजस्व विभाग को विशेष रूप से चेतावनी देते हुए कहा गया कि भविष्य में कोई भी निस्तारण शासनादेशानुसार नहीं पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक विभागाध्यक्ष प्रतिदिन स्वयं आईजीआरएस पोर्टल पर लॉग इन कर शिकायतों की समीक्षा करें तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

# दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर किसान

- कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय



कलेक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते संगठन मंत्री व अन्य।

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। संगठन मंत्री ने कहा किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। किसान दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। खतौनियों में तमाम त्रुटियां होने के बावजूद समय से समाधान नहीं किया जा रहा है। तहसीलों में बैठे लेखपाल भी काम नहीं करना चाह रहे है जिससे किसानों को बार बार तहसील के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

बुधवार को जिला संगठन मंत्री फरीद खां के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जहां उन्होंने मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया। संगठन मंत्री ने कहा कि बिलासपुर माइनर से बेगमाबाद, चांदपुरा जदीद, गुलामगंज नहर में कई वर्षों से पानी नहीं आ रहा है जिससे किसानों को फसल को नुकसान हो रहा है। किसान बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान हैं। गर्मी के मौसम में फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, और खराब ट्रांसफार्मरों को समय पर न बदलने के कारण भी सिंचाई बाधित हो रही है। ज्ञापन देने वालों में बाबर खां, फाजिल अंसारी, शाहिद खां, अब्दुल रज्जाक खान आदि मौजूद रहे।

# आजम खां आचार संहिता के मामले में हुई गवाही

- मजिस्ट्रेट कोर्ट में विचाराधीन है मुकदमें

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में बुधवार को सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम के चुनाव आचार संहिता से जुड़े चार मामलों में सुनवाई हुई। जिसमें अलग-अलग तारीखें नियत की है।

थाना कोतवाली में चुनाव आचार संहिता का मुकदमा वर्ष 2019 में दर्ज हुआ था। जिसमें पान दरीबा में चुनावी सभा को संबोधित करते पूर्व सांसद जयाप्रदा पर टिप्पणी करते अब्दुल्ला आजम ने कहा था कि हमें अली भी चाहिए और बजरंग बली भी। लेकिन अनारकली नहीं। जिसके बाद थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। जिसमें एक गवाह पेश हुआ। इसके अलावा थाना भोट, शाहबाद और खजुरिया से भी जुड़े मामलों में सुनवाई होनी थी। जिसके लिए न्यायालय ने 29,30 मई मुकर्रर की है। सुनवाई के दौरान आजम खां, अब्दुल्ला आजम वीडियो कांफ्रेस में मौजूद रहे।

### जिला कारागार में पत्नी-बेटे ने की मुलाकात

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां, अब्दुल्ला आजम जिला कारागार में बंद दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे है। बुधवार दोपहर पूर्व विधायक डॉ .तजीन फात्मा और बेटे अदीब आजम, अब्दुल्ला के दोस्त सालिम जेल पहुंचे। जहां आजम खां, अब्दुल्ला आजम से मुलाकात की। आधा घंटे से अधिक चली मुलाकात में घरेलू बातचीत के अलावा मुकदमों की पैरवी और दीगर मामलों में पत्नी बेटे से चर्चा की। अदीब आजम ने बताया कि बुधवार को जेल गए थे। जहां आजम खां से मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि आजम खां, अब्दुल्ला की सेहत और जल्द ही रिहाई के लिए दुआ रखें।

### खंती में उतरा डंपर, ड्राइवर और कंडक्टर सुरक्षित

**शाहबाद।** बुधवार सुबह शाहबाद-आसफपुर रोड पर तुरखेड़ा गांव के पास उस समय एक बड़ा हादसा टल गया, जब बालू लेकर बदायूं जा रहा एक डंपर तेज़ आंधी के कारण सड़क पर गिरे पेड़ को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर गहरी खंती में चला गया ।गनीमत रही कि डंपर पेड़ से टिक गया और पूरी तरह पलटने से बच गया। खतरे को भांपते हुए चालक और परिचालक ने समय डंपर से छलांग लगाकर खुद को बचाया, जिससे दोनों बाल-बाल बच गए। हादसे के वक्त मार्ग खाली होने से कोई अन्य जनहानि नहीं हुई। मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़ ने राहत की सांस ली।



सड़क से उतरा डंपर।

ज्ञापन | अन्याय के खिलाफ केमिस्टों का महाबंद

# 20 मई को थमेगा रामपुर दवा व्यापार

जागरण मोर्चा, कार्यालय



पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व दवा व्यापारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिला फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद के संबंध में बुधवार को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक को औपचारिक रूप से ज्ञापन सौंपा गया।

बुधवार को जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में दवा व्यापारी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने सहायक आयुक्त, औषधि निरीक्षक को बताया कि देशभर के केमिस्ट एवं दवा विक्रेता अवैध ई-फार्मेसी संचालन, बड़ी कंपनियों द्वारा प्रिडेटरी प्राइसिंग तथा दवा व्यापार से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों के विरोध में यह बंद कर रहे हैं। बताया कि इन समस्याओं के कारण न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि जनस्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अवैध ई-फार्मेसी पर पूर्ण रोक, जीएसआर 817(ई) 28.08.2018 की वापसी, प्रिडेटरी प्राइसिंग पर नियंत्रण, जीएसआर 220(ई) 26.3.2020 की वापसी शामिल हैं। बताया कि संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह बंद पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा तथा सभी दवा विक्रेताओं से इसमें सहयोग की अपील की है।

# हत्या में दो आरोपियों को आजीवन कारावास, 20 हजार का जुर्माना

## फास्ट ट्रैक प्रथम न्यायालय ने सुनाया फैसला, 5 जनवरी 2020 को दर्ज हुआ था मामला


अहमद


यासीन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** एफसीटी प्रथम न्यायालय ने हत्या के मामले में सुनवाई करते दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए एक को आजीवन कारावास, जबकि दूसरे को तीन वर्ष की सजा सुनाई और 20 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला गया है। यह मामला 5 जनवरी 2020 को थाना गंज में दर्ज हुआ था।

थाना गंज के मोहल्ला चपटा कालोनी निवासी इमरान पुत्र शद्दू खां ने अहमद रईस, यासीन निवासी चपटा कॉलोनी के खिलाफ 5 जनवरी 2020 को तहरीर दी थी। जिसमें इमरान का कहना था यासीन पुत्र रईस ने घर पर बिजली का बोर्ड बनवाया था। जिसके 300 रुपये से इमरान आ रहे थे। वह मांगने पर लोगों ने मना कर दिया साथ ही विरोध भी जताया था। सुबह के पांच बजे से लेकर 10 बजे इमरान का भाई दानिश घर के बाहर खड़ा था। तीनों लोगों ने दानिश से मारपीट कर फाड़ दिए। इसके बाद उसे पकड़ लिया। लोगों को आता देख सभी फरार हो गए थे। घायल अवस्था को दानिश को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां ने चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को परिजन को सौंप दिया। न्यायालय में एडीजीसी कुमार सौरभ ने सरकार की ओर से पैरवी की। अपनी दलील पेश करते हुए कहा कि 300 रुपये के खातिर तीनों को सजा दी जाए। इस पर न्यायालय ने यासीन को धारा 302 में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और अहमद पुत्र राजा को 20 हजार रुपये का जुर्माना तथा अहमद को 4/25 में तीन साल का कारावास की सजा सुनाई।

### इंस्पेक्टर सहित 10 गवाहों के कराए बयान


कुमार सौरभ

300 रुपये को लेकर युवक की हत्या करने मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया था। इस मामले में पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जिसके बाद से कोर्ट में सुनवाई शुरु हो गई थी। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि इस मामले में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए 10 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए थे। जिसमें इंस्पेक्टर रामवीर सिंह के अलावा मृतक के भाई ने भी बयान दर्ज कराए थे।

# दहेज में दो लाख की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को निकालने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**स्वार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव छपर्रा निवासी एक विवाहिता ने पति और सास पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव छपर्रा निवासी नीतू पत्नी गौरव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब दस माह पूर्व गौरव पुत्र राजपाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति गौरव और सास सुनीता दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन अतिरिक्त पैसे की मांग कर प्रताड़ित करते थे। पीड़िता के अनुसार उसके पिता नन्हे ने पहले भी 50 हजार रुपये दिए थे, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष की मांगें बढ़ती रहीं।विवाहिता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था। बाद में पंचायत के समझौते के बाद वह दोबारा ससुराल पहुंची। आरोप है कि 12 मई को घरेलू काम को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद पति और सास ने उससे मायके से दो लाख रुपये लाने की मांग की।

विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की तथा गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया।पीड़िता की शिकायत पर स्वार कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अभिनव देशवाल को सौंपी गई है।

## सार संक्षेप

### एडीएम आवास की दीवार पर गिरा बिजली का पोल


एडीएम आवास की दीवार पर गिरा एलटी लाइन का पोल।

**रामपुर।** बिजली निगम के अधिकारियों की अनदेखी के चलते एडीएम प्रशासन के आवास की दीवार पर बिजली का पोल गिर गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। मजे की बात यह है कि पोल गिरने की सूचना जिम्मेदारों को नहीं है, बल्कि पोल सही होने का दावा कर रहे हैं। कलेक्ट्रेट के सामने अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान का आवास है। यहां पर कई दिनों बिजली निगम का सीमेंट एलटी का जर्जर पोल मंगलवार को आए तूफान में बीच में गिर गया। पोल का हिस्सा एडीएम आवास की दीवार पर गिर गया। जिस पर मार्ग पर पोल लगा हुआ है कि यहां दिनभर आवाजाही रहती है। इसके गिरने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। इसको लेकर एसडीओ तकनीकी एमवी सिंह ने बताया कि पोल दिखवाने के लिए जेई को भेजा गया है अभी टीम कहीं ओर कार्य कर रही है। यह पोल एलटी लाइन का है जल्द ही पोल को बदलवाया जाएगा।

### सपाइयों ने एसपी से मुलाकात सौंपा ज्ञापन

**रामपुर।** सपा के प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें सपाइयों का कहना है कि पूर्व मंत्री आजम खां के खिलाफ आपत्तिजनक, नफरती वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है जो मुजफ्फरनगर के किसी व्यक्ति ने वायरल की। जिसमें सपा के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्वमंत्री अपमानजनक भाषा, चरित्र हनन का अपराध किया है। जौहर विवि के लिए भारत सरकार के प्रशिक्षण संस्थान को आजम खां की निजी संपत्ति बताकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया। वीडियो में भाजपा नेताओं का नाम लेकर आजम खां का अपमान जनक का प्रयोग किया है। इस मामले में शीघ्र की जांच की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अजय सागर, आसिम राजा, अनुराधा चौहान, पूर्व बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू आदि मौजूद रहे

### जिला अस्पताल में लगाए गए संकेतक बोर्ड

**रामपुर।** जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों को अब इधर से उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अस्पताल प्रशासन ने प्राइवेट वार्ड और आईपीएचएल लैब पर संकेतक बोर्ड लगवाएं है। जिससे कि रोगियों को परेशान न होना पड़े। जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों, तीमारदारों को यह मालूम हो कि कौन सा वार्ड, प्राइवेट वार्ड कहां पर है कितने रूम वातानुकूलित है और कितने साधारण, दवा वितरण कक्ष और लैब कहां पर है। यानि हर छोटी-छोटी जरूरी जानकारी इन संकेतक के जरिए मरीज और तीमारदारों को आसानी से मिल सकेगी। इस संकेतकों से खासतौर पर उन तीमारदारों को राहत मिलेगी जो मरीजों से मिलने आते हैं।

### हज यात्रा को लेकर निरीक्षण भवन में हुई बैठक

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सदस्य हाफिज एजाज अहमद शाहीन अंसारी की अध्यक्षता में निरीक्षण भवन में हज यात्रा वर्ष 2026 की व्यवस्थाओं को उच्च श्रेणी की बनाए जाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शामिल लोगों ने सुझाव प्राप्त किए और उन पर शीघ्र ही कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में अध्यक्ष ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2026 में हज यात्रियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई। जिसको लेकर सभी हाजियों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य वक्फ निरीक्षक, प्रधानाचार्य जामे उल उलूम फुरकानिया, शहर इमाम, शहर मुफ्ती और हज ट्रेनर शामिल रहे।

### बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत



**मिलक।** क्षेत्र में मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका भाई मामूली रूप से घायल हो गया।स्वार तहसील के मुंशीगंज निवासी गुलफाम और उस्मान मंगलवार को पासपोर्ट के कार्य से बरेली गए थे। शाम करीब 5 बजे दोनों भाई बाइक से वापस लौट रहे थे।मिलक के बाईपास पर धर्मपुरा गांव को जाने वाले कट के पास नवदिया की ओर से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे गुलफाम को हल्की चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे उस्मान गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह सहित पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की मदद से दोनों भाइयों को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां डॉक्टरों में उस्मान को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।उपचार के दौरान उस्मान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया।

### बमनपुरी स्टेडियम की पांच बीघा जमीन पर चली की जेसीबी



**रामपुर।** रामपुर विकास प्राधिकरण विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। बमन पुरी स्टेडियम स्थित 5 बीघा पर जमीन पर प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। विभागीय अधिकारियों की इस कार्रवाई से अन्य भू स्वामियों में खलबली मची रही। बुधवार को तहसीलदार के नेतृत्व में आरडीए के सहायक अभियंता और जूनियर अभियंता बमन पुरी स्टेडियम पहुंचे। मौके पर जाकर देखा तो राजू सैनी 5 बीघा में अवैध प्लाटिंग कर मकानों को बेचने का कार्य कर रहा है साथ ही जमीन पर कुछ मकानों की चारदीवारी बनी मिली। जिसको ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान मनोज कुमार सिसोदिया सहायक अभियंता, रवि शंकर, प्रशांत कुमार, ओमप्रकाश मालवीय समेत थाना गंज पुलिसबल मुस्तैद रहा।

### मिलक में युवती का शव पंखे से लटका मिला, पुलिस ने शुरू की जांच

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रठौडा में बुधवार सुबह एक 18 वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पंखे से लटका मिला। घटना के समय युवती घर में अकेली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम रठौडा निवासी नौवत राम शर्मा की 18 वर्षीय पुत्री का शव बुधवार सुबह करीब 11 बजे उसके घर के कमरे में पंखे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवती ने अपने दुपट्टे से फंदा लगाया था। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। परिजन जब घर पहुंचे तो शव देखकर उनके होश उड़ गए। गांव में खबर फैलते ही हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेज दिया। युवती ने यह कदम क्यों उठाया, इसके कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट होगी। हर एंगल से जांच की जा रही है।18 साल की बेटी की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**नाम-परिवर्तन**

पहले मेरा नाम आफशीन आज़म (AFSHEEN AZAM) था, अब मैंने अपना नाम बदलकर अफशीन रियासत (AFSHEEN RIYASAT) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

-अफशीन रियासत पत्नी आजम खां निवासी चौक मोहम्मद सईद खां मछली बाजार रामपुर।

# सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** लखनऊ नेशनल हाईवे पर मंगलवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।कोतवाली स्वार क्षेत्र के ग्राम मुंशीगंज निवासी उस्मान अपने भाई गुलफाम के साथ मंगलवार को बरेली से पासपोर्ट संबंधी कार्य कर वापस लौट रहे थे।

शाम करीब छह बजे हाईवे स्थित धर्मपुरा मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे जा गिरे, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

परिजन जब उस्मान को इलाज के लिए ले जा रहे थे, तभी देर शाम रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। युवक का शव घर पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। माता-पिता, भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# संगठन ने कार्यकाल बढ़ाये जाने की रखी मांग

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**स्वार।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा ।जिसमें मुख्यमंत्री से ग्राम प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है।

तहसील स्वार क्षेत्र के ग्राम प्रधान अखिल भारतीय प्रधान संगठन के नेतृत्व में खंड विकास सभागार में एकत्रित हुए। उन्होंने बैठक कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विचार विमर्श किया।जिसके बाद खंड विकास कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी ऋषि पाल को सौंपा। जिसमें ग्राम प्रधानों ने मांग करते हुए कहा कि पंचायतों में विकास कार्य लगातार चल रहे हैं, ऐसे में उनका कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए ताकि अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराया जा सके। ग्राम प्रधानों का कहना है कि कोरोना काल और अन्य प्रशासनिक कारणों की वजह से कई योजनाएं प्रभावित हुई थीं, जिसके चलते गांवों में विकास कार्य पूरी तरह से नहीं हो पाए। प्रधानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जनहित को देखते हुए ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद प्रधानों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी।

इस दौरान प्रधान संगठन के अध्यक्ष मलकीत सिंह, महासचिव इमरान अली, ब्लॉक अध्यक्ष नथाराम कंबोज, ग्राम प्रधान चंचल, साजिद,आरिफ, खुर्शीद, इकबाल, इरफान , दिलदार, धर्मपाल,अनवर अली, अब्दुल करीम, अली अहमद , आरिफ, बाबू खान, अब्दुल हसन, तौफीक अहमद, प्रमोद कुमार, बाबू खान छतरपुर,भजन सिंह, महिपाल सिंह, प्रेमपाल सैनी, राजेश मौर्य, विकास, सगीर अहमद, सतीश, शब्बीर अहमद, इनकार अली, हरिओम, सुरेश चंद, सुलेमान, शाहिद भारी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# लेखपालों पर रिश्वत मांगने के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय


लेखपालों के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के ग्राम लाडपुर निकट सेमरा के ग्रामीणों ने हल्का लेखपालों पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी रामपुर को शिकायती पत्र भेजकर जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात हल्का लेखपाल विकास कुमार तथा उनके साथ कार्यरत राजेश कुमार द्वारा छोटे-बड़े सरकारी कार्यों के नाम पर खुलेआम धन उगाही की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि सरकारी पैमाइश, कुर्रे बंदी, विरासत, आय, जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए ग्रामीणों से पैसे मांगे जाते हैं। आरोप है कि एसडीएम के आदेश होने के बावजूद बिना पैसे लिए फाइलों पर कार्रवाई आगे नहीं बढ़ाई जाती। इतना ही नहीं, वर्तमान में चल रही फार्मा रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान भी दोनों लेखपाल गांव-गांव जाकर प्रत्येक परिवार से 100-100 रुपये की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने यह भी दावा किया है कि उनके पास दोनों लेखपालों के खिलाफ ऑडियो रिकॉर्डिंग जैसे सबूत भी मौजूद हैं, जिन्हें जांच के दौरान प्रस्तुत किया जा सकता है। शिकायत पत्र पर नदीम, साबिर, अनुज, फिरोज, विशाल, अमीर हुसैन, सद्दीक समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर दर्ज बताए गए हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है तथा ग्रामीण प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# शाहबाद के मकान में गिरी आकाशीय बिजली, विद्युत उपकरण हुए नष्ट

- मकान की विद्युत लाइन जली, लेंटर और दीवारों में पड़ी दरारें

जागरण मोर्चा कार्यालय


आकाशीय बिजली गिरने से खराब हुई एलईडी और विद्युत उपकरण।

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के महेवा गांव में एक मकान में आकाशीय बिजली गिरने से काफी नुकसान हो गया। बुधवार सुबह अचानक तेज गर्जन और चमक के साथ गिरी आकाशीय बिजली ने घर में लगे विद्युत उपकरणों को खराब कर दिया, जबकि मकान की दीवारों और लेंटर में दरार भी आ गई। हालांकि गनीमत रही कि उस समय विद्युत उपकरणों के पास घर का कोई सदस्य नहीं था, वरना कोई अनहोनी हो सकती थी।मंगलवार को तूफान और बारिश से हुई तबाही के बाद बुधवार सुबह सुबह अचानक मौसम ने फिर से करवट बदली और महेवा गांव में गरज के साथ आकाशीय बिजली कल्लू राठौर के मकान पर गिरी। मकान पर बिजली गिरते ही घर में मौजूद सदस्य और आसपास के लोग सहम उठे।

आकाशीय बिजली गिरने से कल्लू राठौर के मकान की विद्युत लाइन पूरी तरह जल गई, घर में लगे विद्युत उपकरण जैसे एलईडी आदि खराब हो गए। वहीं मकान की दीवारों और लेंटर में दरारें आ गई। आसमान से आकाशीय बिजली गिरने से गांव में दहशत का माहौल बन गया। मौसम विशेषज्ञों और स्थानीय प्रशासन द्वारा ख़राब मौसम में सावधानी बरतने की अपील की जा रही है, वही आकाशीय बिजली की घटनाओं से बचाव के लिए लोगों से खुले स्थानों और बिजली उपकरणों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है।

# पुलिस ने 25 हजार के इनामी चोर को दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस की गिरफ्त में 25 हजार का इनामी चोर।

**शाहबाद।** पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। चोर के पास से पुलिस ने अवैध चाकू, नकदी और यूपीएस बरामद किया है।

एसपी सोमेंद्र मीणा के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान के क्रम बुधवार को शाहबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 25 हजार के चोर बब्लू पुत्र नौबत सिंह निवासी ग्राम हरोरा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर के पास से पुलिस ने एक चाकू, 9800 रुपए नकद, एक बैटरा और माइक्रोटेक कंपनी का यूपीएस बरामद किया है। चाकू के मामले में आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाई गई है। पुलिस के अनुसारचोर संगठित गैंग बनाकर ग्राम पंचायत भवन, ग्राम सचिवालयों, अस्पताल आदि से बैटरी, इन्वर्टर, सोलर पैनल और बिजली का सामान चोरी करता था। पुलिस गिरफ्तार इनामी चोर के चार साथियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रदीप कुमार, एसआई सुनील कुमार, एसआई दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, हेड कांस्टेबल मुनिदेव, राहुल आदि रहे।

### बिलारी स्टेट हाइवे पर बाइक के सामने आया गोवंश, दंपति जख्मी

**शाहबाद।** बुधवार को गोवंश से टकराकर सड़क पर गिरने से बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने दंपति को प्राथमिक उपचार देकर रामपुर रेफर कर दिया।

बिलारी तहसील के ग्राम विरामपुर निवासी हसन अली अपनी पत्नी अफसाना के साथ बाइक पर सवार होकर शाहबाद अपनी रिश्तेदारी में आ रहे थे, रास्ते में खरसोल गांव के पास उनकी बाइक के आगे अचानक गोवंश आ गया। हादसे में बाइक सवार दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गया। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने पति-पत्नी को प्राथमिक उपचार देकर दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**सख्ती** बैंक संचालित फ्लोर भी हुआ सील, हड़कंप

# कार्रवाई : आरडीए का अवैध निर्माण पर चला सीलिंग अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय


अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई।

**रामपुर।** अवैध निर्माणों के विरूद्ध रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कार्रवाई की गई है। शहर के डायमंड टाकीज रोड पर 377.70 वर्ग मीटर भूमि पर सैय्यद मोहम्मद असलम पुत्र सैयद एजाज अली व सैयद अनस अली पुत्र मोहम्मद असलम, सैय्यद शाह फहद पुत्र मोहम्मद असलम के द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बेसमेंट एवं अपर ग्राउंड फ्लोर का अनुमन्य से अधिक निर्माण व्यावसायिक प्रयोजन में किया जा रहा था।

जिसके चलते 20 सितंबर 2019 द्वारा अवैध निर्माणों को सील किया गया था। इन व्यक्तियों द्वारा अवैध कृत्य करते हुए प्राधिकरण की सील को क्षतिग्रस्त करते हुए अवैध गतिविधियां पुनः प्रारम्भ कर दी गई थी।अवैध निर्माण का एक फ्लोर भारतीय स्टेट बैंक को किराये पर दे दिया गया था, जिसको प्राधिकरण टीम द्वारा थाना सिविल लाईन्स के साथ प्रभावी कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण गतिविधियों सहित भूखण्ड परिसर को सील कर दिया गया।भूखंड परिसर सील किये जाने के बाद सैय्यद मोहम्मद आदि द्वारा तथा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रार्थना पत्र प्राधिकरण में प्रस्तुत किये गए। सैयद मोहम्मद आदि द्वारा आंशिक रूप से एडवांस शमन शुल्क जमा कर दिया गया।इसके अलावा नवाब गेट गेट स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के भवन का नक्शा स्वीकृत नहीं पाया गया। जिसके बाद बैंक अधिकारियों ने बताया कि नक्शा स्वीकृत कराने की कार्यवाही की जायेगी।रामपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, सचिव व अन्य अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण कर्ताओं को चेतावनी जारी की गई है कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## एक नजर

### पंप लेट वितरण कर महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। बुधवार को मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक किया। इसके अलावा महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने को चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया। महिलाओं व बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति 5 .0 के द्वितीय चरण में एंटी रोमियों टीम ने प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, विद्यालय, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर शासन व पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण स्वावलंबन को चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेंसी काल-पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्प लाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में पंपलेट बांटकर जागरुक किया।

# अपना-अपना परीक्षा परिणाम देख उछले विद्यार्थी

## सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित, उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं ने विद्यालयों में पहुंच कर की जमकर मस्ती


जागरण मोर्चा कार्यालय


आरआरके स्कूल में विद्यार्थियों को मिठाई खिलातीं प्रधानाचार्य।


न्यू सत्यम अकादमी में मेधावियों को मिठाई खिलाते प्रबंधक व अन्य।

**चन्दौसी।** सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित होने पर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों ने पहले अपने घर पर माता-पिता के साथ खुशियां मनाई तथा इसके बाद अपने-अपने विद्यालय पहुंच साथियों के साथ खुशी मनाई और जमकर मिठाई खाई। परीक्षाफल आने पर विद्यालयों में प्रधानाचार्य के सात अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा और मेधावियों को शुभकामनाएं दी।

शहर में सीबीएसई बोर्ड के ओपीजीएम स्कूल, एएम वर्ल्ड स्कूल, आरआरके स्कूल, जीके सिल्वर स्टोन स्कूल, सिल्वर स्टोन स्कूल तथा न्यू सत्यम अकादमी के विद्यालय है। बुधवार को सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित किया गया। अपना-अपना परीक्षा परिणाम इंटरनेट पर देने के बाद उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों में उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों ने अपने परिवार के साथ खुशियां मनाई और माता-पिता के साथ मिठाई खाई। इसके बाद उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राएं को विद्यालय से काल आनी शुरू हो गई और वह अपने-अपने विद्यालय जा पहुंचे। जहां अपने सहपाथियों के साथ मिलकर विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होने की खुशी साझा की और विद्यालय परिसर में जमकर मस्ती की। विद्यालय प्रबंधक की ओर से विद्यार्थियों के लिए मिठाई का प्रबंध किया गया था। सभी बच्चों ने विद्यालय प्रबंधतंत्र, प्रधानाचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ मिठाई खाई। बता दे कि सीबीएसई के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम काफी पहले घोषित हो गया था। मगर इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम के घोषित होने में देरी होने पर विद्यार्थियों में बेचैनी होने लगी थी। बुधवार को जैसी ही सीबीएसई के इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, वैसे ही छात्र-छात्राओं में उत्साह नजर आने लगा और अपना-अपना परीक्षा परिणाम देखने की उत्सुकता दिखाई दी।


ध्रुव कुमार कक्षा 12, 97 .2 प्रतिशत


मयंक रस्तौगी कक्षा 12, 90 प्रतिशत


अनुष्का विजय कक्षा 12, 96 प्रतिशत


तनु सिंह कक्षा 12, 95 प्रतिशत


अनमोल वैश्य कक्षा 12, 96 .4 प्रतिशत


अलेख सिंह कक्षा 12, 96 .2 प्रतिशत

### न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से मारपीट

**चन्दौसी।** जिला न्यायालय परिसर में मुकदमे की पैरवी कर लौट रहे अधिवक्ताओं के साथ मारपीट और सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

अधिवक्ता शरदपाल सिंह और सुवेन्द्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 मई को न्यायालय परिसर में विपक्षी जतिन यादव और गुड्डू ने उन्हें रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।पीड़ितों का गंभीर आरोप है कि वारदात के बाद आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर स्टेटस लगाकर वकीलों और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिसके स्क्रीनशॉट पुलिस को सौंपे गए हैं। वकीलों के अनुसार आरोपी कथित रूप से 'कोबरा गैंग' से जुड़े हैं और अवैध हथियार रखते हैं। प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# धूलभरी आंधी से दिन में छाया अंधेरा, जलभराव से लोग हुए परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय


चंदौसी के रेलवे स्टेशन पर आंधी से गिरा पेड़। -जागरण मोर्चा


चंदौसी के मालवीय चौक पर जल भराव से होकर गुजरतें वाहन। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** बुधवार की सुबह अचानक बदले मौसम ने शहर का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। करीब 10 बजे आसमान में काले घने बादल छा गए और तेज धूलभरी आंधी चलने लगी। आंधी इतनी तेज थी कि दिन में ही रात जैसा माहौल बन गया। सड़कों पर वाहन चालकों को लाइट जलाकर गुजरना पड़ा। तेज हवाओं के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दिया। आंधी के कुछ देर बाद शहर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश भले ही ज्यादा देर तक नहीं चली, लेकिन तेज बरसात से शहर की प्रमुख सड़कों के साथ-साथ गली-मोहल्लों में भी जलभराव की स्थिति बन गई। कई स्थानों पर सड़कों पर पानी भर गया, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**तेज आंधी के चलते नगर के स्टेशन रोड पर पेड़ गिर बड़ा हादसा होने से टल गया**

स्कूल से लौट रहे बच्चों और अन्य लोगों को मजबूरी में गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों को भी काफी दिक्कत हुई और कई जगह वाहन धीमी गति से निकलते नजर आए।हालांकि अचानक बदले मौसम और ठंडी हवाओं से लोगों को भीषण गर्मी से राहत जरूर मिली। बारिश थमने के बाद धूप निकल आई लेकिन ठंडी हवाएं चलती रहीं। लोगों का कहना था कि मई की तपती गर्मी के बीच मौसम का यह बदलाव राहत लेकर आया, लेकिन जलभराव और गंदगी ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं की पोल भी खोल दी। इसके साथ ही तेज आंधी के चलते नगर के स्टेशन रोड पर पेड़ गिर गया, जिसके नीचे गई बाइक दब गई लेकिन गनीमत रही कि उस समय वहां पर कोई वाइक सवामी नहीं था जिससे कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं हाईवे पर भी कई पेड़ गिर गए लेकिन कोई दुर्घटना नहीं हुई।

# गतिविधियों से निखरते हैं स्काउट-गाइड

जागरण मोर्चा कार्यालय


शिविर समापन पर स्काउट से हाथ मिलाती गाइड कमिश्नर। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** चन्दौसी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समारोह पूर्वक समापन किया गया। बुधवार को शिविर में विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार, प्राकृतिक आपदा में राहत कार्य, श्रमदान, स्वच्छता, प्रबंधन का शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें डीओसी मीनू सिंह व ट्रेनिंग काउंसलर नीलम कुमारी ने स्काउट-गाइड को विभिन्न जानकारियां उपलब्ध कराई।

जिसमें बताया गया कि शिविर का उद्देश्य ही विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा-भावना, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। शिविर समापन पर गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने पहुंच टेंट का निरीक्षण कर शिविर की व्यवस्था व गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही स्काउंट-गाइड की सराहना की व उनके सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। कहा कि ये गतिविधियां ही स्काउट-गाइड में जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। स्काउट-गाइड एकता व अनुशासन का ही दूसरा नाम है, जिसकी पहचान जाति-धर्म से नहीं बल्कि हौंसले व जज्बे से होती है। यही सामाजिक व साहयिक गतिविधियां विद्यार्थियों को जागरुक करती हैं। गाइड कमिश्नर ने टेंट का निरीक्षण कर स्काउट-गाइड को समाज सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की सीओओ मधुलिका सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# महिलाओं को किया गया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय


मातृ दिवस कार्यक्रम में मौजूद समिति की पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की ओर से बारह सैनी धर्मशाला में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

समिति की प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि मातृ दिवस केवल उपहार देने या लेने का दिन नहीं है, बल्कि यह मां के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। समय-समय पर वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा सामाजिक धार्मिक कार्य होते रहते हैं, उन्हें कार्यों में एक कार्य मातृ दिवस समिति द्वारा धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समिति की प्रत्येक महिला का सम्मान किया गया। पत्रिका वितरण किया गया, जो प्रथम महिला पत्रिका समिति द्वारा वार्षिक बनाई जाती है। इसके अलावा महिला के बीच तंबोला सहित अनेक खेलों का आयोजन हुआ। इसके उपरांत मातृ दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें समिति का उद्देश्य हमेसा महिलाओं को आगे रखना, महिलाओं को जागरुक करना और महिलाओं को हमेशा हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का कार्य करना होता है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रीना चौधरी, पूजा वार्ष्णेय, डा. सुधा, डा. मधुपमा, विनेश, मोनिका, मोनिका चौधरी, बीना, अनुराधा, सीमा, महिमा, रचना, वर्षा, सोनल, सविता, खुशी, श्रुति, लता, तृप्ति, गीता, रितु, प्रियांशी, पूनम, अदिति, रागिनी, प्रियंका चौधरी, गुंजन आदि मौजूद रहे।

### चीनी मिल की गोष्ठी में आधुनिक खेती का मंत्र

**ठाकुरद्वारा।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से बुधवार को मिल प्रांगण में कृषकों को आधुनिक खेती, पेड़ी प्रबंधन तथा गन्ना फसल को कीट एवं बीमारियों से सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशाल कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में मंचासीन उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम्, महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ठाकुरद्वारा, उप महाप्रबंधक प्रभात सिंह तथा सुनील कुमार मलिक सहित चीनी मिल के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा प्रवक्ता के खिलाफ संघ की तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय


कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देते संघ पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** ब्राह्मण शक्ति संघ के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के लिए बोले गए अपशब्दों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर को तहरीर दी।

कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि सपा के प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने ब्राह्मण समाज पर अपशब्द कहते हुए अपमानित किया है। इसलिए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। यदि रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और राजकुमार भाटी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो संगठन पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक कुमार मिश्रा व प्रदेश संयोजक मुकेश गौड़ ने कहा कि राजकुमार भाटी पर ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए कि भविष्य में कोई राजनीतिक दल का व्यक्ति ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का साहस न कर सके। आने वाले चुनावों में ब्राह्मण समाज सपा का बहिष्कार करेगा। तहरीर देने वालों में सचिन मिश्रा, विवेक शर्मा, अविरल शर्मा, राजकुमार शर्मा, सचिन शर्मा, डा. पीके पांडेय, निशांत शर्मा, पराग शर्मा, अभिषेक पाराशरी, राम मिश्रा, विकास मिश्रा, निखिल शर्मा, मुदित शर्मा, शरद दुबे, अंकित मिश्रा, सौरभ शर्मा, बृजेश शर्मा, अमोल शर्मा, योगेश भारद्वाज, राजीव शर्मा, पर्व शर्मा, ओम भारद्वाज, शिरोमणि शर्मा आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया साईं बाबा मंदिर का वार्षिकोत्सव

**चन्दौसी।** श्री शिरडी साईं मंदिर बुधवार को श्री साईं बाबा मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बुधवार की सुबह 7 बजे साईं बाबा का पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके उपरांत पुष्पांजलि हुई और महाआरती संपन्न कराई गई। इसके बाद हवन-पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। दोपहर 12 बजे हवन में पूर्णाहुति दी गई। दोपहर एक बजे से भंडारा प्रारंभ हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश ग्रोवर, अशोक कुमार शर्मा, बलराम शर्मा, प्रदीप गर्ग, विवेक अग्रवाल, संजय गोयल, सतीश जिंदल, सचिन सिंधी, अनिल गुप्ता, विजय पाराशरी, भूपेंद्र गुप्ता, मुनीश जिंदल, अवनीश जिंदल, शिवम जिंदल, राबिन जिंदल आदि रहे।


परामर्श केंद्र पर पति पत्नी को समझाते काउंसलर। -जागरण मोर्चा

# परामर्श केंद्र पर 3 परिवारों का समझौता कराकर मिलवाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक नगर के गौशाला रोड पिंक चौकी स्थित परामर्श केंद्र में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जहां कुल 16 पत्रावली को सुना गया। जिसमें से 3 पत्रावली का निस्तारण किया गया तथा 3 परिवारों को पुनः मिलाकर समझौता कराया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि आदि रहे।

# न्यायालय ने धारा 302 में 5 दोषियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) की न्यायालय ने धारा 302 सहित अन्य धाराओं में 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला जनपद संभल के थाना धनारी से संबंधित है।

एडीजीसी हरिओम प्रकाश ने बताया कि थाना धनारी क्षेत्र के गांव बगढेर निवासी नरेश द्वारा थाने में तहरीर दी। जिसमें बताया कि 24 सितंबर 2017 की अपराह्न 3 बजे गांव के महानंद, गिरीचंद उर्फ ग्रीश, नेकपाल, राहुल, राकेश, अनेगी सिंह, अनिल लाठी-डंडे, फरसे लेकर उनके घर में घुस आए और इन सभी ने

**▶ न्यायालय ने दोषियों को 66-66 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है**

घर में घुसकर करऊ पुत्र प्यारे सिंह, राजवती पत्नी करऊ,राजेश पुत्र करऊ को जान से मारने की नीयत से मारपीट की। शोर शराबा सुनकर सुनील, रामौतार ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। किन्तु यह लोग नहीं माने। तीनों को जख्मी हालत में लेकर थाने आए। पुलिस ने इलाज के लिए गुन्नौर अस्पताल भेज गया। तीनों को गंभीर हालत में अस्पताल मुरादाबाद भर्ती कराया। जिसमें करऊ की 25 सितंबर 2017 को उपचार के लिए मेरठ ले जाते समय मौत हो गई। राजवती पत्नी करऊ की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने विवेचना में महानंद, गिरीश चंद्र उर्फ गिरीश, नेकपाल, राहुल व राकेश के विरुद्ध धारा 302 सहित अन्य कई धाराएं बढ़ाई और चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) की न्यायालय में हुई। जिसमें न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना। न्यायालय ने आरोपी महानंद, गिरीश चंद्र उर्फ गिरीश, नेकपाल, राहुल, राकेश को दोषी पाते हुए उक्त पांचों को धारा 302 में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। साथ ही पांचों दोषियों पर 66-66 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

# बस्ता प्रतियोगिता में छात्रों का कमाल

जागरण मोर्चा कार्यालय


बस्ता प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को पूरस्कार देकर सम्मानित करते शिक्षक।

**चन्दौसी।** नगर के समीप गांव असालतपुर जारई स्थित राहुल रघुवंशी युग निर्माण विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में बुधवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वच्छता, अनुशासन एवं व्यवस्थित अध्ययन सामग्री रखने की भावना विकसित करना रहा।

प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं की घोषणा की गई। जिसमें नर्सरी कक्षा से अंजलि एवं शिवी, यूकेजी से सिद्धार्थ, कक्षा 1 से अर्पिता, कक्षा 2 से आकृति, कक्षा 3 से पूर्वी, कक्षा 4 से गौरव, कक्षा 5 से अंशिका चौधरी, कक्षा 6 से प्रियांशी, कक्षा 7 से गौरी तोमर तथा कक्षा 8 से शीतल विजयी रहीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश पाल सिंह दिव्य द्वारा विजयी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्वच्छ एवं व्यवस्थित बस्ता रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विशेष दीक्षित, विश्वनाथ शर्मा,मनोज कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार सिंह, राजेन्द्र कुमार, शालिनी वशिष्ठ,कोमल चौहान, सुष्मिता शर्मा, संगीता, अवधेश मिश्रा एवं स्नेहलता आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त, लाखों का सामान जला

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बामन खेड़ी में बुधवार को कुदरत का कहर देखने को मिला। यहाँ भारी बारिश के दौरान सफीउल्लाह व नौशाद के घर पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य कमरे के बाहर बरामदे में बैठे हुए थे, जिससे एक बड़ा नुकसान होने से टल गया।बिजली गिरने का धमाका इतना तेज था कि पक्के लेंटर में बड़ा छेद हो गया और मकान की दीवारें बुरी तरह चटक गईं। मकान स्वामी नौशाद ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा में घर के भीतर रखा फ्रिज, इन्वर्टर, बैटरी और अन्य बिजली के उपकरण जल गए। पीड़ित परिवार के अनुसार, मकान की संरचना और घरेलू सामान को मिलाकर लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का मुआयना कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

# रिजल्ट जारी होने के बाद रहा स्कूलों में जशन का माहौल

**कारमेल की छात्रा सलोनी को मिला टॉप टेन में चतुर्थ और नोबल की लवी त्यागी का रहा नवां स्थान**

**गजरौला।** सीबीएसई द्वारा बुधवार को इण्टरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। नगर क्षेत्र में स्थित स्कूलों के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए नाम रोशन किया।

नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल की छात्र सलोनी चाहल ने 97-2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए और जनपद टॉप टेन में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जबकि मानवी चौधरी 92-8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व सुमित कुमार 91-6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। प्रबंधक बिक्रम सिंह, प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा व उप-प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साह बढ़ाया। इसी तरह नोबल पब्लिक स्कूल में लवी त्यागी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम जबकि जिला टॉप टेन में नवां स्थान प्राप्त किया। आयुष ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय व सुहानी भाटी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक राजीव उपाध्याय व प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में मनु घोषाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, अदिति श्रीवास्वत ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय व तनु घोषाल ने 92-4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंध निदेशक चौ-विरेन्द्र सिंह, निदेशक पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र चतुर्वेदी व समन्वयक साक्षी सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।


खुशी मनातीं छात्राएं।


सलोनी चाहल, कारमेल पब्लिक स्कूल


मानवी चौधरी, कारमेल पब्लिक स्कूल


सुमित कुमार, कारमेल पब्लिक स्कूल


मनु घोषाल, एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल


अदिति श्रीवास्तव, एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल


तनु घोषाल, एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल



एचएसएस पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के साथ प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य।

## परीक्षा फल घोषित : एचएसएस पब्लिक स्कूल में खुशी का माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बुधवार की दोपहर को सीबीएसई बोर्ड के द्वारा कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया तो विद्यार्थियों द्वारा अपना परीक्षाफल देखने की उत्सुकता दिखाई दी। वही नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एचएसएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अंकुर काशिव के द्वारा अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि विद्यालय की छात्रा पीहू अग्रवाल ने 95.6,सिराज अहमद ने 94.4, आन्या अग्रवाल ने 92.6 तथा एकांशी गोयल 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# आंधी में गिरे पेड़ से कई घंटे बंद रहा वाहनों का आवागमन

जागरण मोर्चा कार्यालय


नगर के गजरौला मार्ग पर बोलेरो के ऊपर गिरा पेड़। -जागरण मोर्चा


ग्राम शाहपुर एवं गजरौला मार्ग में गिरे पेड़ के कारण लगा जाम।


गांव कालका वाली डगरोली में विद्युत लाइन पर गिरा पेड़।

**हसनपुर।** आंधी व बारिश लोगों के लिए आफत बन गई। आंधी में कई जगह बिजली के खंभे और पेड़ जमींदोज हो गए। नगर से लेकर देहात तक बिजली आपूर्ति गुल हो गई। मुख्य मार्गों पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित रहा।


बुधवार की सुबह आई तेज आंधी से नगर से लेकर देहात तक के लोग प्रभावित हुए। सुबह करीब दस बजे आसमान में अचानक अंधेरा छा गया और वातावरण रात जैसा प्रतीत होने लगा।आंधी के चलते तहसील में कई मुख्य मार्गों पर पेड़ गिर गए। नगर के गजरौला मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के निकट तेज आंधी के कारण एक पापड़ी का पेड़ गजरौला दिशा की तरफ से आ रही बोलेरो गाड़ी पर गिर गया, बोलेरो गाड़ी सवार थाना गजरौला क्षेत्र के गांव नगला माफी निवासी उदित सिंह पुत्र महेश पाल सिंह ने बताया कि वह नगर में अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। अचानक आंधी के कारण उनकी गाड़ी पर पेड़ गिर गया, लेकिन कोई भी जनहानि नहीं हुई है। लेकिन पेड़ गिरने से गजरौला मार्ग पर लंबा जाम लग गया। जाम लगने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गिरे हुए पेड़ को कटवा कर साइड से करवाया तब जाकर कई घंटे की मेहनत के बाद यातायात शुरू हुआ। वही नगर के अलीगढ़ मार्ग पर स्थित गाव शाहपुर कला में सड़क के किनारे पिलखन का पेड़ सड़क पर गिर गया जिससे मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और लगभग डेढ़ घंटे तक बाधित रहा। काफी देर के बाद ग्रामीणों एवं पुलिस की मेहनत के बाद यातायात सुचारू हो सका।इसी तरह गांव हथियाखेडा मैं तेज हवा के कारण पिलखन का पेड़ गिर गया जिसके नीचे बाइक दब गई ग्रामीणों द्वारा बड़ी मुश्किल से पेड़ को हटाकर बाइक को निकाला गया। वही दूसरी ओर गांव कालका वाली डगरौली मैं भी तेज हवा के चलते एक पॉप्युलर का पेड़ विद्युत लाइन पर गिर गया जिससे विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। वही कोतवाली क्षेत्र के तीसरा मिल पर दिनेश पुत्र बलवीर के द्वारा चक्की चलाने के लिए लगाये गए सोलर पैनल की प्लेटें उड़कर दूर जा गिरी। पलेट गिरने से वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित चक्की मलिक ने बताया है कि सोलर पैनल टूटने से उसे डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वही कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंकरौली मिलक में पड़ोसी की दीवार छत पर गिरने से गांव निवासी नानक चंद पुत्र टेकचंद के दो जुड़वा मासूम आर्यन कुमार व दीपिका छत गिरने से घायल हो गए पीड़ित ने बताया कि छात्र की बेड चारपाई बर्तन कपड़े आदि बुरी तरह टूट गए हैं पीड़ित को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। तेज आंधी के चलते नगर के पट रोड पर बीच सड़क पर एक पेड़ आंधी के चलते गिर गया जिससे यातायात में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन शाम तक भी पेड़ को हटाया नहीं जा सका है। आंधी के चलते क्षेत्र में पेड़ व बिजली के खंभे काफी मात्रा में टूटे हैं।

# समर्पण दिवस पर गूंजा मानवता और प्रेम का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में मंगलवार को निरंकारी सत्संग भवन में मिशन के पूर्व सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ "समर्पण दिवस" के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर सतगुरु के बताए मानवता, प्रेम और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

समर्पण दिवस के अवसर पर मुरादाबाद से पहुंचे प्रचारक भगवान दास जी ने सत्संग को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने 36 वर्षों तक निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करते हुए पूरी दुनिया को प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समर्पण दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा भी है। उन्होंने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने जाति, धर्म, ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी और रंगभेद जैसी सामाजिक दूरियों को मिटाकर मानवता को सर्वोपरि मानने का संदेश दिया। निरंकारी मिशन आज भी उन्हीं शिक्षाओं को आगे बढ़ाते हुए समाज सेवा, सत्संग और रक्तदान शिविरों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। सत्संग में मुखी ब्रह्मप्रकाश गुप्ता ने कहा कि मनुष्य को तन, मन और धन से सद्गुरु के प्रति समर्पित होकर मानवता की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने वर्तमान सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही सच्चे मोक्ष का मार्ग है। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान सेवादल संचालक डॉ. राम कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, देवेंद्र नागपाल, दीपक कुमार, रघुनाथ सिंह, नरेश चंचल, विशाल, योगेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रेम प्रकाश, सुनीता अग्रवाल, रितु गुप्ता, वंदना चौहान, राजबाला देवी, किशन देवी, शकुंतला देवी, निशा गोला, लक्ष्मी, पूजा रहे।



ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रोड स्थित संत निरंकारी भवन में सत्संग सुनते अनुयाई।

# आवारा कुत्तों ने मासूम को बुरी तरह नोचा, हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव अब्दुल्ला कॉलोनी मुबारकपुर कला में आवारा कुत्तों का आतंक जानलेवा होता जा रहा है। बुधवार दोपहर कुत्तों के झुंड ने एक दस वर्षीय मासूम पर जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत और प्रशासन के खिलाफ भारी रोष है।

प्राप्त विवरण के अनुसार, गजरौला के मोहल्ला पीर नगर पक्का पुल निवासी सादिक का पुत्र अल्फेज 10 वर्षीय जो कक्षा 2 का छात्र है, मंगलवार की शाम अब्दुल्लाह कॉलोनी में अपने नाना सफीक अहमद के घर आया हुआ था। बुधवार दोपहर वह पड़ोस के बच्चों के साथ बाग में खेलने गया था, तभी घात लगाए कुत्तों ने उसे घेर लिया। चीख-पुकार सुनकर पास मौजूद पड़ोसी युवक और परिजन मौके की ओर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद मासूम को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। परिजनों ने घायल अल्फेज को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ममेरे भाई इरशाद ने बताया कि ये दस से बारह कुत्ते अब तक चार से अधिक बार ग्रामीणों पर वार कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन मौन है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कुत्ते नहीं पकड़े गए तो वे आंदोलन करेंगे।

# बारिश से नगर में जलभराव, निकलने में हुई दिक्कतें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में आंधी के साथ हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नगर की सड़क व गली मोहल्लों समेत सरकारी कार्यालयों में जलभराव हो गया। जिससे लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नाले व नालियां ओवरफ्लो होने की वजह से पानी भर गया। बारिश ने नगर पालिका द्वारा कराई जाने वाली साफ-सफाई की पोल खोल कर रख दी।बुधवार को तेज आंधी के साथ आई बारिश से नगर के मुख्य मार्गो सहित कई मोहल्ले में जल भराव की समस्या से नगर वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा और काफी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के चलते नगर के रेरा अड्डे पर स्थित अलीगढ़ मार्ग पर पानी भरने से यातायात प्रभावित रहा और वहीं व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर की पुरानी सब्जी मंडी मार्ग पर भी बरसात का पानी भरने से जहां नगर वासियों को परेशानी उठानी पड़ी। इसके अलावा नगर के मोहल्ला कायस्थान, मोहल्ला महल, मोहल्ला होली वाला, लाल बाग, आंखुन चौक आदि स्थानों पर भी बारिश का पानी भरने से मोहल्ले वासियों को दिक्कतें उठानी पड़ी। इसके अलावा नगर स्थित सरकारी कार्यालय में भी बरसात का पानी जमा हो गया था। नगर पालिका के बड़े बाबू दिनेश कुमार से जब इस विषय में वार्ता की तो उन्होंने बताया कि तेज बारिश के कारण कुछ स्थानों पर बरसात का पानी एकत्र हो गया था लेकिन बरसात बंद होने के बाद कुछ देर में सामान्य हो गया।

## बाइक सवार दबंग ने युवक पर किया हमला

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगलिया नारायण में जाम के दौरान रास्ता मांगने को लेकर हुए विवाद में एक युवक को लोहे की रॉड से मारकर लहूलुहान कर दिया गया। पीड़ित रोहित कुमार मंगलवार शाम को बाइक से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में जाम लगा होने के कारण जब उसने बाइक साइड करने में असमर्थता जताई, तो गांव के ही एक युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपी ने रोहित की बाइक की चाबी छीन ली और लोहे की रॉड से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। घायल रोहित सड़क पर गिर पड़ा और आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रसव के बाद प्रसूता की मौत पर हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के एक अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता की उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल के सामने शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा। सूचना पर पहुंची पुलिस समझौते के प्रयास जारी। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर सुल्तानठेर निवासी सोनू उर्फ सुशील ने पत्नी बबीता को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया था जहां ऑपरेशन के द्वारा प्रसूता ने बेटे को जन्म दिया था। लेकिन कुछ घंटे बाद ही प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी तो चिकित्सक ने गंभीर हालत में प्रसूता को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। जहां बुधवार की सुबह प्रसूता की उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों के द्वारा प्रसूता के शव को नगर के निजी अस्पताल में लाकर रख दिया और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हंगामा कर रहे मृतका के परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। वही कुछ संभ्रांत व्यक्तियों के द्वारा चिकित्सा वह मृतका के परिजनों का समझौता कर दिया। बिना किसी कानूनी कार्रवाई के परिजन मृतका के शव को अपने घर ले गए। जहां देर शाम परिजनों के द्वारा मृतका के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूचना पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने अस्पताल में लगी ओटी को सील कर दिया।


मृतका का फाइल फोटो।


मृतका के परिजनों से जानकारी करते पुलिस। -जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### अवैध शराब के 22 पव्वों के साथ गिरफ्तार


**नगीना।** अवैध शराब के 22 पव्वों के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नगीना पुलिस के एसआई प्रवीण कुमार मुखबिर की सूचना पर ग्राम डेलपुरा के मोड़ पर पहुंचे तो एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसके पास से तलाशी में उसके थैले से 22 देसी शराब के अवैध पव्वे बरामद हुए पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मोहित कुमार पुत्र बेगराज सिंह निवासी ग्राम अब्दुल अजीजपुर उर्फ डेलपुरा थाना नगीना जिला बिजनौर बताया पकड़े गये आरोपी पर धारा 60 ( 1) आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस ने कारवाही शुरू कर दी है।

### रंजिश में बाग के तीन पेड़ काटे

**नगीना।** गंदा पानी व गंदगी डाल कर रंजिशन बाग के तीन पेड़ काटने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात में मामला दर्ज कर विरुद्ध पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी निवासी सुधीर कुमार पुत्र गुलशन सिंह का निकटवर्ती ग्राम डेलपुरा में आम का बाग है जो आबादी से लगा हुआ है जिसमें 30 साल पुराने आम के पेड़ लगे है और कुछ नए पेड़ भी है पीड़ित सुधीर के अनुसार अज्ञात असामाजिक तत्वों ने पहले गंदा पानी व कूड़ा करकट डाल कर उसके पेड़ों को नष्ट करना चाहा दो माह पूर्व गंदगी डाले जाने के कारण उसके बाग के तीन पेड़ सूखकर नष्ट हो गए थे अब पुन : गंदगी किए जाने के बाद पुलिस को शिकायत करने से क्षुब्ध होकर असामाजिक तत्वों ने 9/10 मई की रात्रि को तीन पेड़ काटकर नष्ट कर दिए। पीड़ित सुधीर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जंगल में तेंदुआ दिखने से हड़कंप, ग्रामीणों ने खेत की घेराबंदी कर वन विभाग को बुलाया

**हसनपुर।** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव फिरोजाबाद के जंगल में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बुधवार को जंगल गए ग्रामीणों ने एक गन्ने के खेत में तेंदुए को बैठे देखा, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शोर मच गया। देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर जमा हो गए और तेंदुए को पकड़वाने के लिए खेत को चारों तरफ से घेर लिया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और थाना सैदनगली पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीण इस बात पर अड़े हैं कि जब तक तेंदुए को पिंजरा लगाकर पकड़ा नहीं जाता, वे पीछे नहीं हटेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए की मौजूदगी से किसान खेतों पर जाने से डर रहे हैं और जान का खतरा बना हुआ है। फिलहाल, वन विभाग की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारी में जुटी है और लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी गई है।


तेंदुए के पैर के निशान।

### शेड्यूल फेल, नगीना में बिजली संकट

**नगीना।** तहसील मुख्यालय होने के बावजूद भी नगीना में विद्युत कटौती निर्धारित शेड्यूल के अनुसार नहीं की जा रही है। जिससे लोग रात्रि में ठीक से सो नहीं पाते है। यूपी एसएलडीसी के अधीक्षण अभियंता ने तहसील मुख्यालयों के लिए एक मई से 31 मई तक प्रतिदिन ढाई घंटे विद्युत कटौती का शेड्यूल जारी किया था। तहसील मुख्यालयों में प्रतिदिन प्रात : 7 बजे से 8 :30 बजे तक तथा अपराह्न 3 बजे से 4 बजे तक( कुल ढाई घंटे )विद्युत कटौती की जाएगी ।लेकिन नगीना तहसील मुख्यालय पर बिजली की कटौती रोजाना सुबह 6 बजे से 8 बजे तक तथा दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक ( तीन घंटे )बिजली की कटौती की जा रही है ।इसके अलावा दिन व रात में कईं बार बिजली की कटौती की जा रही है ।कुल मिला कर लगभग चार से पांच घंटे की कटौती की जा रही है ।सुबह 6 बजे से 8 बजे तक बिजली कटौती के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों व काम धंधों पर जाने वाले लोगों को अपनी सुबह सवेरे की दिनचर्या करने और महिलाओं को सुबह सवेरे के काम काज करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### काष्ठ शिल्प कला उद्योग के लिए हुआ शेड्यूल में परिवर्तन

**नगीना।** विद्युत वितरण खंड के अधीक्षण अभियंता पुष्पेश कुमार ने बताया कि काष्ठ शिल्प कला उद्योग की सुविधा के लिए नगीना विधायक के आग्रह पर बिजली कटौती का यह शेड्यूल 2024 से ही लागू है ।काष्ठ कला उद्योग में काम सुबह आठ बजे से शुरू होता है और दोपहर को एक से दो बजे तक लंच रहता है इसलिए सुबह को 6 बजे से 8 बजे तक तथा दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक कटौती की जाती है।

### हिस्सा बंटवारे के विवाद में ताई के ईंट मार किया घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गाव में संपत्ति के बंटवारे को लेकर मारपीट महिला घायल। जमीन के विवाद में देवर के लड़कों ने अपनी ही ताई पर ईंट से हमला बोल दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं। घायल हालत में पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ नाम जड़ तहरीर दी। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्रके गांव सहेलिया निवासी संतोष पत्नी हरकेश का अपने देवर के परिवार के साथ काफी समय से हिस्सेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार दोपहर इसी बात पर फिर से तकरार शुरू हुई। विवाद इतना बढ़ा कि आवेश में आकर देवर के लड़कों ने संतोष के सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए।

# संपादकीय

## आर्थिक आपातकाल के आसार

क्या भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है? क्या आर्थिक आपातकाल के आसार हैं और भारत सरकार कुछ कड़े और बड़े फैसले ले सकती है? क्या कुछ पाबंदियां भी चस्पां की जा सकती हैं? क्या प्रधानमंत्री मोदी की अपील देश के आम आदमी के लिए ही है? नेताओं की जमात के लिए 'बचत' अपरिहार्य क्यों नहीं है? हमने प्रधानमंत्री की अपील और हिदायतों का विश्लेषण किया था। उसका दूसरा पक्ष यह है कि देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं–रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डवलपमेंट बैंक–ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। वैसे भी भारत अब विश्व की चौथी नहीं, छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें और भी गिरावट के आसार हैं। यह मूल्यांकन आसन्न आर्थिक संकट का पहला संकेत है। खुद प्रधानमंत्री ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी, तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक संकट और पेट्रो उत्पादों की कमी के कारण देश से अपील नहीं की है। वह न ही किसी तरह के 'दान' के पक्ष में हैं, जैसा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान किया गया था। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके। ईरान युद्ध की शुरुआत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 720 अरब डॉलर का था, लेकिन युद्ध के करीब 75 दिन के बाद यह भंडार घट कर 690 अरब डॉलर हो गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन खर्चों को कम करने की अपील की है, जिनमें डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। करीब 80 फीसदी कच्चे तेल और 70 फीसदी से अधिक सोने के आयात डॉलर में ही किए जाते हैं। डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 'रुपए' में 95 .28 तक की ऐतिहासिक गिरावट ने संकट को गहरा दिया है। इस समय 'रुपया' दुनिया की दूसरी सबसे कमजोर मुद्रा है, जिसमें 12 फीसदी अवमूल्यन हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है, लेकिन भारत सरकार ने विदेशों से 168 टन सोना खरीदा है। अब भारत के पास सोने का कुल भंडार 880 टन का है। इसे 'राष्ट्रीय सुरक्षा' से जोड़ कर आंका जा रहा है। दरअसल हमारा बुनियादी सवाल सरकारी व्यवस्था और नेताओं की जमात से है। देश में प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और आम अति विशिष्ट चेहरे भी लंबे–चौड़े काफिलों के साथ चलते हैं। यदि वाकई संकट के हालात हैं, तो मुख्यमंत्री और मंत्री सरकारी हेलीकॉप्टर पर सवार क्यों रहते हैं? क्या हवाई उड़ानें 'पानी' से चलती हैं? हमारे जन–प्रतिनिधि रेलगाड़ी के विशेष कक्ष में सफर क्यों नहीं कर सकते? यदि सार्वजनिक परिवहन नेताओं के लिए 'असुरक्षित' हैं, तो रेलवे में असंख्य यात्रियों की सुरक्षा दांव पर क्यों लगा रखी है? हम प्रधानमंत्री को अपवाद के तौर पर छोड़ देते हैं, क्योंकि वह देशहित में, देश के लिए ही, सर्वोच्च कार्यकारी अधिकारी के तौर पर 'विशेष वाहन' का इस्तेमाल करते हैं और अब मई में ही 5 देशों की यात्रा पर जाएंगे, लेकिन हम प्रधानमंत्री के 'रोड शो' पर सवाल और आपत्ति जरूर करेंगे। हमारा राजनीतिक नेतृत्व पहल करे, बचत के नए आयाम स्थापित करे, आम जन–प्रतिनिधि बने, तो यह देश भी उसका अनुसरण करेगा। दरअसल युद्ध और होर्मुज जलमार्ग बंद होने के कारण ऊर्जा–संकट दुनिया भर में है। कच्चा तेल महंगा मिलने के कारण भारत को हररोज 1619 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। आयात बिल में खाद्य तेल पर 1.86 लाख करोड़ और खाद पर 1 .38 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बाजार में यूरिया, डीएपी की कीमतें दोगुनी बढ़ा दी गई हैं। इसके अलावा, सरकार को खाद पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी किसानों को देनी पड़ रही है। नतीजतन बुनियादी ढांचे और विकास पर किया जाने वाला पूंजीगत खर्च कम करना पड़ रहा है। चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है। तमाम आयातों पर विदेशी मुद्रा खर्च होती है। यह 'अकाल' हम 1990–92 के दौर में झेल चुके हैं, जब देश का 67 टन सोना गिरवी रखना पड़ा था।

# मुश्किलों के बीच मितव्ययिता की अपील

आज दुनिया जिस दौर से गुजर रही है, वह केवल भू-राजनीतिक तनाव का दौर नहीं, बल्कि आर्थिक अस्थिरता का भी दौर है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव कच्चे तेल की आपूर्ति और समुद्री व्यापार मार्गों को प्रभावित कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव अब भी यूरोप की अर्थव्यवस्था पर दिखाई दे रहे हैं, जबकि अमेरिका-चीन तनाव वैश्विक सप्लाई चेन और कमोडिटी बाजारों को नये सिरे से आकार दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतें अस्थिर हैं, उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर दबाव बना हुआ है और वैश्विक राजनीति अब सीधे-सीधे आर्थिक परिणामों को प्रभावित कर रही है।

भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से महत्व रखती है, क्योंकि देश कच्चे तेल की अपनी आवश्यकता का लगभग 87 प्रतिशत विदेशों से आयात के माध्यम से पूरी करता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में आने वाला हर झटका महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों और घरेलू बजट पर सीधा-सीधा असर डालता है। हालांकि, हाल के दौर में भारत ने ऊर्जा आयात के स्रोतों को 40 से अधिक देशों तक विस्तारित कर, पश्चिम एशिया में अपनी कूटनीतिक सक्रियता बढ़ाकर और नये व्यापारिक गलियारों के निर्माण के माध्यम से स्थिति को संभालने की कोशिश की है। लेकिन ऐसी संरचनात्मक रणनीतियों का असर समय के साथ ही दिखाई देता है।

वास्तविकता यह है कि कच्चे तेल का बाजार रातोंरात स्थिर नहीं होता और सप्लाई चेन की स्थिति भी कुछ महीनों में नहीं सुधरती। ऐसे कठिन समय में आर्थिक मजबूती केवल सरकारों और संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं रहती, बल्कि करोड़ों नागरिकों के रोजमर्रा के छोटे-छोटे फैसले भी उतने ही महत्वपूर्ण हो जाते हैं। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनावश्यक ईंधन खपत कम करने, गैर-जरूरी सोने की खरीद टालने, देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने और जहां संभव हो वहां वर्क फ्रॉम होम अपनाने की अपील को समझना चाहिए। पहली नजर में प्रधानमंत्री के ये सुझाव प्रतीकात्मक नजर आ सकते हैं, लेकिन इनके पीछे मजबूत आर्थिक तर्क मौजूद हैं। वित्त वर्ष 2025-26




में भारत में सोने का आयात लगभग 72 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो कच्चे तेल के बाद दूसरी सबसे बड़ी आयातित वस्तु है।

दूसरी ओर, देश के चालू खाते का घाटा बढ़ने की आशंका है, खासकर तब, जब कच्चे तेल की ऊंची कीमतें लंबे समय तक बनी रहें। चालू खाते का घाटा जब बढ़ता है, तब उसका असर केवल आर्थिक आंकड़ों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका रुपये पर दबाव बढ़ता है, पेट्रोल महंगा होता है, विदेश में पढ़ाई का खर्च बढ़ता है और होम लोन की इएमआइ तक इससे प्रभावित हो सकती है। इस तरह वैश्विक अर्थव्यवस्था का दबाव अंततः आम परिवार की रसोई तक पहुंच जाता है। चुनौती भरे इस वैश्विक परिदृश्य में भारत को कठोर मितव्ययिता की आवश्यकता नहीं है। जरूरत केवल समझदारी भरे विकल्पों की है-यानी ऐसे छोटे-छोटे बदलावों पर अमल करना, जो विदेशी मुद्रा पर दबाव कम करें, लेकिन जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित न करें। उदाहरण के तौर पर, भारतीय शादियों को देखा जा सकता है। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए शादी अक्सर सबसे बड़ा खर्च होता है और इसका बड़ा हिस्सा आयात आधारित होता है, जैसे-सोने के गहने, विदेशी डेस्टिनेशन वेडिंग, विदेश यात्राएं और आयातित सजावट। इसमें संयम का परिचय दिया जा सकता है। संयम का अर्थ उत्सव को त्यागना नहीं है। यदि कुछ हिस्सा सोने की खरीद के बजाय वित्तीय निवेश में लगाया जाये और बाली या दुबई की जगह उदयपुर, जयपुर या केरल जैसे भारतीय पर्यटन स्थलों को चुना जाये, तो आर्थिक लाभ देश के भीतर ही बना रहेगा। विवेकपूर्ण खर्च का उद्देश्य खुशियों को कम करना कतई नहीं है, बल्कि खर्च को अधिक विवेकपूर्ण बनाना है।

यही बात रोजमर्रा की खपत पर भी लागू होती है। ईंधन का अत्यधिक उपयोग, आयातित खाद्य तेल, विदेशी ब्रांडों की खरीद, विदेशी छुट्टियां और अनावश्यक आयात आधारित उपभोग धीरे-धीरे देश की बाहरी आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ाते हैं। यदि शहरी मध्यमवर्ग का एक हिस्सा भी अपनी विदेशी मुद्रा आधारित वैकल्पिक खपत में 15-20 प्रतिशत की कमी लाये, तो इससे हर वर्ष अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा बचायी जा सकती है। यातायात के तौर-तरीकों पर भी पुनर्विचार करना आवश्यक है। ऊर्जा के महंगे होने के दौर में मेट्रो रेल, सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग और हाइब्रिड वर्क मॉडल आर्थिक रूप से व्यावहारिक विकल्प हैं। देश के बड़े कॉरपोरेट संस्थान यदि सप्ताह में दो-तीन दिन वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था अपनायें, तो हर महीने सैकड़ों करोड़ रुपये के ईंधन की बचत संभव है।

इससे ट्रैफिक और प्रदूषण भी कम होगा। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ना भी इस दिशा में एक स्थायी कदम है। हर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर पेट्रोल पर निर्भरता को स्थायी रूप से कम करता है। वास्तविकता यह है कि भारत का इवी इकोसिस्टम अब पहले की तुलना में कहीं अधिक परिपक्व हो चुका है और इसकी परिचालन लागत भी तुलनात्मक रूप से कम है। इस दौर में उद्योग जगत के लिए भी अवसर मौजूद हैं।

ज्वेलरी उद्योग हल्के और कम सोने वाले डिजाइनों पर ध्यान दे सकता है। ऐसे ही, पर्यटन उद्योग विश्वस्तरीय भारतीय अनुभव तैयार कर सकता है, ताकि भारतीय पर्यटक विदेश जाने के बजाय देश के भीतर खर्च करें। हालांकि, इस मामले में सरकार को भी संरचनात्मक प्रोत्साहन देने होंगे-जैसे बड़ी शहरी परियोजनाओं में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देना और कम दूरी की सरकारी यात्राओं में रेल एवं इवी आधारित परिवहन को प्राथमिकता देना। देश केवल बड़े भाषणों से आर्थिक चुनौतियों से बाहर नहीं निकलते। वे करोड़ों लोगों द्वारा समय के साथ किये गये छोटे, लेकिन लगातार व्यावहारिक बदलावों से मजबूत बनते हैं।

भारत ने डिजिटल भुगतान, स्वच्छता अभियान और टीकाकरण जैसे सफल अभियानों के जरिये सामूहिक बदलाव की अपनी क्षमता पहले भी साबित की है। वैश्विक अस्थिरता का यह दौर भी एक समय के बाद समाप्त हो जायेगा। लेकिन सबसे मजबूत वही देश बनकर उभरेंगे, जिन्होंने इस चुनौतीपूर्ण समय का उपयोग समझदारी से किया। आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक मजबूती केवल सरकारी नीतियों पर नहीं, इस बात पर भी निर्भर करेगी कि परिवार, व्यवसाय और नागरिक रोजमर्रा के अपने छोटे-छोटे फैसले कितनी बुद्धिमानी से लेते हैं। आखिरकार, रसोई की मेज पर बचाया गया रुपया ही वह रुपया है, जिसे विदेशी मुद्रा बाजार में बचाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। कठिन समय में यही आर्थिक देशभक्ति का वास्तविक अर्थ है।

# गंभीर जल और पर्यावरणीय संकट की आहट

हिम के घर के रूप में हिमालय में बर्फ की कमी गंभीर चिंता का विषय है। अध्ययनों के अनुसार हिमालय में हिमपात और बर्फ के जमाव की दर में कमी आ रही है, जिससे हैंगिंग ग्लेशियरों और हिमनदी झीलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके कारण केदारनाथ और ऋषिगंगा जैसी भयंकर आपदाओं की आशंका बढ़ रही है। साथ ही सतलुज-झेलम से लेकर ब्रह्मपुत्र तक हिमनदों पर निर्भर नदियों में जलप्रवाह में कमी की आशंका भी बढ़ गई है। इससे पूरे एशिया के मौसम में बदलाव की आशंकाएं बढ़ रही हैं।





राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की हालिया प्रकाशित वैज्ञानिक रिपोर्ट के आधार पर उत्तराखण्ड के अलकनन्दा बेसिन में बढ़ती हैंगिंग ग्लेशियरों की समस्या का स्वतः संज्ञान लिया। उक्त शोधपत्र के अनुसार उत्तराखंड के अलकनन्दा बेसिन में 219 हैंगिंग ग्लेशियरों की पहचान की गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि और वर्षा के स्वरूप में बदलाव से इन ग्लेशियरों की स्थिरता तेजी से कम हो रही है। फलतः पर्वतीय ढलानों पर अचानक बर्फ या बर्फ-मिश्रित चट्टानों के गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे विनाशकारी हिमस्खलन और बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

काठमाण्डू स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2026 में हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र में बर्फ के जमीन पर टिके रहने की अवधि सामान्य से 27.8 प्रतिशत कम दर्ज की गई है। यह पिछले दो दशकों में सबसे न्यूनतम स्तर है और लगातार चौथा वर्ष है जब हिम स्तर सामान्य से नीचे रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लेशियल लेक्स की संख्या में वृद्धि के साथ नदियों के प्रवाह में भारी कमी आ सकती है।

वर्ष 2019 में प्रकाशित इंटरनेशनल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की रिपोर्ट में कहा गया था कि यदि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित नहीं किया गया, तो इस सदी के अंत तक हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र के एक-तिहाई से अधिक ग्लेशियर समाप्त हो सकते हैं। इसी प्रकार, वर्ष 2021 में प्रकाशित 'विश्व मौसम संगठन' की रिपोर्ट में हिमालयी क्षेत्रों में औसत तापमान वृद्धि को वैश्विक औसत से अधिक बताया गया, जो ग्लेशियरों के तेज पिघलाव का प्रमुख कारण है।

हिमालय में बढ़ते खतरों के चलते वर्ष 2021 की 7 फरवरी को चमोली जिले में ऋषिगंगा-धौलीगंगा आपदा हुई थी। इस घटना में अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। वैज्ञानिकों के अनुसार यह आपदा संभवतः एक चट्टान और ग्लेशियर के संयुक्त टूटने से उत्पन्न हुई थी। इसी तरह, वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा में अत्यधिक वर्षा, ग्लेशियर झील के फटने और भूस्खलन के संयुक्त प्रभाव से हजारों लोगों की जान चली गई थी।

दरअसल, हिमालयी क्षेत्रों में मानव गतिविधियों का बढ़ता दबाव संकट को और जटिल बना रहा है। पिछले दो दशकों में तीर्थस्थलों, पर्यटन केंद्रों और सीमा क्षेत्रों में सड़कों, भवनों तथा अन्य बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। वैज्ञानिकों ने पाया कि कई सीमांत क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियां ऐसे स्थानों तक पहुंच गई हैं, जो भूस्खलन और हिमस्खलन के दृष्टि से अत्यधिक जोखिम वाले हैं। जब प्राकृतिक अस्थिरता और मानव दबाव एक साथ बढ़ते हैं, तो आपदाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। अध्ययनों में पाया गया कि गंगा बेसिन के कई ग्लेशियर पिछले तीन दशकों में औसतन 10–30 मीटर प्रति वर्ष की दर से पीछे हट रहे हैं। इसके साथ ही ग्लेशियर झीलों की संख्या और आकार में भी वृद्धि हुई है। इन झीलों के अचानक फटने की घटनाएं विनाश का कारण बन सकती हैं।

उत्तराखंड में 2013 के बाद से कई नई झीलों की पहचान की गई है, जिनमें से कई को उच्च जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है। हिमालयी बर्फ और ग्लेशियर पिघलाव से हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र की नदियों के कुल प्रवाह का लगभग 23 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त होता है। यदि बर्फ की मात्रा लगातार घटती रही, तो प्रारंभिक वर्षों में बाढ़ की घटनाएं बढ़ सकती हैं, लेकिन दीर्घकाल में नदियों का जल स्तर घट सकता है, जिससे कृषि, जलविद्युत उत्पादन और पेयजल आपूर्ति पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। हिमालय में घटती बर्फ मानव अस्तित्व से जुड़ा गंभीर प्रश्न बनती जा रही है। इससे आने वाले वर्षों में हिमालयी क्षेत्र से जुड़े विशाल भूभाग को भी गंभीर जल-पर्यावरणीय संकट का सामना करना पड़ सकता है।

## घोषणा भारत में मगर अमल पाकिस्तान में

नारा इंडिया में दिया गया था, अबकी बार 400 पार। पर इस पर अमल हुआ पाकिस्तान में। वहां डीजल और पेट्रोल के भाव 400 रुपये लीटर से ऊपर जा चुके हैं। पाक जनरल पाक पब्लिक को समझा रहे हैं कि हम इंडिया से बहुत आगे हैं, 400 रुपये तक पहुंचने में इंडिया को बहुत टाइम लगेगा।

पाकिस्तान में जनता पूछ रही है, जनरल साहब गाड़ी चलाएं या घर। जनरल साहब : इंडिया से आगे जाने की कीमत तो चुकानी पड़ेगी। 993 रुपये उछलते हुए कमर्शियल गैस सिलेंडर ने कहा-घरेलू गैस सिलेंडर से-अब इज्जत से बात किया कर। यह ठीक है कि हमारा कुल गोत्र एक ही है पर अब मेरा भाव बहुत ज्यादा है। घरेलू सिलेंडर ने कहा कि भूल मत, नेता हो या सिलेंडर, भाव अगर बहुत ज्यादा दिखाए तो जनता पत्थर से रीफिल करना शुरू कर देती है। सूरमा भोपाली ने ट्रंप को बताया है कि असल में बगैर जीते हुए भी आप सूरमा बन सकते हो। आप ईरान युद्ध पर एक्जिट पोल कराके खुद को जीता हुआ डिक्लेयर कर दो, खंभा उखाड़ के। आतंकी तस्कर दाऊद इब्राहिम के गुर्गे सलीम डोला का इंपोर्ट, और प्रियंका चोपड़ा का एक्सपोर्ट अमेरिका को बहुत पहले हो चुका है। यानी हमारा ट्रेड बैलेंस बहुत खराब है। इस तरह की आवाजाही सही नहीं है। तस्करों को बाहर ही निपटाया जाए, इस सम्बन्ध में दिशा-निर्देश के लिए धुरंधर श्री का इंतजार किया जाए। सूरज इतना क्यों गर्म हो रहा है, लगता है कि सूरज के सांसद भी आप के सांसदों की तरह कहीं और निकल लिए हैं। या सूरज के बेटे या दामाद ने एयर कंडीशनर बेचने की एजेंसी ले ली है। या सूरज को ट्रंप ने धमका लिया है कि अगला नंबर सूरज का है, कब्जा कर लेंगे। या सूरज महीनों की गिनती भूल गया है, ऐसी गर्मी जून में देनी थी, वह अप्रैल में ही दे गया। आप के एक नेता ने पार्टी छोड़कर गए राघव चड्ढा से कहा कि तुम्हारी शादी परिणीति चोपड़ा से इसलिए हो पाई कि पार्टी ने तुम्हें राज्यसभा का मेंबर बनाया था। आप शादी करवाती है, यह बात सलमान खान को बता दी जाए तो उनकी शादी भी हो जाएगी। अब आमिर खान की फिल्म थ्री इडियट्स टू की बात चल रही है। आमिर को चुपचाप काम करना चाहिए था। किसी कमाई के काम में ट्रंप हिस्सा मांगते हैं। ट्रंप धमकाएंगे-मुझे और पाकिस्तान के आसिम मुनीर को भी इस फिल्म का इडियट मानो। जब ट्रंप वाले जमावड़े में गोलियों की दहशत थी, तब एक पत्रकार शराब की बोतलों को उठाकर अंदर कर रही थीं। यह है प्रतिबद्धता, लोग जान बचाकर भाग रहे थे, तब वह बोतल बचा रही थीं। फिल्मों के मशहूर शराबी अमिताभ बच्चन से इन्हें सम्मान मिले।

# मेरी मिसेज को सफल बनाएं

हे मेरे मोहल्ले के जागरूक वोटरो! आपको यह जानकर हर्ष होगा कि मोहल्ला विकास समिति के चुनावी अखाड़े में इस बार मेरे बदले मेरी मिसेज को आपकी सेवा करने का हाईकमान से टिकट मिला है। इसलिए अबकी बार मेरे बदले वह वादों, आश्वासनों का पिटारा ले आपको रिझाने आ रही है। इसके लिए आपको बहुत बहुत बधाई! पार्टी हाईकमान के आदेशानुसार पिछले चुनाव में मैं आपकी सेवा में हाजिर हुआ था। आपकी सेवा करते करते आपसे अपनी सेवा करवाते करवाते कब पांच साल गुजर गए, पता ही न चला। अबके मोहल्ला विकास समिति के चुनाव में मोहल्ले की ये सीट महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित होने के चलते मैं लाख आपकी सेवा को छटपटाते हुए भी आपकी सेवा के लिए चुनाव नहीं लड़ सकता। इसके लिए मैं आपसे दोनों हाथ जोड़ क्षमाप्रार्थी हूं। असल में हमारे मोहल्ला विकास समिति के दूसरे सदस्य मेरे द्वारा आपके विकास के नाम पर अपने विकास को होते देख मुझसे जल रहे थे। इसलिए



उन्होंने मोहल्ला विकास समिति की यह सीट महिला के लिए आरक्षित करवा दी। पर मैं भी चुप कहां बैठने वाला था? वह जनसेवक ही क्या जो जनसेवा के टिकट को लेकर चुप बैठे? एक सच्चा जनसेवक हर टिकट को लेकर चुप बैठ सकता है, पर चुनाव लडने के टिकट को लेकर कभी नहीं। ज्यों ही हाईकमान ने मेरी वाली सीट महिला को आरक्षित की तो मैंने बिन एक पल गंवाए अपनी मिसेज की दावेदारी इस सीट पर ठोंक दी। मैंने सोचा, मैं न सही तो न सही। मेरे पास इस सीट की सबकी मिसेजों में सबसे सशक्त उम्मीदवार मेरी मिसेज है। मेरी मिसेज के पास जनसेवा का थोक में पारिवारिक अनुभव है। कहीं और पारिवारिक अनुभव चले या न, पर राजनीति में केवल और केवल पारिवारिक अनुभव ही चलता है। और वे मान गए। आज के लोकतंत्र में जो विदुर भी एक बार टिकट लेकर चुनाव जीत जाएं तो अगले चुनाव में धृतराष्ट्र हो जाएं। हे मेरे कम मेरी मिसेज के वोटरो! मेरी मिसेज भले ही कम पढ़ी लिखी हो, पर वह सुशील है, सौम्य है। इससे अधिक और वोटरों को चाहिए भी क्या! पढ़ा लिखा होने से कोई नेता बड़ा थोड़े ही होता है। वह तो अपने कांडों से बड़ा होता है। हे मेरे मेरी मिसेज को किए हस्तांतरित वोटरो! मेरे वाली सीट महिला को आरक्षित होने पर पहले तो मैंने सोचा कि अब हमारी पारिवारिक सीट से मेरी दादी चुनाव लड़े। अपने किए विकास के नाम पर तब उसके लिए आपसे वोट मांग लूंगा। पर वह मोहल्ला विकास समिति का चुनाव लडने से मेरी दादी साफ मुकर गई। उसने दो टूक कहा कि अब उसकी उम्र मोहल्ला विकास समिति के चुनाव लडने की नहीं रही। वह राज्यसभा में जाकर मोहल्ले की नहीं, देश की सेवा करना चाहती है।

# घर लौट आयी है बंगाल की मूल आत्मा

नौ मई की तपती दोपहर को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में इतिहास ने केवल एक पन्ना नहीं पलटा। वह एक गेरुआ उभार के रूप में फूट पड़ा, जिसने सात दशकों से अधिक की वैचारिक जड़ता को झुलसा दिया। पश्चिम बंगाल के इतिहास में पहली बार गेरुआ वस्त्रधारी एक नेता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पचपन वर्षीय शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस से उभरकर अपनी पहचान बनायी। उनका परिधान केवल वस्त्र नहीं था, बल्कि एक ऐसे राज्य में, जो लंबे समय तक कांग्रेस की निष्क्रियता, मार्क्सवादी कुप्रबंधन और ममता बनर्जी की राजनीति से बंधा रहा, सांस्कृतिक पुनरुत्थान की चुनौतीपूर्ण घोषणा के रूप में था।

राज्यपाल आरएन रवि भी, जिन्होंने तमिलनाडु में अपने कार्यकाल के दौरान शायद ही



कभी पारंपरिक वस्त्र पहने थे, गेरुआ कुर्ता और पारंपरिक बंगाली धोती में सुसज्जित दिखाई पड़े। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ, जो समान रंग की साड़ी पहने थीं, उस दिन रवींद्रनाथ ठाकुर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस क्षण को संभव बनाने वाला जनादेश एक ऐतिहासिक विभाजन था। भाजपा की 207 सीटों और 45 प्रतिशत मतों के साथ मिली विजय फुसफुसाहट नहीं, बल्कि प्रबल जनाक्रोश की गर्जना थी। मतदाता छोटे-मोटे बदलाव नहीं, बल्कि पूर्ण परिवर्तन चाहते थे। मोदी, अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं के लिए यह केवल चुनावी गणित नहीं था। यह एक सांस्कृतिक विजय थी, जिसने 175 वर्षों की ब्रिटिश औपनिवेशिक स्मृति को एक झटके में समाप्त कर दिया।

कोलकाता औपनिवेशिक शासन का पालना था। यहीं से 1774 में बंगाल के पहले गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स ने उस साम्राज्य का संचालन किया था, जिसकी पकड़ पूरे उपमहाद्वीप तक फैली थी। वह शहर जिसने ब्रिटिश राज की प्रशासनिक रीढ़ को जन्म दिया, अब उसके प्रतीकात्मक पतन का साक्षी बना। भाजपा की रणनीति अत्यंत सूक्ष्म, सुविचारित और दूरदर्शी थी। पश्चिम बंगाल को जानबूझकर अंतिम राज्य के रूप में मतदान समाप्त करने के लिए रखा गया। अंतिम चरण और चार मई की मतगणना के बीच पांच दिनों का अंतर रखा गया। यह तिथि विशेष महत्व रखती थी, क्योंकि यह जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती थी, जिनकी अखंड भारत की परिकल्पना लंबे समय तक वामपंथी इतिहास लेखन की परतों में दबा दी गयी थी।

## एक नजर

### गोशाला में फंदे से लटका मिला ई-रिक्शा चालक

**टनकपुर।** गैड़ाखाली क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चालक द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। गैड़ाखाली वार्ड नंबर-3 निवासी 40 वर्षीय मुकेश प्रहरी शनिवार रात घर में पूजा-पाठ के दौरान अचानक कहीं चले गए। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान घर के पास बनी गौशाला में वह फंदे से लटके मिले। परिजन तत्काल उन्हें नीचे उतारकर उपजिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मुकेश ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां हैं ।परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे।

### हाईमास्ट लाइट होती तो शायद बच जाती जान: सावन चंद्र रजवार

**टनकपुर।** टनकपुर-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे के बाद स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सावन चंद्र



रजवार ने सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि न्यू कॉलोनी चंदनी क्षेत्र में लंबे समय से पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। सावन चंद्र रजवार ने बताया कि वह पूर्व में भी कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाईमास्ट लाइट, रेलिंग और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यदि सड़क पर पर्याप्त रोशनी होती तो संभवत: यह दर्दनाक हादसा टल सकता था।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर जल्द से जल्द हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएं तथा सड़क सुरक्षा के अन्य इंतजाम भी किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके।

# प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर को सीएम योगी ने दी पुष्पांजलि, हाथ जोड़े खड़ी नजर आईं अपर्णा यादव

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सौतेले भाई, प्रतीक यादव (38) का लखनऊ में निधन हो गया है। वे समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के सबसे छोटे बेटे थे। उन्हें सुबह छह बजे सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया था। डॉक्टर ने जांच पड़ताल करके उन्हें मृत घोषित कर दिया।

समाजवादी पार्टी (सपा) नेता रविदास मेहरोत्रा ने प्रतीक यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर गंभीर सवाल उठाए हैं। रविदास मेहरोत्रा ने कहा, "हम प्रतीक यादव की असामयिक और अचानक मृत्यु से बेहद दुखी और आहत हैं। प्रतीक यादव को अस्पताल लाए जाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत प्राकृतिक नहीं थी। यह संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत है। उनके शरीर पर चोट के निशान थे और शरीर के अंदर जहर मिला था। इसलिए उनका पोस्टमॉर्टम कराया गया। प्राकृतिक मौत में पोस्टमॉर्टम नहीं किया जाता। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को 5 घंटे तक मोर्चरी में रखा गया। हमने मौत के कारणों की जांच कराने की मांग की है। सांसद डिंपल यादव ने भाजपा नेता अपर्णा यादव के घर पहुंचकर उनके पति प्रतीक यादव की मौत पर शोक जताया और श्रद्धांजलि दी। इसके बाद डिंपल वहां से रवाना हो गईं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर को पुष्पांजलि अर्पित की और अंतिम दर्शन किए। इस मौके पर प्रतीक की पत्नी अपर्णा यादव पास में हाथ जोड़े खड़ी नजर आईं। प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का पहुंचना जारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने उन्हें अंतिम प्रणाम किया। प्रतीक यादव का शव उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। इस मौके पर अखिलेश यादव मौजूद रहे और गमगीन नजर आए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी पार्थिव शव के अंतिम दर्शन किए।

# जनसमस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को मिलेगी नई गति : हेमा जोशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बनबसा।** उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्य मंत्री एवं उपाध्यक्ष नगरीय पर्यावरण परिषद हरिप्रिया जोशी (हेमा जोशी) के कैंप कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

इस अवसर पर हेमा जोशी ने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र की जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के साथ-साथ विकास कार्यों को और अधिक गति देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन सीधे कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याएं और सुझाव रख सकेंगे, जिससे जनसेवा को और मजबूत बनाया जाएगा।हेमा जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा



कार्यक्रम का उद्घाटन करती मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

● **बनबसा में दर्जा राज्य मंत्री हेमा जोशी के कैंप कार्यालय का शुभारंभ**

कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगी।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा देवी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपा जोशी, महिला मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुनीता मुरारी, जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद, मंडल महामंत्री दीपक सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष हरीश पांडे, माधवी, विमला बिष्ट, रुक्मणी उनियाल, महेश चंद, उमेद सिंह नेगी, विनीत जोशी, हेमेंद्र रावत, शमशेर चंद सहित कई कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने हेमा जोशी को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के विकास और जनहित कार्यों में नई पहल की उम्मीद जताई।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्र सरकार का पुतला फूंका

जागरणमोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नीट पेपर लीक प्रकरण के विरोध में बुधवार को मुख्य चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार एवं परीक्षा एजेंसियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर गहरा आक्रोश जताया।

विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर अपने भविष्य के सपने देखते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार और सरकारी




विरोध प्रदर्शन जताते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

लापरवाही के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन केंद्र सरकार इस जिम्मेदारी को निभाने में पूरी तरह असफल साबित हो रही है।भुवन कापड़ी ने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके और युवाओं का विश्वास बहाल हो सके।इस दौरान उमेश राठौर, रेखा सोनकर, विनोद चंद, सतपाल राणा, नरेंद्र आर्य, नीरज कन्याल, सागर शाही, मो. जरीफ, प्रकाश बिष्ट, नासिर खान, ताहिर, दीपक, रेहान, शांति सामंत, बीना राणा, विद्या, पवन कुमार सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 20 मई को दवा व्यापार रहेगा बंद, कैमिस्ट एसोसिएशन ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टनकपुर।** कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन टनकपुर ने आगामी 20 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद को लेकर उपजिलाधिकारी टनकपुर को ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रशासन से हस्तक्षेप और शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी, महामंत्री संजय पाण्डेय और कोषाध्यक्ष एन. एस. नेगी द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में बताया गया कि संगठन उत्तराखंड औषधि व्यवसायी महासंघ तथा राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ कैमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स से संबद्ध है, जो देशभर के लाखों दवा विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करता है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अवैध ई-फार्मेसी संचालन,



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

बड़े कॉर्पोरेट घरानों द्वारा प्रीडेटरी प्राइसिंग (हिंसक मूल्य निर्धारण) और कुछ अधिसूचनाओं के दुरुपयोग से पारंपरिक दवा व्यापार और छोटे कैमिस्टों के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है। संगठन का कहना है कि इससे न केवल लाखों दवा व्यापारियों की आजीविका प्रभावित हो रही है, बल्कि जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।केमिस्ट एसोसिएशन ने कहा कि बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के दवाओं की बिक्री, एंटीबायोटिक्स के दुरुपयोग, नकली दवाओं के प्रसार और रोगी-फार्मासिस्ट संवाद की कमी जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। संगठन ने एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के बढ़ते खतरे पर भी चिंता जताई है।ज्ञापन में केंद्र सरकार से अधिसूचना 26 मार्च 2020 तथा जीएसआर 28 अगस्त 2018 को वापस लेने की मांग की गई है। साथ ही प्रीडेटरी प्राइसिंग पर रोक लगाने और निष्पक्ष व्यापार व्यवस्था लागू करने की भी मांग उठाई गई है।

एसोसिएशन ने प्रशासन से जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और लाखों कैमिस्टों की आजीविका बचाने हेतु सकारात्मक हस्तक्षेप की अपील करते हुए कहा कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 20 मई को राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद किया जाएगा।

# आग की लपटों के बीच प्रशासन बना सहारा

## धामी सरकार की तत्परता से पीड़ितों को राहत की उम्मीद

जागरणमोर्चा कार्यालय

**टनकपुर।** पूर्णागिरि मेला क्षेत्र स्थित पंचमुखी धर्मशाला के पास देर रात लगी भीषण आग ने गिफ्ट और खिलौनों की कई दुकानों को राख में तब्दील कर दिया। रात करीब 2 बजे हुए इस हादसे में दुकानदारों की मेहनत और रोज़गार जलकर खाक हो गया, लेकिन घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रशासन ने जिस तेजी से मोर्चा संभाला, उसने प्रभावित परिवारों को राहत की उम्मीद दी है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल ने बिना देरी किए घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके से ही जिलाधिकारी



लोगो को जागरुक करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। प्रशासन की सक्रियता ने साफ कर दिया कि धामी सरकार आपदा की घड़ी में पीड़ितों को अकेला छोड़ने वाली नहीं है।नोडल अधिकारी ने मेले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने के निर्देश भी दिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की टीम लगातार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी नजर आई और भरोसा दिलाया गया कि जल्द राहत देकर उनका कारोबार दोबारा खड़ा करने में हरसंभव मदद की जाएगी।घटनास्थल पर नगर पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, तहसीलदार पिंकी आर्य, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मुकेश जोशी, सभासद दिनेश कुमार नन्हे, अधिशासी अधिकारी ऋषभ उनियाल सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# डीएम ने अग्निकांड पर लिया संज्ञान, मुआवजे का दिया भरोसा

जागरणमोर्चा कार्यालय

**टनकपुर।/पूर्णागिरि।** पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड की खबर प्रकाशित होते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया। मामले का संज्ञान लेते हुए मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अग्निकांड में जिन व्यापारियों की दुकानें जलकर राख हुई हैं, उनकी क्षति का आंकलन कराया जाएगा तथा शासन स्तर से पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।बताया जा रहा है



कि आग लगने से कई अस्थाई दुकानें जलकर पूरी तरह नष्ट हो गईं, जिससे व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने मेहनत और उधार लेकर दुकानें लगाई थीं, लेकिन अचानक हुए हादसे ने उनकी रोजी-रोटी छीन ली।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रभावित व्यापारियों को शीघ्र आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि वह दोबारा अपना व्यवसाय शुरू कर सकें।

# धामी सरकार की त्वरित व्यवस्था से टला बड़ा हादसा, कई दुकानें बचीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टनकपुर।** वार्ड नंबर-01 स्थित पुरानी टंकी क्षेत्र में बुधवार तड़के लगी भीषण आग पर फायर ब्रिगेड की तत्परता से समय रहते काबू पा लिया गया। फायर कर्मियों की घंटों की मशक्कत और सूझबूझ के चलते आसपास की कई दुकानें आग की चपेट में आने से बच गईं तथा किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार 13 मई को रात्रि करीब 02:27 बजे फायर स्टेशन टनकपुर को सूचना मिली कि पुरानी टंकी के पास स्थित दुकानों में भीषण आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अमर सिंह अधिकारी के नेतृत्व में फायर टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने तक आग विकराल




आग बुझाते फायर कर्मी। -जागरण मोर्चा

रूप धारण कर चुकी थी। फायर यूनिट ने तुरंत मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर होज पाइप के माध्यम से आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की तीव्रता अधिक होने के कारण फायर टेंडर का पानी समाप्त हो गया, जिसके बाद वाहन को जल संस्थान टनकपुर से पुनः पानी भरने भेजा गया। इसके बाद मिनी हाई प्रेशर पंप और होज रील की सहायता से लगातार कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर नियंत्रण पा लिया गया। आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अभियान में शामिल टीम मे एफएसएसओ अमर सिंह अधिकारी, एलउफएम मनोज कुमार व संतोष जोशी, डीवीआर कृष्ण सिंह व श्याम सिंह, लबीर सिंह, देवेंद्र अधिकारी, भावना पंत और नीलम रावत शामिल रहे।

# विधायक ने किया राज्य योजना से निर्मित सड़क का उद्घाटन



सड़क का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

जागरणमोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचौरिया श्रीपुरिया में राज्य योजना से निर्मित सड़क का उद्घाटन विधायक भुवन कापड़ी ने रिबन काटकर किया। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दीपक मुंडेला, क्षेत्र पंचायत सदस्य नेहा जोशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने कहा कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीणों को दैनिक जीवन में काफी सुविधा मिलेगी। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने एवं जनता की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आश्वासन भी दिया गया। ग्रामीणों ने राज्य योजना के अंतर्गत हुए इस विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

**हादसा** जैसे-तैसे जोड़कर लगाया था कारोबार, अब बच्चों का पेट कैसे पालेंगे

# पांच गरीब व्यापारियों की दुकानों को निगल गई आग, लाखों का नुकसान

जागरणमोर्चा कार्यालय

**टनकपुर।** पूर्णागिरि मेला क्षेत्र टनकपुर पंचमुखी धर्मशाला के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई।अचानक लगी भीषण आग ने देखते ही देखते पांच अस्थाई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में दुकानों में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। इस दर्दनाक हादसे में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग की लपटों के बीच अपनी मेहनत और उम्मीदों को राख होते देख पीड़ित व्यापारी फूट-फूटकर रो पड़े। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने बड़ी मुश्किल से पैसे जोड़कर दुकानें लगाई थीं ताकि परिवार का पालन-पोषण हो सके, लेकिन एक झटके में सब कुछ खत्म हो गया।मेला क्षेत्र में दुकान



आग को बुझाते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा



आग लगने के बाद जला पड़ा सामान। -जागरण मोर्चा

संचालित करने वाले रुचि वर्मा, देवेंद्र राठौड़, रीना वाल्मीकि और श्याम वाल्मीकि ने कहा कि अब उनके सामने सबसे बड़ा सवाल परिवार चलाने का खड़ा हो गया है पूंजी भी खत्म हो गई और रोज़गार भी छिन गया। अब बच्चों का पेट कैसे भरेंगे, यही समझ नहीं आ रहा। स्थानीय लोगों और व्यापारियों के अनुसार प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग तेजी से फैलती जा रही थी, लेकिन समय रहते दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास की अन्य दुकानों को बचा लिया गया।इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि गरीब व्यापारियों की जिंदगी भर की कमाई कुछ मिनटों में राख हो गई, इसलिए जिला प्रशासन को तत्काल राहत और उचित मुआवजा देना चाहिए। हर साल मेले में छोटे व्यापारी उम्मीद लेकर दुकान लगाते हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण इस तरह की घटनाएं बार-बार सामने आती हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि जिन परिवारों की रोजी-रोटी इस आग में जल गई, उनकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या प्रशासन सिर्फ जांच तक सीमित रहेगा या पीड़ितों को वास्तविक मदद भी मिलेगी।

# यूपी में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी मंडलायुक्त, जिलाधिकारियों व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आठ से 10 जून तक होने वाली सिपाहियों की भर्ती परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए।

उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा को लेकर सभी 75 जिलों में 1180 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक आयोजित होगी। इस भर्ती परीक्षा में कुल 28,86,797 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

बुधवार को अपने कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही सभी



अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता व गोपनीयता बनाए रखने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

सभी तैनात कार्मिक केवल सत्यापित राजकीय कर्मचारी होंगे तथा उनकी नियुक्ति रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात सभी कार्मिकों की पहचान का शत-प्रतिशत सत्यापन ई-केवाईसी के जरिए किया जाए। केंद्र व्यवस्थापक सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बोर्ड द्वारा निर्धारित पहचान पत्र

# आखिरकार जाग उठा बिजली विभाग, मरम्मत के लिए सड़क पर उतरे अधिकारी



छपी खबर।


पहले।


अब।

जागरण मोर्चा कार्यालय

खबर का असर

**पीलीभीत।** बिजली विभाग की लापरवाही और शहर में फैले तारों के जाल को लेकर प्रकाशित खबर का असर हुआ है। समाचार प्रमुखता से छपने के बाद विभाग की कुंभकर्णी नींद खुली है। और आनन-फानन में कई इलाकों में असुरक्षित ट्रांसफार्मरों और झूलते तारों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है।

जिसमें बैरिकेडिंग और सुरक्षा घेरा हो रहा है। शहर के जिन मुख्य चौराहों और घनी आबादी वाले इलाकों में ट्रांसफार्मर बिना किसी सुरक्षा कवच के खुले पड़े थे, वहाँ अब जालीदार घेराबंदी का काम शुरू कर दिया गया है। झूलते तारों से निजात के लिए लोहा मंडी और स्टेशन मार्ग जैसे व्यस्त इलाकों में, जहाँ बिजली के तार ट्रकों और बड़े वाहनों से टकरा रहे थे, वहाँ तारों को ऊँचा करने और उनकी टाइटिंग का अभियान चलाया गया है। अधिकारियों की सक्रियताः खबर का संज्ञान लेते हुए अधिशासी अभियंता ने क्षेत्रीय लाइनमैनों और इंजीनियरों की जवाबदेही तय की है। निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थान पर ढीले तार या जर्जर पोल पाए जाने पर उसे तत्काल बदला जाए। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों जागरण मोर्चा दैनिक अखबार को धन्यवाद कहते हुए कहा कि लंबे समय से इन खतरों के साये में जीने की शिकायत की थी, ने इस सकारात्मक पहल का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि प्रशासन और विभाग ने मीडिया की आवाज को गंभीरता से लिया है, जिससे भविष्य में होने वाले बड़े हादसों का डर कम हुआ है। एक स्थानीय व्यापारी अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन देने के बजाय इस बार जमीन पर काम शुरू किया है। हम उम्मीद करते हैं कि पूरे शहर में बिजली व्यवस्था को मानकों के अनुरूप दुरुस्त किया जाएगा।


डॉक्टर जीशान अहमद।

# ओबीसी महासभा ने मांगो को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ मांगे पूरी ना होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**पूरनपुर।** ओबीसी महासभा ने बुधवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित 22 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमे मांग कि गई है कि आगामी चुनाव ईवीएम से ना होकर वेलेट पेपर से कराया जाए। ओबीसी जाति जनगणना कराने की मांग की है। इसके अलावा ओबीसी को आरक्षण की मांग की।

संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से ओबीसी समाज से जुड़े लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने, शिक्षा और रोजगार में अवसर बढ़ाने, आरक्षण व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन, और स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक लापरवाहियों पर रोक लगाने जैसे विषय शामिल बताए गए। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से समाज की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने एक स्वर में मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की। संगठन ने स्पष्ट कहा कि यदि 22 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए सभी मांगों को उच्च स्तर पर भेजने और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# सीबीएसई 12वीं रिजल्ट: पूरनपुर के विद्यालयों का दबदबा

जागरण मोर्चा कार्यालय


आरएसआरडी स्कूल में 12वीं के नतीजे के बाद खुशियां मनाते बच्चे।


सान्वी गुप्ता, 90 .4% | फराह नाज़ 89%, | दिवित अग्रवाल 85 .8% | ज़ैनब अयाज़, 85 .8% | नवजोत कौर , 88 % | गुरनूर कौर, 87 .8 % | गुरमनप्रीत कौर, 86 .8%


प्रभजोत कौर, 86 .6% | दविंदर कौर, 85 .5% | ILMA NAAZ- 89.6 | Harjot Kaur-88.6 | Sukhmeet Kaur- 86 | Japjot Singh-94.6 | Dilpreet Kaur-87.6

**पूरनपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पूरनपुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कई विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि मेधावी विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसरों में उत्सव जैसा माहौल रहा।

सेंट जोसेफ स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय में कुल 89 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें 88 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल घोषित हुए। सान्वी गुप्ता ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। दिवित अग्रवाल और ज़ैनब अयाज ने संयुक्त रूप से 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि दिव्य शुक्ला ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के मैनेजर फादर ग्रेगरी एवं प्रधानाचार्य सिस्टर रेम्या ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**अकाल अकादमी गोमतीपुर का रिजल्ट शत-प्रतिशत**

अकाल अकादमी गोमतीपुर में कुल 70 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा नवजोत कौर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुरनूर कौर ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा गुरमनप्रीत कौर ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रभजोत कौर ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा तथा दविंदर कौर ने 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**स्वामी एजुकेशनल कॉम्पलेक्स का परीक्षा परिणाम शानदार**

स्वामी एजुकेशनल कॉम्पलेक्स का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। विद्यालय से कुल 127 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से 121 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। 2 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि 4 विद्यार्थियों को सफलता नहीं मिल सकी। विद्यालय में जापजोत सिंह ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरमीत कौर ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इल्मा नाज़ ने 89.6 प्रतिशत, हरजोत कौर ने 88.6 प्रतिशत तथा दिलप्रीत कौर ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की मेधा सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लखविंदर सिंह एवं एमडी गुरूभाग सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने रचा सफलता का नया इतिहास**

आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी 73 विद्यार्थी परीक्षा में सफल घोषित हुए। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा तथा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने मिठाई बांटकर उत्सव मनाया। विद्यालय की छात्रा काशिफा ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्दोष भारती ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा तथा अस्मिता शर्मा ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रिया प्रजापति और अभय सिंह चौहान ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा अमरीश बी एवं आनंद यादव ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से छठा स्थान, विन्सोमी भदौरिया एवं अभिराज मिश्रा ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से सातवां स्थान प्राप्त किया। आर्यन सैनी ने 83.2 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां स्थान प्राप्त किया, जबकि नव्या यादव एवं रजत शर्मा ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से नौवां स्थान हासिल किया। अर्चित कुशवाहा ने 82 प्रतिशत तथा आशुतोष शुक्ला ने 81.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की श्रेष्ठ सूची में स्थान बनाया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों की सफलता को उनकी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष केशव कुमार गुप्ता, प्रबंधक हर्ष गुप्ता, सह प्रबंधक अनुराग गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष देवेश कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी।

# साप्ताहिक बंदी पर सख्ती की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


साप्ताहिक बंदी को सख्ती से लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के बैनर तले जिले के व्यापारियों ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर साप्ताहिक अवकाश के दिन सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अनिवार्य रूप से बंद रखने की मांग उठाई है।

व्यापारियों ने कहा कि वे आपसी सहमति से श्रम अधिनियम के प्रावधानों के तहत साप्ताहिक अवकाश के दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखना चाहते हैं, लेकिन कुछ दुकानदार नियमों का उल्लंघन करते हुए अवकाश के दिन भी दुकानें खोल रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ऐसे दुकानदारों के कारण बाजार का माहौल प्रभावित हो रहा है। कुछ लोग अपशब्दों का प्रयोग कर विवाद की स्थिति पैदा कर रहे हैं, जिससे व्यापारियों में असंतोष बढ़ रहा है। व्यापार संगठन ने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में तनावपूर्ण परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से मांग की कि साप्ताहिक अवकाश के दिन सभी प्रतिष्ठानों को बंद रखने के आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाए।

ज्ञापन की प्रतिलिपि श्रम प्रवर्तन अधिकारी को भी भेजी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पीलीभीत के विभिन्न प्रतिष्ठानों के व्यापारी एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ दस मई को सुबह धान के खेत में मिला था युवक का शव

**पूरनपुर।** नामकरण की दावत में शामिल होने गए युवक का शव धान के खेत में पडा मिला था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घुंघचाई क्षेत्र के गांव कैशोपुर निवासी राम निवास पुत्र काशीराम नौ मई को देर शाम अपनी बाइक से थाना क्षेत्र के गांव बलरामपुर में रिश्तेदारी में आयोजित नामकरण कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। लेकिन वह रात को घर नही आया था। दस मई को सुवह मैगलगंज हाईवे से कैशोपुर जाने वाले मार्ग के मोड़ के पास धान के खेत में उसका शव पड़ा मिला था। कुछ दूरी पर हाईवे किनारे खाई में उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वुदवार को मामले की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# धार्मिक स्थल पर मिला शव, केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक के घर में मौजूद लोग। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** वैवाहिक विवाद में कोर्ट में समझौता होने के कुछ घंटे बाद युवक का शव धार्मिक स्थल पर शव मिलने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव लुकटिहाई निवासी महेश कुमार की शादी शाहगढ निवासी सुषमा देवी के साथ हुई थी। उसका अपनी पत्नी से लंबे समय से विवाद चल रहा था। जिसका मामला पीलीभीत कोर्ट में विचाराधीन था। सोमवार को महेश अपने पिता रामचंद्र के साथ कोर्ट पहुंचा था। वहां 93 हजार रुपये कोर्ट में जमा किए। बताया जा रहा है कि कोर्ट परिसर में दोनों पक्षों के बीच बातचीत और समझौता भी हो गया। कोर्ट से निकलने के बाद महेश ने पिता से कहा कि तुम घर चलो, मैं बाद में आता हूं। इसके बाद दोनों अलग हो गए। रामचंद्र घर पहुंच गए, लेकिन महेश देर रात तक वापस नहीं लौटा। मंगलवार सुबह माधोटांडा क्षेत्र के धार्मिक स्थल पर युवक का शव मिला था। परिजनों ने मृतक के ससुरालियों पर जहर देकर अपहरण कर ले जाकर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा था। पुलिस ने इस मामले में शाहगढ निवासी गंगाराम, सुषमा देवी, संजय व अनुज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शूरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बुधवार को गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। माधोटांडा थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## भाजपा नेता ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ललुआ पंडरिया में बुधवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुरू हो गया। जिसमें मुख्य अतिथि रुप में पहुंचे भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नौ रजनीश पाण्डेय व भाजपा नेता नवनीत मिश्रा, रामप्रकाश मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इसके बाद खिलाड़ीयों से परिचय किया एवं शुभकामनाएं दी। जिसमें पहला मैच भगवन्तपुर टीम व जयभारत टीम में खेला गया।




# नौकरी का झांसा, लाखों की ठगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर दर्ज किया मुकदमा**

**पूरनपुर।** अजरबैजान भेजने का झांसा देकर दो युवकों से ठगी कर ली गई। विदेश न भिजवा पाने पर आरोपियों का भेद खुला तो प्रकरण में पंचायत हुई। पंचायत में आरोपियों ने दोनों युवकों को 1.60-1.60 लाख रुपये के चेक दिए और शेष धनराशि नकद वापस करने का आश्वासन दिया। खाते में धनराशि न होने से पीड़ितों को दिए चेक बाउंस हो गए। शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव उदयकरनपुर निवासी बाबूराम और बलजीत कुमार ने वताया कि कहा कि उसकी मुलाकात बिहारीपुर रम्पुरा फकीरे निवासी हरप्रीत सिंह से जान पहचान थी। वह लोगों को विदेश भिजवाने का काम करते है। उसका ऑफिस नगर की सुपर मार्केट में दशमेश ट्रेवल्स के नाम से है। उसका साथी जसविंदर सिंह है। उसे अजरबैजान देश में भेजने के लिए 1.90 लाख रुपये में बातचीत तय हुई। उसने 70 हजार रुपये का चेक दिया। 50 हजार रुपये फोन पे किए और 70 हजार रुपये नकद दिए। यह तय हुआ कि विदेश न भिजवा पाने पर दिए गए रुपये वापस किए जाएंगे। कुछ दिन बाद रुपये लेने के बाद आरोपियों ने युवकों को फर्जी वीजा और टिकट थमा दिया। विदेश भिजवाने में असमर्थ रहे। रुपये वापस मांगने पर टाल-मटोल करने लगे। इसके बाद गांव के ही प्रधान के घर मामले को लेकर पंचायत की गई है। पंचायत के बाद दोनों युवकों को 1.60-1.60 लाख रुपये की चेक दिए। बकाया राशि नकद देने की बात तय हुई। खाते में धनराशि न होने से चेक का भुगतान नहीं हुआ। इसके बाद आरोपियों ने उसकी कॉल रिसीव करना बंद कर दिया। रिपोर्ट में हरप्रीत सिंह और जसविंदर सिंह को नामजद किया। वहीं, बलजीत कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि अजरबैजान भिजवाने के लिए उससे भी ठगी की गई। इसके बाद सीओ के आदेश पर पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने बिहारीपुर रम्पुरा फकीरे निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी और उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ई-रिक्शा पलटा, राहगीरों ने किया सीधा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली रोड पर बुधवार को एक अनियंत्रित ई-रिक्शा अचानक बीच सड़क पर पलट गया। चालक के संतुलन खोने से हुए इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत दौड़कर ई-रिक्शा को सीधा किया। हादसे में सवार रोहित, राजू, पवन और आरती को मामूली चोटें आईं, जिन्हें स्थानीय लोगों ने निजी चिकित्सक से प्राथमिक उपचार दिलाया। घटना के कारण मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन व स्थानीय लोगों की मदद से रिक्शा हटवाकर जाम खुलवाया।

# खनन अधिकारी से अभद्रता करने पर हुआ मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अवैध खनन का धंधा रुकने का नाम नही ले रहा है। कार्यवाही होने के बाद भी इस पर रोक नही लग पा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के भगवंतापुर के पास खनन अधिकारी सुभाष कुमार ने अवैध खनन होते पकड़ लिया। मौके से मड लोडर जब्त कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने खनन अधिकारी से अभद्रता की। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी भाग गया। खनन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, अभद्रता करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। खनन अधिकारी ने बताया कि गांव भगवंतापुर के समीप खनन की सूचना पर छापा मारा। मौके पर मड लोडर से खनन होते पकड़ लिया। आरोप है कि वहां मौजूद खनन माफिया ने गाली-गलौज कर अभद्रता की। खनन अधिकारी ने बताया कि अभद्रता करने के खनन माफिया के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। अवैध खनन की रिपोर्ट राजस्व विभाग से मांगी गई है। कोतवाल पवन कुमार पांडेय पुलिस पहुंचने पर खनन अधिकारी से अभद्रता करने का आरोपी भाग गया। खनन अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।इससे पहले खनन अधिकारी ने वीते सोमवार को गांव जटपुरा के समीप छापा मार कर अवैध खनन होता पकड़ा था। उन्होंने एक जेसीबी मशीन और दो डंपर पुलिस को सुपुर्द किए थे। उसके वावजूद अवैध खनन का मामला नही रुक पा रहा.है।

# अवैध अस्पतालों में मौत का खेल, हादसे के बाद सिर्फ खानापूर्ति

## फिर ठिकाना बदलकर चल पड़ते हैं अवैध अस्पताल, जिले में मात्र 60 अस्पताल हैं पंजीकृत

**विभाग के एक बाबू की मिलीभगत से संचालित हो रहे 600**

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** अवैध अस्पतालों में मौत का खेल चल रहा है। हादसा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करने का काम करता आ रहा है। बाद में इन अस्पतालों के संचालक विभाग के ही बाबू पारस से मिलकर नाम पता बदलकर अस्पताल को संचालित कर लेते हैं। यह खेल सालों से चला आ रहा है। चंद रुपयों की खातिर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। कई बार प्रशासन ने भी निर्देश दिए कि अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई की जाए लेकिन इसके बाद भी जिले में चल रहे बिना लाइसेंस अस्पतालों और झोलाझाप पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। लगातार बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पतालों में मरीजों की जान जा रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करने से कतरा रहा है। यही नहीं कार्रवाई होने के बाद अब कुछ अस्पताल संचालकों ने तो ठिकाना बदलकर अवैध अस्पतालों का संचालन शुरू कर दिया है। बावजूद इसके जिम्मेदार खामोश हैं।

जहां एक ओर अवैध अस्पतालों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है तो इनमें कुछ अस्पतालों के संचालकों का नया खेल भी उजागर हुआ है। अब यह कार्रवाई होने के बाद नाम और ठिकाना बदलकर अस्पतालों को संचालित कर रहे हैं। बिल्सी रोड, वजीरगंज में तीन अक्तूबर को न्यू बदायूं अस्पताल के नाम से संचालित अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हुई थी। अस्पताल का फर्जी रजिस्ट्रेशन मिलने पर संचालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने संचालक के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल की लेकिन अब स्वास्थ्य विभाग की सांठगांठ से संचालक अन्य कस्बे में अस्पताल चला रहा है। इसी प्रकार शहर के लालपुल स्थित न्यू फैमिली नर्सिंग होम में 21 दिन की बच्ची की मौत होने के बाद पहले तो स्वास्थ्य विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। जब संचालक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई तो स्वास्थ्य विभाग ने फजीहत से बचने के लिए संचालक को नोटिस थमा दिया। जांच में रजिस्ट्रेशन बाहर के डॉक्टर के नाम का मिला। इसके बाद भी रजिस्ट्रेशन निरस्त कर अस्पताल को सील नहीं किया गया। आज भी बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल चल रहा है। इसी तरह से शहर में मानकों को दरकिनार कर अस्पतालों को संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को सुधीर नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की जान बाल-बाल बच गई।

### कई स्थानों पर चल रहे हैं अवैध अस्पताल

जिले में बिल्सी, बिसौली, फैजगंज, इस्लामनगर, कादरचौक, अलापुर, बिनावर, कुंवरगांव, बगरैन, वजीरगंज, सैदपुर समेत ग्रामीण इलाकों में कई अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं लेकिन एक-दो को छोड़कर स्वास्थ्य विभाग ने किसी भी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

जिले में संचालित सभी अस्पतालों को चिह्नित किया जा रहा है। देखा जा रहा है कि इनमें कितनों का पंजीकरण है। पंजीकरण है भी तो क्या वही चिकित्सक अस्पताल में बैठ रहे हैं या फिर उनके नाम पर कोई अन्य तो इलाज नहीं कर रहा है। जल्द ही अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। **-डॉ. मोहन झा, सीएमओ बदायूं**

## पानी निकासी विवाद में 5 माह का गर्भपात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव सकरी कासिमपुर में नाली विवाद ने नवजात की जान ले ली। मंगलवार को नाली के पानी निकास को लेकर कविता का पड़ोसियों से विवाद हुआ था। यूपी-112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझौता करा दिया। आरोप है कि शाम को विपक्षी महिलाओं ने दोबारा हमला कर कविता को धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बुधवार को पेट में तेज दर्द उठने के बाद कविता ने पांच माह के मृत बच्चे को जन्म दिया। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने नवजात के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह के अनुसार मामला दर्ज कर जांच की जा रही है, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।



## यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में यातायात पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों को चिन्हित किया गया, जिनके विरुद्ध 10 अथवा उससे अधिक चालान लंबित पाए गए हैं। अभियान के तहत 18 वाहन चालकों के ड्राइविगं लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई परिवहन विभाग द्वारा की गयी है। इसी के साथ है अभियान चलाकर मॉडिफाइड साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न तथा ड्रंकन ड्राइव के तहत 66 चालान किए गए। हूटर के प्रयोग में दो, चालान,प्रेशर हॉर्न में 533 चालान, ड्रंकन ड्राइव (शराब) में 25 चालान किए गए। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 35 वाहनों को सीज किया गया। अभियान के दौरान 661 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

**एक नजर**

### रोड किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, युवक की हुई मौत




**बिसौली।** सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से तेज रफ्तार बाइक सवार युवक टकरा गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम को भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अजनावर निवासी बाजिद उम्र 20 पुत्र जाफर अली हिमाचल के बद्दी में रहकर मेहनत मजदूरी करके परिवार का पापलन-पोषण करता था। कुछ दिन पहले युवक अपने घर आया था। बुधवार की सुबह को वह बाइक से ही बद्दी को जाने के लिए घर से निकला था। जैसे ही उसकी बाइक भटपुरा गांव के पास पहुंची कि हाईवे किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# आंधी तूफान से भारी तबाही, गिरे पेड़ और बत्ती हुई गुल

## जिले भर की बिजली आपूर्ति हुई ठप, पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय







**बदायूं।** जिले में बुधवार को करीब 60-70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आई आंधी ने कई क्षेत्रों में मुश्किलें बढ़ा दीं। आंधी से शहर के अलावा बिल्सी, वजीरगंज और उसावां इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। इससे सड़क यातायात बाधित हो गया। कस्वा सैदपुर समेत हाईवे तक पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह रुक गया, जिसे बाद में ग्रामीणों ने पेड़ काटकर शुरू कराया। जिले में करीब एक घंटे तक चली तेज आंधी से बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई। वहीं सैदपुर क्षेत्र में स्थिति और गंभीर रही, यहां लगभग छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों और नगर क्षेत्रों में अंधेरा छा गया। बिसौली क्षेत्र में नगर पालिका की ओर से 33 केवी लाइन का शटडाउन लिए जाने से बिजली समस्या और बढ़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर आंधी में बिजली व्यवस्था का इस तरह प्रभावित होना विभागीय तैयारियों पर सवाल खड़े करता है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, तकनीकी खराबी दुरुस्त कर दी गई है। शटडाउन समाप्त होने के बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं की गई है।

**वजीरगंज।** बुधवार पूर्वाह्न को तेज आंधी आने से कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के पॉलिटेक्निक कॉलेज एमएफ हाईवे स्थित पेड़ गिर गया। इससे हाईवे पर निकलने वाले वाहनों का आवागमन घंटों ठप रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी से पेड़ को हटवाया और हाईवे पर रुके वाहनों को निकलवाना शुरू कराया।

**दबतोरी।** पपगांव मार्ग पर भी आंधी के दौरान शीशम का पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि उस समय सड़क से कोई गुजर नहीं रहा था। शाम तक पेड़ नहीं हटाया जा सका, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हुई।

### तेज आंधी में पेड़ और बिजली का खंभा गिरा

बिसौली एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार सुबह करीब 10 बजे तेज आंधी चलने से जनजीवन प्रभावित हो गया। आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ टूटकर गिर पड़े। पेड़ गिरने की चपेट में आने से बिजली का पोल और विद्युत लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके कारण इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद एहतियातन बिजली सप्लाई बंद कराई गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर एकत्र होकर काफी मशक्कत से पेड़ को सड़क से हटाया, तब जाकर यातायात सुचारु हो सका। स्थानीय निवासी राकेश यादव ने बताया कि तेज आंधी के कारण रफीनगर के पास खितौरा रोड पर पेड़ गिरने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। आंधी के बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। तापमान में गिरावट दर्ज होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

### उसावां में तेज हवा से एक घंटे बिजली रही गुल

**उसावां।** पूर्वाह्न 11:30 बजे के करीब घने बादल छा गए और तेज हवा चलने लगी। लग रहा था कि बारिश होगी, लेकिन आधा घंटे बाद ही बादल उड़ गए और धूप खिल गई। तेज हवा के कारण बिजली उपकेंद्र से करीब एक घंटे के लिए बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। हवा बंद होते ही बिजली आपूर्ति सुचारू हो गई।

### पेड़ों की टहनियां टूटकर बिजली लाइनों पर गिरीं

आंधी के दौरान पेड़ों की टहनियां टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गईं, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। पानी की आपूर्ति और दैनिक कार्य भी प्रभावित हुए। सूचना पर विद्युत निगम की टीम फॉल्ट तलाशने और उसे दुरुस्त करने में जुटी रही। देर शाम तक सप्लाई पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी। क्षेत्र के गांव इमलिया, कैली, हसनपुर, दुगरैया, गंज, हरहरपुर, मोहनपुर, वनगढ़, यूसुफनगर, सिंगोई, बर्खिन आदि गांवों में स्थिति और अधिक खराब रही, जहां लंबे समय तक अंधेरा छाया रहा। लोगों ने जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। उधर, विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

### आंधी में लाइन में फॉल्ट से 8 घंटे बाधित रही आपूर्ति

बिल्सी नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति उझानी पावर स्टेशन से आने वाली 33 केवी लाइन में लगातार हो रहे फॉल्ट के कारण बदहाल है। आंधी, तेज हवा और बारिश के दौरान लाइन में खराबी आने से बार-बार बिजली गुल हो जाती है। इससे लोग परेशान हैं। बुधवार को भी आंधी में क्षेत्र की बिजली आठ घंटे गुल रही। बुधवार की सुबह करीब 10 बजे आई तेज आंधी में लाइन ब्रेक डाउन में चली गई। इसके कारण नगर की आपूर्ति करीब आठ घंटे तक बाधित रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या करीब 12 वर्षों से है। कई बार विभाग के उच्च अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है।

## पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने की चादरपोशी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** पूर्वमंत्री आबिद रजा ने ग्राम गाभियाई में हदीरे वाले मियां साहब की दरगाह पर बुधवार को चादरपोशी व गुलपोशी कर अपनी अकीदत पेश की।

दरगाह पर पहुंचने पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अक्कन खां व सचिव अमीर उल्ला ने पूर्वमंत्री आबिद रज़ा का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। उसके बाद पूर्व मंत्री आबिद रजा ने दरगाह शरीफ पर पहुंचकर सबसे पहले मजार पर चादर चढ़ाई और गुलपोशी की, साथ ही उन्होंने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। उन्होंने अल्लाह से दुआ की कि देश में आपसी प्रेम और सौहार्द बना रहे तथा सभी लोगों की जिंदगी खुशहाल हो।

उन्होंने कहा कि उर्स जैसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। यहां हर धर्म और समुदाय के लोग एक साथ आकर दुआ करते हैं, जो हमारे देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर मुख्य रूप से अक्कन खां अध्यक्ष व अमीर उल्ला सचिव दरगाह कमेटी, नन्हें, अकरम, चंदा मियां प्रधान, हिफाजत भाई, हसन फौजी, अय्यूब, नवाजिश, सोहिल सिद्दीकी, हर्षित यादव, अनवर खां आदि लोग मौजूद रहें।

## ऑपरेशन दहन: पुलिस ने नष्ट किया 1472 किलो मादक पदार्थ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाये जा रहे 'ऑपरेशन दहन' के तहत एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले भर के थानो में जब्त किए गए 1472 किलो मादक पदार्थों को नष्ट किया गया।

एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि अप्रैल माह में 609.194 किलो तथा मई में 863 किलो मादक पदार्थ नष्ट किया गया है। इसमे डोडा 732.285, स्मैक 1.028, गांजा 128.380, चरस 1.655, अल्पराजोलम गोली 0.015,पाउडर 0.020 नष्ट किया है। मादक पदार्थों के सुरक्षित निस्तारण को निर्धारित मानकों का पालन करते हुये यह कार्रवाई कि गई। पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखते हुए उच्च क्षमता वाले 'इन्सीनरेटर' के माध्यम से इन मादक पदार्थों को भस्मीभूत किया गया। सम्पूर्ण विनिष्टीकरण प्रक्रिया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,ड्रग डिस्पोजल कमेटी एवं सीओ सुनील अहलावत की निगरानी में पारदर्शी तरीके से पूर्ण करायी गयी। 'ऑपरेशन दहन' के माध्यम से पुलिस स्पष्ट संदेश दे रही है कि जनपद में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर फलने-फूलने नही दिया जायेगा। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेन्स' की नीति के तहत भविष्य में भी इस प्रकार की निस्तारण कार्यवाही जारी रहेंगी।

## एसएसपी ने की अपराध की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** एसएसपी अंकिता शर्मा ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में थाना प्रभारियों के साथ अहम अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद की कानून-व्यवस्था, लंबित विवेचनाओं, साइबर क्राइम और महिला एवं बाल अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई।

एसएसपी ने सख्त तेवर अपनाते हुए थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि थानों पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुना जाए और उनका त्वरित निस्तारण हो। आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए आईजीआरएस प्रभारी को विशेष हिदायत दी गई। एसएसपी ने महिला व बच्चों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने और अपहर्ताओं की सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने को कहा। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए एसएसपी ने टॉप-10, इनामी बदमाशों और हिस्ट्रीशीटरों की सतत निगरानी के आदेश दिए। मादक पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया। सबसे महत्वपूर्ण निर्देश गैंगस्टर एक्ट को लेकर रहा, जिसके तहत अपराधियों की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को चिन्हित कर धारा 14(1) के अंतर्गत जब्तीकरण की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रगति** | पर्यटन विकास के 565 .62 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण

# पर्यटन विकास कार्यों से जिले को मिलेगी नई पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**2081.50 लाख रुपये के कार्यों का किया जाएगा शिलान्यास**

**बदायूं।** पर्यटन विभाग द्वारा जिले में विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह व केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा द्वारा आरज किया जाएगा।

कार्यक्रम में 565.62 लाख रुपये के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण तथा कछला गंगा घाट के 1792.18 लाख रुपये के शिलान्यास के कार्यों सहित कुल 2081.50 लाख रुपये के पर्यटन विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन व श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत गंगा देवी मईया मंदिर पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 98.27 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त दुर्गा देवी भवन मंदिर पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 110.42 लाख रुपये है तथा परी माता मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण, जिस पर लगभग 92.14 लाख रुपये की लागत आई है, कराया जाएगां। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पौराणिक तीर्थ स्थल सहस्त्रबाहू का पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 74.45 लाख रुपये है। तपोसिद्ध बाबा की मढ़ी का प्राचीन शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 75.31 लाख रुपये है। श्री रामचन्द्र विराजमान मंदिर का पर्यटन विकास कार्य जिसकी लागत 115.03 लाख रूपए है, का लोकार्पण किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत श्री बाबा देवादास मंदिर (अस्तल) का पर्यटन विकास कार्य जिसकी लागत 71.53 लाख रूपए है, का शिलान्यास किया जाएगा तथा प्राचीन मंदिर बहादुर सिंह हनुमान बाबा आश्रम का पर्यटन विकास कार्य जिसकी लागत 107.69 लाख रूपए है, का शिलान्यास किया जाएगा। माता मलाई देवी मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास का कार्य जिसकी लागत 110.10 लाख रूपए है, का शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कछला गंगा घाट (पार्ट-ए) पर्यटन विकास कार्य, जिसकी लागत 1792.18 लाख रुपये है, का शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं से जनपद बदायूं में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं के विकास से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## पैसा न देने के लिए फर्जी लूट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जमीन का पैसा न देना पड़े इसलिए युवक ने डायल 112 पुलिस को 2.5 लाख की लूट की झूठी सूचना दें दी गई। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए सूचना देने वाले का शांति भंग में कार्रवाई की गई।

भमोरा थाना क्षेत्र के गांव सैधी निवासी धर्मेन्द्र पुत्र राकेश ने मंगलवार को यूपी-112 के माध्यम से सूचना दी गयी कि तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उससे 2.5 लाख रुपये व मोबाइल छीन लिये गये है। सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर पूछताछ की गयी तो धर्मेन्द्र ने बताया गया कि वह अपनी बाइक से ग्राम धनौरा थाना दातागंज निवासी अपने मौसेरे साले रजनीश को 2.5 लाख रुपये देने जा रहा था, अज्ञात व्यक्तियो द्वारा घेरकर गिरा लिया तथा गेहूँ के खाली खेत में घसीटकर रुपये व मोबाइल छीनकर ले गये है। प्रभारी निरीक्षक वेदपाल सिंह ने गहनता से पूछताछ करने पर धर्मेंद्र व रजनीश ने द्वारा बताया कि हमें ग्राम धनौरा के ओमवीर पुत्र बाँके की 10 बीघा जमीन पेशगी पर लेने के लिए चार लाख रुपये देने थे जिनका इंतजाम नही हो पाया था, इसलिये हमने भूरे पुत्र रामविलास यादव निवासी ग्राम धनौरा थाना दातागंज को मौके पर बुलाकर 1,25,000 रुपये देकर भेज दिया था तथा यूपी-112 पर लूट की झूठी सूचना दे दी थी। जिससे हमें ओमवीर की सहानुभूति मिलने पर जमीन पेशगी पर लेने के रुपये देने के लिये कुछ और समय मिल जायेगा। घटना के क्रम में थाना पुलिस द्वारा रजनीश द्वारा भूरे को दिये गये 1,25,000 रुपये भूरे के पास से बरामद कर लिये गये है। धर्मेन्द्र व रजनीश ने दी गयी लूट की सूचना झूठी पायी गयी।

### भाजपा नेता विक्रांत ने की आर्थिक मदद

**सहसबान।** वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के परिजनों से मुलाकात की। नोएडा में हुई इस दुर्घटना में कुलदीप की असमय मृत्यु हो गई थी। विक्रांत यादव ने पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक मदद दी और मृतक की दोनों बहनों की शादी की पूरी जिम्मेदारी उठाने का भरोसा दिया।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 84 भा.ना.सु.सं.)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त हेमेन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 शंकर लाल शर्मा निवासी मोहल्ला बनिया, वार्ड नं0 5, थाना वजीरगंज, जिला बदायूँ ने भा.द.सं. की धारा 409/420/506 थाना वजीरगंज, जिला बदायूँ के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटाया गया है कि उक्त अभियुक्त हेमेन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 शंकर लाल शर्मा मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त हेमेन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 शंकर लाल शर्मा फरार है ( या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने को छिपा रहा है।) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त हेमेन्द्र शर्मा से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष ( या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने हेतु न्यायालय सी0जे0एम0 बदायूँ में दिनांक 16.05.2026 को उपस्थित हो।

**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बदायूँ**

## महिला टी20 विश्व कप 2026: ऑस्ट्रेलिया की टीम का एलान

**सिडनी।** महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का एलान कर दिया गया है। स्क्वॉड में 15 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। कप्तानी सोफी मोलिनक्स करेंगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम में बाएं हाथ की अनुभवी तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को जगह दी गई है, जबकि डार्सी ब्राउन को बाहर कर दिया गया है। टीम में एश्ले गार्डनर, ताहलिया मैकग्राथ, एलिस पेरी, और बेथ मूनी जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं।

हैमिल्टन ने पिछले साल आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी। वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के सात गेंदबाजी विकल्पों में से एक हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम में गेंदबाजी के विकल्पों में मेगन शुट्ट, किम गार्थ, एनाबेल सदरलैंड, मैकग्राथ, पेरी और निकोला कैरी शामिल हैं। मार्च में हुए कैरेबियन दौरे से बाहर रहने वाली ग्रेस हैरिस को टीम में जगह दी गई है, तो सदरलैंड भी टीम में वापस आ गई हैं। 2009 से लगातार टी20 विश्व कप खेल रहीं एलिस पेरी विश्व कप में इस बार अपने 50 मैच पूरे करेंगी। निकोला कैरी 2020 के बाद अपना पहला टी20 विश्व कप खेलेंगी, तीन साल नेशनल टीम से बाहर रहने के बाद इस साल की शुरुआत में नेशनल टीम में लौटी हैं। अलाना किंग भी टीम में शामिल हैं।

विकेटकीपर-बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर शामिल किया गया है। उन्होंने मार्च में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के ग्रुप 1 में दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड के साथ रखा गया है। अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया 13 जून को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी।

**टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम:** सोफी मोलिनक्स (कप्तान), निकोला कैरी, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, लूसी हैमिल्टन, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहम।

# कोलकाता को तीसरा झटका, कैमरन ग्रीन 32 रन बनाकर आउट

**रायपुर।** आज आईपीएल 2026 का 57वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच रायपुर में खेला जा रहा है। आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। कोलकाता को तीसरा झटका रसिख सलाम ने दिया। उन्होंने कैमरन ग्रीन को बोल्ड किया। वह 32 रन बनाकर आउट हुए। अब रिंकू सिंह आए हैं।

नौ ओवर का खेल पूरा हो चुका है और कोलकाता ने दो विकेट पर 76 रन बना लिए हैं। अंगकृष रघुवंशी और कैमरन ग्रीन क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 28 रनों की साझेदारी हो चुकी है। केकेआर को दूसरा झटका हेजलवुड ने दिया। उन्होंने रहाणे को कॉट एंड बोल्ड किया। वह 13 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए। अब रघुवंशी का साथ देने कैमरन ग्रीन आए हैं।



23 के स्कोर पर कोलकाता को पहला झटका भुवनेश्वर कुमार ने दिया। उन्होंने फिन एलन को अपना शिकार बनाया। वह आठ गेंदों में 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब रहाणे का साथ देने अंगकृष रघुवंशी आए हैं। कोलकाता की पारी शुरू हो चुकी है। फिन एलन और अजिंक्य रहाणे क्रीज पर हैं।

आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। कप्तान रजत पाटीदार ने बताया कि रोमारियो शेफर्ड की जगह वेंकटेश अय्यर को मौका मिला है। वहीं, केकेआर के खेमे में वरुण चक्रवर्ती की जगह सौरभ दुबे की एंट्री हुई है।

रायपुर में फिलहाल बारिश रुकी हुई है। आईपीएल के आधिकारिक प्रसारणकर्ता जियोहॉटस्टार के मुताबिक, टॉस 8:30 बजे होगा और मुकाबला 8:45 बजे शुरू होगा। ओवर्स में कोई कटौती नहीं होगी। फिलहाल रायपुर में बारिश रुक गई है, और मैदानकर्मी कवर्स को हटा रहे हैं। अंपायर 8:15 बजे मैदान का निरीक्षण करेंगे। टॉस में देरी हो रही है।

आरसीबी और केकेआर के बीच खेले जाने वाले मुकाबले पर बारिश का साया है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, फिलहाल रायपुर में तेज बारिश हो रही है, जिससे टॉस में देरी हो सकती है। मैदान को पूरी तरह कवर किया गया है।

दोनों टीमों के बीच आईपीएल इतिहास में अब तक कुल 36 मैच खेले गए हैं, जिसमें केकेआर का पलड़ा भारी रहा है। नाइट राइडर्स ने 20 मुकाबलों में जीत हासिल की है, जबकि 15 मैच आरसीबी ने अपने नाम किए। एक मुकाबला बेनतीजा रहा है।

दूसरी तरफ, केकेआर को सीजन के शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा। यह टीम शुरुआती 6 में से एक भी मैच अपने नाम नहीं कर सकी थी। प्वाइंट्स टेबल में निचले पायदान के करीब रहने के बाद, केकेआर ने लगातार चार जीत के साथ जोरदार वापसी की है और अब वे टॉप-चार में जगह बनाने के प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। केकेआर 10 में से 4 मुकाबले जीतकर प्वाइंट्स टेबल में 8वें स्थान पर मौजूद है। इस टीम के पास 9 अंक हैं।

मौजूदा चैंपियन आरसीबी इस सीजन 11 में से 7 मैच जीतकर 14 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर मौजूद है। यह टीम पिछले 3 में से 1 मुकाबला अपने नाम कर सकी है। हालांकि, मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2 विकेट से जीत ने टीम के मनोबल को बढ़ाया है। प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर मौजूद केकेआर इस मुकाबले को जीतकर प्लेऑफ में अपनी जगह बनाने का लक्ष्य रखेगी। आरसीबी इस मैच को जीतकर प्लेऑफ का टिकट लगभग पक्का कर लेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 57वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी। यह मुकाबला शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाना है। कोलकाता को तीसरा झटका, कैमरन ग्रीन 32 रन बनाकर आउट; रसिख सलाम को मिली सफलता।

# पाकिस्तान टीम में फिर होगा बदलाव : शान मसूद से छिन सकती है टेस्ट कप्तानी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद पीसीबी पाकिस्तान की कप्तानी में बदलाव की तैयारी कर रहा है। शान मसूद के प्रदर्शन पर सवाल उठ रहे हैं और उनकी जगह बाबर आजम को एक बार फिर टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपने की चर्चाएं हैं।



बाबर आजम को एक बार फिर पाकिस्तान टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है। बांग्लादेश के खिलाफ ढाका टेस्ट में 104 रन की शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मौजूदा टेस्ट कप्तान शान मसूद की कप्तानी और प्रदर्शन दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के भीतर बाबर आजम को दोबारा टेस्ट कप्तान बनाने की चर्चा तेज हो गई है। पाकिस्तान टीम अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में इस साल सात और टेस्ट मैच खेलने वाली है और बोर्ड अनुभवी नेतृत्व के पक्ष में दिखाई दे रहा है। दिसंबर 2023 में टेस्ट कप्तानी संभालने के बाद से शान मसूद के नेतृत्व में पाकिस्तान ने 15 में से 11 टेस्ट मैच गंवाए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भी मसूद बल्ले से पूरी तरह फ्लॉप रहे और दोनों पारियों में बड़ा स्कोर नहीं बना सके। टीम की हार के बाद पाकिस्तान में पूर्व खिलाड़ियों और क्रिकेट विशेषज्ञों ने कप्तानी में बदलाव की मांग तेज कर दी है।

बाबर आजम घुटने की चोट के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे, लेकिन 18 मई से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी वापसी की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि यदि बाबर दूसरे टेस्ट में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो कप्तानी की दौड़ में उनकी दावेदारी और मजबूत हो जाएगी। टीम के भीतर भी कई खिलाड़ी बाबर को फिर से टेस्ट कप्तान बनाए जाने के समर्थन में बताए जा रहे हैं।

### पीसीबी में नई भूमिका निभा सकते हैं मसूद

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शान मसूद खुद भी पहले टेस्ट में मिली हार से काफी निराश हैं और अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में स्थायी भूमिका निभाने पर विचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पिछले साल उन्हें डायरेक्टर ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेट एंड प्लेयर अफेयर्स का पद ऑफर किया था, लेकिन मसूद ने तब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र पूरा करने का फैसला किया था।

### पीसीबी के कुछ अधिकारी भी पक्ष में

सूत्रों के अनुसार, पीसीबी के कुछ प्रभावशाली अधिकारी मानते हैं कि यह बाबर आजम को फिर से कप्तानी सौंपने का सही समय है। बोर्ड भविष्य में उन्हें वनडे टीम की कप्तानी भी दोबारा देने पर विचार कर सकता है, खासकर अगले साल होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए। बाबर आजम 2019 से 2023 तक पाकिस्तान टीम के तीनों फॉर्मेट के कप्तान रह चुके हैं। हालांकि 2023 वनडे विश्व कप के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी थी। बाद में उन्हें 2024 टी20 विश्व कप के लिए फिर कप्तान बनाया गया, लेकिन खराब प्रदर्शन के बाद उन्होंने दोबारा पद छोड़ दिया।

# सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ 82 रन की करारी हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान पैट कमिंस पर धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी भी बुरी तरह फ्लॉप रही और टीम सिर्फ 86 रन पर सिमट गई।



सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'यह इस सीजन में उनकी टीम का न्यूनतम ओवर रेट नियम के तहत पहला अपराध था, इसलिए कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।' 169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में Travis Head को शून्य पर आउट कर दिया। इसके बाद कगिसो रबाडा ने अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और स्मरण रविचंद्रन को आउट कर सनराइजर्स का स्कोर 32/4 पर ला दिया। टीम लगातार विकेट गंवाती रही और सिर्फ 14.5 ओवर में 86 रन पर ऑलआउट हो गई।

कप्तान कमिंस ने अंत में कुछ बड़े शॉट लगाए और नौ गेंदों में 19 रन बनाए, जिसमें एक चौका और दो छक्के शामिल रहे। लेकिन उनका यह प्रयास टीम को शर्मनाक हार से नहीं बचा सका। इस भारी हार से सनराइजर्स के नेट रन रेट को बड़ा नुकसान पहुंचा है। हालांकि टीम अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, लेकिन टॉप-2 में जगह बनाने के लिए आने वाले मुकाबलों में दमदार वापसी करनी होगी। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह मैच हर लिहाज से खराब रहा। बल्लेबाजी फ्लॉप हुई, टीम बड़ी हार झेली और कप्तान पर जुर्माना भी लगा। अब कमिंस एंड कंपनी को जल्दी संभलना होगा, वरना प्लेऑफ की राह मुश्किल हो सकती है।

## पीआर श्रीजेश के बाद कौन हो सकता है भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कोच? फ्रेडरिक सोयेज का नाम चर्चा में

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम को जल्द ही नया मुख्य कोच मिल सकता है। फ्रांस के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और अनुभवी कोच फ्रेडरिक सोयेज को टीम इंडिया की अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम का अगला मुख्य कोच बनाए जाने की संभावना है। वह पूर्व भारतीय गोलकीपर और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पी.आर. श्रीजेश की जगह ले सकते हैं।

श्रीजेश ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद हॉकी इंडिया ने विदेशी कोच को प्राथमिकता दी। गौरतलब है कि उनके मार्गदर्शन में भारतीय जूनियर टीम ने चेन्नई में आयोजित 2025 जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। हालांकि, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इन आरोपों को खारिज किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रीजेश का कार्यकाल दिसंबर 2025 में समाप्त हो चुका था। इसके बाद उन्हें भारत 'ए' टीम के कोच या सीनियर टीम के गोलकीपिंग कोच का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया।




# पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत का बड़ा इनाम, बांग्लादेशी खिलाड़ियों की आईसीसी रैंकिंग में लंबी छलांग

**दुबई।** पाकिस्तान पर 104 रन की ऐतिहासिक जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो, मुशफिकुर रहीम, मोमिनुल हक समेत कई खिलाड़ियों ने लंबी छलांग लगाई है। इस जीत के बाद बांग्लादेश ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में भी पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है।



बांग्लादेश ने मीरपुर टेस्ट में पाकिस्तान को 104 रन से हराकर इतिहास रच दिया। इस शानदार जीत के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बड़ा फायदा मिला है। यह मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में बांग्लादेश की पहली जीत भी है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने इस जीत के सबसे बड़े नायक रहे। उन्होंने पहली पारी में शतक लगाया और दूसरी पारी में अहम 87 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच बने शांतो आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 16 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

मुशफिकुर रहीम ने मैच में 71 और 22 रन बनाए, जिसके बाद वह दो स्थान ऊपर चढ़कर 26वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं मोमिनुल हक ने 91 और 56 रन की पारियां खेलीं। इसका फायदा उन्हें 12 स्थान की छलांग के रूप में मिला और अब वह 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने दोनों पारियों में दो-दो विकेट लिए। वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने दूसरी पारी में 5/92 का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद वह पांच स्थान ऊपर चढ़कर 64वें नंबर पर पहुंच गए हैं। हालांकि पाकिस्तान को हार मिली, लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास के लिए अच्छी खबर आई है। पहली पारी में 5/92 लेने के बाद वह आईसीसी रैंकिंग में दोबारा लौटे हैं और 28वें स्थान पर पहुंचे हैं। वहीं डेब्यू करने वाले अब्दुल्लाह फजल और अजैन अवैस भी रैंकिंग में क्रमशः 75वें और 82वें स्थान पर शामिल हुए हैं। इस दमदार जीत के बाद बांग्लादेश ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है। यह जीत टीम के आत्मविश्वास और भविष्य दोनों के लिए बेहद अहम मानी जा रही है।




## आईपीएल में रनों के लिहाज से गुजरात टाइटंस की सबसे बड़ी जीत

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को एकतरफा अंदाज में हराया। गुजरात ने इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी की और रनों के लिहाज से टूर्नामेंट में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रनों के बड़े अंतर से हराया। गुजरात की आईपीएल में रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम ने इसी सीजन में राजस्थान रॉयल्स को 77 रनों से हराया था। इस जीत के साथ ही गुजरात की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है और उसने प्लेऑफ के लिए अपना दावा बेहद मजबूत कर लिया है। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 14.5 ओवर में 86 रन पर ही ऑलआउट हो गई। हैदराबाद का आईपीएल में यह न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले, 2019 में टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ 96 रन पर ढेर हुई थी।

हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान पैट कमिंस ने बनाए जो 19 रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद के सिर्फ चार बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके। गुजरात के लिए रबाडा और होल्डर ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को दो और मोहम्मद सिराज तथा राशिद खान को एक-एक विकेट मिला। दिलचस्प बात यह है कि गुजरात के लिए इस मैच में सभी गेंदबाजों को सफलता मिली। इस जीत के साथ ही गुजरात के 12 मैचों में आठ जीत और चार हार के साथ 16 अंक हो गए हैं। गुजरात टाइटंस की टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

## आयात शुल्क बढ़ने से सोना 8550 रुपये और चांदी 20500 रुपये महंगी, बाजार में अफरातफरी

**नई दिल्ली।** आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी के बाद 13 मई को सोने की कीमतें 8,550 रुपये और चांदी 20,500 रुपये उछली। सरकार ने गैर-जरूरी आयात कम करने के लिए शुल्क 6% से बढ़ाकर 15% किया। जानें बाजार पर इसका असर, निवेशकों की राय और आगे की चुनौतियां।



सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया, जिसके बाद बुधवार, 13 मई को स्थानीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। सोने का दाम 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी 20,500 रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त वृद्धि हुई। यह बढ़ोतरी सरकार के गैर-जरूरी आयात को कम करने के फैसले का सीधा परिणाम है।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, दिल्ली के बाजारों में चांदी का दाम 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो पिछली बंद कीमत 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5 फीसदी से अधिक है। सरकार ने बुधवार को सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया। प्लेटिनम पर भी आयात शुल्क 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 15.4 फीसदी किया गया है। ये नई दरें बुधवार से ही प्रभावी हो गई हैं।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो०- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।